जबलपुर
शुक्रवार 13 नवंबर 2026
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष-4
वर्ष : 21, अंक : 188
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 25
न्यून.14

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

आज 1.24 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में आएंगे 1,831 करोड़ रुपए

पिछोर से सीएम यादव लाड़ली बहना की 42 वीं किस्त भेजेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार 13 नवंबर को शिवपुरी जिले के पिछोर से प्रदेश की 1 करोड़ 24 लाख 81 हजार 550 पात्र महिलाओं के बैंक खातों में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 42 वीं किस्त के रूप में 1,831 करोड़ 77 लाख रुपए से अधिक की राशि का अंतरण करेंगे। मुख्यमंत्री इस अवसर पर शिवपुरी जिले में 221 करोड़ रुपए से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन भी करेंगे। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत जून 2023 में लगभग सवा करोड़ महिलाओं को प्रथम किस्त का अंतरण किया गया था। अक्टूबर तक योजना की 41 मासिक किस्तों के माध्यम से पात्र महिलाओं के खातों में 67 हजार 230 करोड़ 96 लाख रुपए की राशि अंतरित की जा चुकी है। नवंबर 2026 में 42 वीं किस्त के अंतरण के बाद योजना के प्रारंभ से कुल आर्थिक सहायता राशि बढ़कर लगभग 69 हजार 50 करोड़ 28 लाख रुपए हो जाएगी। योजना के अंतर्गत नियमित मासिक आर्थिक सहायता के अतिरिक्त अगस्त 2023, अगस्त 2024, अगस्त 2025 और अगस्त 2026 में चार अवसरों पर पात्र महिलाओं को 250 रुपए की विशेष आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई है।



जून 2023 से अब तक 69 हजार करोड़ रुपए से अधिक की सहायता

केस डायरी, जांच रिपोर्ट और चार्जशीट बनाने तक बड़े-बड़े काम संभालेगी तकनीक

हैदराबाद के पास पंजागुट्टा पुलिस स्टेशन बनेगा देश का पहला एआई पुलिस थाना

अगले महीने दिसंबर में पायलट प्रोजेक्ट के तहत भारत के पहले एआई पुलिस स्टेशन का कामकाज शुरू हो सकता है

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

सरकारी विभागों में अब एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। तेलंगाना में हैदराबाद के पास पंजागुट्टा पुलिस स्टेशन को भारत के पहले एआई बेस्ड पुलिस स्टेशन के तौर पर तैयार किया जा रहा है। अगले महीने दिसंबर में पायलट प्रोजेक्ट के तहत भारत के पहले एआई पुलिस स्टेशन का कामकाज शुरू हो सकता है जिसमें शिकायत दर्ज करने से लेकर चार्जशीट बनाने तक जरूरी कामों में एआई का उपयोग किया जाएगा। एआई के क्षेत्र में भले ही मुख्य प्रतिस्पर्धा अमेरिका और चीन के बीच होती है, लेकिन इस तकनीक को अपनाने में भारत बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की ग्लोबल एआई वाइब्रेंसी रिपोर्ट में भारत तीसरे स्थान पर है।

अलग खबर



एआई फोटो

10 भाषाओं में शिकायत देने की सुविधा: इस पुलिस स्टेशन में कई सुविधाओं को पहले ही शुरू कर दिया गया है। इन्हीं में से एक है सेतु कियोस्क। इसकी मदद से लगभग 10 भाषाओं में इस पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

प्रमुख कामों में एआई का उपयोग

हैदराबाद पुलिस कमिश्नर सज्जनार ने हाल ही में इस पुलिस स्टेशन का निरीक्षण किया। अगले महीने डीजीपी सीवी आनंद, पायलट प्रोजेक्ट के रूप में पंजागुट्टा पुलिस स्टेशन के कामकाज में एआई के यूज की शुरुआत करेंगे। दावा है कि इस पुलिस स्टेशन को देश के पहले एआई-बेस्ड पुलिस स्टेशन के तौर पर डेवलप किया जा रहा है। पुलिस स्टेशन के कामकाज में एआई का शामिल किया जा रहा है, ताकि पुलिसकर्मियों और आम नागरिकों दोनों को फायदा मिले। आने वाले दिनों में इस स्टेशन में शिकायत दर्ज करने से लेकर केस डायरी बनाने, जांच रिपोर्ट तैयार करने और चार्जशीट फाइल करने से कामों में एआई का उपयोग होगा।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखो
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

डॉलर की मजबूती से रुपया 94.04 पर पहुंचा

मुंबई। अमेरिकी डॉलर में मजबूती के बीच भारतीय रुपया 33 पैसे टूटकर 94.04 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। बुधवार को रुपया 93.71 प्रति डॉलर पर रहा था। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 93.73 प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान 93.62 के उच्चतम तथा 94.06 के निचले स्तर तक पहुंचा।



खुदरा महंगाई दर बढ़कर 6.09% पर

नई दिल्ली। देश में महंगाई ने आम आदमी की चिंता बढ़ा दी है। अक्टूबर में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 6.09% पर पहुंच गई, जबकि सितंबर में यह 5.54% थी। दो साल में पहली बार महंगाई दर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की 6% की ऊपरी सीमा से पार हुई है। लगातार 12वें महीने महंगाई में बढ़ोतरी दर्ज की गई।



अमिताभ के बंगले को बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई। अभिनेता अमिताभ बच्चन के बंगले जलसा, छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, महापौर कार्यालय और पंजाब नेशनल बैंक को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। वहीं, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी जान से मारने की धमकी मिली। आरोपी ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताकर सात करोड़ की फिरौती मांगी थी।



इस समारोह में हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने भी शिरकत की

दीपावली मिलन समारोह में मीडिया से बोले प्रधानमंत्री मोदी

भारत की सफलता की प्रेरक कहानियां दुनिया तक पहुंचाएं



रेल मंत्री वैष्णव के साथ डॉ. हिमांशु द्विवेदी

पीएम ने कहा कि कोई फिल्म भी दुनिया में किसी देश की छवि बदल सकती है। इसलिए भारतीय कंटेंट में देश की उपलब्धियों, गौरव और सकारात्मक पक्ष को जगह मिलनी चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आज के दौर में किसी देश की पहचान सिर्फ उसकी आर्थिक ताकत या विकास से नहीं, बल्कि दुनिया के सामने उसकी कहानी किस तरह पेश की जाती है, इससे भी बनती है। भारत के पास युवाओं की प्रतिभा, नई उपलब्धियां और दुनिया को बताने के लिए कई सकारात्मक कहानियां हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मीडिया से अपील की कि वह अपनी संवाद की ताकत का इस्तेमाल दुनिया तक भारत की सफलता की कहानियां पहुंचाने में करे। उन्होंने नशे के खिलाफ देश की लड़ाई में भी मीडिया से सहयोग मांगा।पीएम मोदी ने दिल्ली में भाजपा मुख्यालय पर आयोजित दीपावली मिलन समारोह में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। यह आजादी की 100वीं वर्षगांठ का साल होगा। उन्होंने कहा कि मीडिया को भी इस लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए देश की क्षमता, उपलब्धियों और लोगों की सफलताओं को सामने लाना चाहिए।



नशे के खिलाफ लड़ाई में भी करें मदद

मंच पर राजनाथ, पीएम मोदी, नवीन और शाह

- 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य का जिक्र किया
- दिल्ली में भाजपा मुख्यालय पर आयोजित हुआ दीपावली मिलन समारोह

अब विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य असंभव नहीं

पीएम ने कहा कि जब किसी काम की समय-सीमा तय होती है तो प्राथमिकताएं, काम करने का तरीका और रफ्तार बदल जाती है। देश भी 2047 की समय-सीमा को ध्यान में रखकर काम कर रहा है। उन्होंने भरोसा जताया कि भारत की मौजूदा उपलब्धियों को देखते हुए विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य असंभव नहीं है। प्रधानमंत्री ने मीडिया क्षेत्र में डेडलाइन का जिक्र करते हुए कहा कि यह बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह बात व्यक्ति, संस्था, देश तीनों पर लागू होती है। उन्होंने कहा, आज हमारा देश भी एक डेडलाइन के साथ काम कर रहा है।

दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप ईकोसिस्टम बनाया हमने

उन्होंने भारत के विकास का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ने 12 सालों में अपनी सोलर जनरेशन कैपेसिटी 50 गुना बढ़ाई है। भारत ने 12 सालों में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप ईकोसिस्टम तैयार किया है। पीएम मोदी ने इन उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा, जब हम इतना कुछ कर सकते हैं तो विकसित भारत का सपना भी पूरा कर सकते हैं।

एनडीए सरकार गरीबी दूर सरने में सफल रही

कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने अपनी सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि एनडीए सरकार देश से गरीबी दूर करने में सफल रही है।

दीवार में किया छेद, गैस कटर से तिजोरी काटी

कटनी में ज्वेलरी शोरूम से 12 करोड़ रु. के जेवर चोरी

- दिवाली के लिए रखा था अतिरिक्त स्टॉक
- छह से अधिक आरोपियों के शामिल होने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बरगवां स्थित किसना ज्वेलर्स शोरूम में बदमाशों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। शोरूम की पिछली दीवार में करीब पौने दो फीट का छेद कर अंदर घुसे बदमाश लगभग 12 करोड़ रुपए के सोने और हीरे के आभूषण चोरी कर ले गए। वारदात के दौरान बदमाशों ने गैस कटर से तिजोरी काटी और उसमें रखे जेवर निकाल लिए। दिवाली के कारण शोरूम में सामान्य दिनों की तुलना में अधिक आभूषण रखे गए थे। शोरूम संचालक मोहन बजाज के मुताबिक बदमाशों ने दीवार तोड़ने के बाद उसके नीचे पत्ते बिछा दिए थे। इसका मकसद अंदर घुसते समय और ऑक्सीजन सिलेंडर को भीतर ले जाते वक्त होने वाली आवाज को दबाना था। शुरुआती जांच के अनुसार वारदात 12 नवंबर की सुबह 4 से 7 बजे के बीच हुई। पुलिस को लाल पहाड़ी से बड़ा ऑक्सीजन सिलेंडर, घरेलू गैस सिलेंडर, गैस कटर, तीन पेचकस, एक पाना, पानी की खाली बोतलें और कुछ कपड़े मिले हैं। स्निफर डॉग भी शोरूम से लाल पहाड़ी की तरफ गया था। वारदात को अंजाम देने के तरीके से छह से अधिक आरोपियों के शामिल होने की आशंका है।



दीवार तोड़कर घुसे बदमाश

सुरक्षा गार्ड से पूछताछ

एसपी अभिनव विश्वकर्मा ने बताया कि शोरूम और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है। फॉरेंसिक और फिंगरप्रिंट विशेषज्ञों ने मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। सुरक्षा गार्ड भागवत तिवारी को पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया है। संचालक ने बताया कि शोरूम इसी साल जून में शुरू हुआ था। यहां रखे सभी आभूषणों का बीमा कराया गया था।

यौन उत्पीड़न के आरोपों पर कार्रवाई

अखाड़ा श्री निरंजनी ने इंद्रदेव से महामंडलेश्वर पद छीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन



■ महिला ने रेप की दर्ज कराई थी शिकायत

स्वामी इंद्रदेव महाराज को पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी ने महामंडलेश्वर पद से हटा दिया है। मुंबई की एक महिला ने उनके खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई थी। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष और अखाड़े के सचिव रवींद्र पुरी ने कार्रवाई की पुष्टि की है। पुरी के मुताबिक इंद्रदेव को अखाड़े ने महामंडलेश्वर बनाया था।

दिलजीत कॉन्सर्ट धमकी केस

देवास के युवक की हैक आईडी से भेजा था ईमेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



■ अमेरिकी आईपी एड्रेस का मिला सुराग

पंजाबी गायक और अभिनेता दिलजीत दोसांझ के 15 नवंबर को इंदौर में होने वाले लाइव कॉन्सर्ट को बम धमाके से उड़ाने की धमकी के मामले में पुलिस को अहम सुराग मिला है। जांच में सामने आया कि धमकी भरा एक ईमेल देवास के युवक निखिल गुप्ता की हैक की गई ईमेल आईडी से भेजा गया था। उसका अकाउंट इसी साल मार्च-अप्रैल में हैक हुआ था।

सड़क किनारे बस का इंतजार कर रहे थे

मुरैना में बस ने पिता-पुत्र को कुचला, दोनों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना



■ वृद्धा गंभीर हालत में ग्वालियर रेफर

सबलगढ़-मुरैना नेशनल हाईवे पर कुल्होली मोड़ के पास बुधवार दोपहर तेज रफ्तार बस ने सड़क किनारे खड़े एक ही परिवार के तीन लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में पिता-पुत्र की मौत हो गई, जबकि वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें उपचार के लिए ग्वालियर रेफर किया गया है। नंदापुरा निवासी लोहरी बाई (60) अपने नाती लवकुश (14) के साथ पंचमपुरा जाने के लिए कुल्होली मोड़ पर बस का इंतजार कर रही थीं।

दो महिलाओं से कथित संबंधों और चीनी जासूसी के आरोपों ने बढ़ाया संकट

एनवीडिया के सीईओ जेन्सन हुआंग का इस्तीफा, 33 साल बाद छोड़ा पद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चिप बनाने वाली दुनिया की दिग्गज कंपनी एनवीडिया में बड़ा नेतृत्व परिवर्तन हुआ है। कंपनी के सह-संस्थापक और करीब 33 साल से सीईओ का पद संभाल रहे जेन्सन हुआंग ने इस्तीफा दे दिया है। उनके इस फैसले के पीछे हनीट्रैप विवाद और कथित व्यक्तिगत संबंधों को लेकर उठे सवालों को प्रमुख वजह माना जा रहा है। 63 वर्षीय हुआंग के खिलाफ दो महिलाओं से कथित विवाहेतर संबंधों और उनमें से एक के चीनी खुफिया एजेंसियों से जुड़े होने के आरोप सामने आए थे।



- बोर्ड की बैठक के बाद नेतृत्व में बदलाव
- उत्तराधिकारी को लेकर अटकलें तेज

अब कोलेट क्रेस अंतरिम सीईओ

कंपनी ने नए लीडरशिप की व्यवस्था का भी ऐलान कर दिया है। कंपनी की कमान मौजूदा सीएफओ कोलेट क्रेस संभालेंगी। उन्हें अंतरिम सीईओ बनाया गया है। वहीं, कंपनी ने स्थायी सीईओ की तलाश भी शुरू कर दी है।



होटल का 70 हजार से ज्यादा का था बिल

रिटायर्ड डीएसपी के इंजीनियर बेटे की होटल की चौथी मंजिल से गिरकर मौत



नौकरी छोड़कर खुद का कारोबार शुरू करने की तैयारी में था राजकुमार यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

निपानिया स्थित त्रिवेणा होटल में बुधवार देर रात चौथी मंजिल से गिरने पर 46 वर्षीय सॉफ्टवेयर इंजीनियर राजकुमार यादव की मौत हो गई। वह पिछले डेढ़ महीने से पत्नी सरवरी बेगम और 8 साल की बेटी के साथ होटल के कमरा नंबर 401 में रह रहे थे। होटल का बिल 70 हजार रुपए से अधिक हो चुका था। बुधवार शाम पत्नी बेटी को लेकर कोलकाता रवाना हो गई थी। उसने राजकुमार से वहां पहुंचने के बाद रुपए भेजने की बात कही थी। रात करीब 2 बजे होटल के पीछे खाली प्लॉट में राजकुमार का शव मिला। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पत्नी के मुताबिक, राजकुमार प्लॉट बेचने से मिलने वाली रकम का इंतजार कर रहे थे। इसी से होटल का बकाया चुकाने और अपना कारोबार शुरू करने की योजना थी। वह कुछ समय पहले सॉफ्टवेयर इंजीनियर की नौकरी छोड़ चुके थे। परिवार दिसंबर 2025 से अलग-अलग होटलों और किराए के मकानों में रह रहा था। पुलिस को होटल के एक कैमरे में राजकुमार रात करीब एक बजे कमरे से छत की ओर जाते दिखाई दिए हैं।

क्लीनिकल एक्सीलेंस और एआई का होगा अनूठा संगम

मकसद-मेडिकल ग्रेजुएट्स न केवल बेहतरीन डॉक्टर बनें बल्कि इनोवेटर्स भी बनें

आईआईटी खड़गपुर में इंजीनियरिंग के साथ होगी डॉक्टरी की पढ़ाई, नीट पीजी से मिलेगा दाखिला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) का नाम आते ही जेहन में सबसे पहले देश के बेहतरीन इंजीनियर्स और टेक्नोलॉजी इनोवेटर्स की तस्वीर उभरती है। लेकिन, अब यह तस्वीर बदलने जा रही है। देश के सबसे पहले और प्रतिष्ठित संस्थान आईआईटी खड़गपुर ने एक ऐतिहासिक पहल करते हुए मेडिकल शिक्षा की दुनिया में बड़ा कदम रखा है। यह राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) से

विशेष खबर

देश में यह होगा पहली बार



मान्यता प्राप्त पोस्टग्रेजुएट मेडिकल डिग्री (एमडी) प्रोग्राम शुरू करने वाला देश का पहला आईआईटी बन गया है। शैक्षणिक सत्र 2026-27 से संस्थान अपने डॉ. बीसी रॉय मल्टी-स्पेशियलिटी मेडिकल रिसर्च सेंटर में एमडी छात्रों के पहले बैच का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस पहल के साथ ही आईआईटी सिस्टम में पीजी मेडिकल एजुकेशन के एक नए दौर की शुरुआत हो गई है। इस ऐतिहासिक शुरुआत पर आईआईटी खड़गपुर के निदेशक सुमन चक्रवर्ती ने संस्थान के विजन को साझा किया। उन्होंने कहा कि देश का पहला आईआईटी अब मेडिकल एजुकेशन के भविष्य को आकार देने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हमारा उद्देश्य केवल विशेषज्ञ डॉक्टर तैयार करना नहीं है।

इन 6 विषयों में होगी एमडी की पढ़ाई

आईआईटी इतिहास के इस पहले पोस्टग्रेजुएट मेडिकल बैच के लिए संस्थान ने कुल 6 विषयों में एमडी प्रोग्राम शुरू किए हैं। हर विषय में 2-2 सीटें निर्धारित की गई हैं (कुल 12 सीटें)

- जनरल मेडिसिन: 2 सीटें
- रेडियोलॉजी: 2 सीटें
- फिजियोलॉजी: 2 सीटें
- पैथोलॉजी: 2 सीटें
- कम्युनिटी मेडिसिन: 2 सीटें
- बायोकेमिस्ट्री: 2 सीटें

राज्यपाल भी पहुंचेंगे, सीएम डॉ. मोहन गांवों में ग्रामीणों से करेंगे संवाद

बिरसा मुंडा जयंती पर मुख्यमंत्री 15 को धार में करेंगे रोड-शो

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 15 नवंबर को धार पहुंचेंगे भगवान बिरसा मुंडा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव धार जिले में रोड शो भी करेंगे। रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री क्षेत्रीय ग्रामीणों के बीच जायेंगे और उनसे संवाद कर शासकीय योजनाओं के लाभ प्रदाय का फ़ीडबैक भी लेंगे। मुख्यमंत्री धार जिले में मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना के तहत पात्र पट्टेधारियों के प्लॉट और मकान की रजिस्ट्री का अपने समक्ष निष्पादन भी कराएंगे।

धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जयंती (राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस) के अवसर पर राज्य सरकार 14, 15 एवं 16 नवंबर को त्रिदिवसीय जयंती समारोह मनाने जा रही है। इसके तहत राज्यपाल पटेल एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में 14 नवंबर को जबलपुर, 15 को धार एवं जोबट (जिला आलीराजपुर) और 16 नवंबर को खंडवा जिले में राज्य स्तरीय भव्य आयोजन होने जा रहा है। धार जिले में 15 नवंबर को होने वाले राज्यस्तरीय समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से कार्यक्रम में जुड़कर प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगे।

मुख्यमंत्री रजिस्ट्री योजना में स्वामित्व अधिकार पंजीयन का कराएंगे निष्पादन, धार को देंगे विकास कार्यों की सौगात


प्रतीकात्मक चित्र

धार और आलीराजपुर जिले के लगभग 1.26 लाख किसान होंगे लाभान्वित

धार जिले की 85 ग्राम पंचायतों में लगेंगी कृषि चौपाल और कृषि पाठशालाएं

धार में होगा विशेष कार्यक्रम

साथ ही धार जिलेवासियों को करोड़ों की लागत के विकास कार्यों की सौगात भी देंगे। भगवान बिरसा मुंडा जयंती को और भी विशेष बनाते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव 15 नवम्बर को ही 'डही माइक्रो लिफ्ट इरीगेशन प्रोजेक्ट' का लोकार्पण कर धार और आलीराजपुर जिले के किसानों को खेतों में सिंचाई के लिये नर्मदा जल का अनुपम उपहार देंगे।

47 हजार हेक्टे. भूमि होगी सिंचित

डही माइक्रो लिफ्ट इरीगेशन प्रोजेक्ट से धार जिले के 84 और अलीराजपुर के 42 गांवों की लगभग 47 हजार हेक्टेयर कृषि भूमि को रबी मौसम में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे लगभग 1 लाख 26 हजार किसान लाभान्वित होंगे। परियोजना के जरिए 166.51 मिलियन घनमीटर जल उद्वहन कर 47000 हेक्टेयर क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। संचालन के लिए 58.87 मेगावाट विद्युत मप्र पॉवर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड की ओर से कुक्षी तहसील क्षेत्र में स्थित 220 केवी अति उच्च दाब सुसारी सब-स्टेशन तथा जोबट स्थित 132 केवी सब-स्टेशन से विद्युत आपूर्ति की जाएगी।

एक सिंचाई परियोजना बदलेगी दो जिलों की तकदीर और तस्वीर

मप्र के जनजातीय अंचलों में विकास की नई इबारत लिखने और किसानों के खेतों में टेल एंड तक सिंचाई का पानी पहुंचाने की दिशा में राज्य सरकार का एक और महत्वपूर्ण प्रयास अब धरातल पर उतरने जा रहा है। सीएम 15 को जनजातीय बहुल धार जिले के पुलिस ग्राउंड डही में होने वाले राज्य स्तरीय आयोजन में नव निर्मित 'डही माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना' का लोकार्पण करेंगे। मां नर्मदा के जल से खेतों को सिंचित करने वाली यह परियोजना धार और आलीराजपुर 2 जिलों के कुल 126 गांवों के किसानों के लिए खेती-किसानी की समृद्धि और नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी।

ऊर्जा मंत्री तोमर ने दी जानकारी

उज्जैन में सदाबल सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट क्षेत्र से गुजरने वाली 132 केवी लाइन के 5 टावर होंगे शिफ्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सिंहस्थ-28 के मद्देनजर पारेषण नेटवर्क की सुरक्षा और रखरखाव

राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक सिंहस्थ-28 आयोजन के दौरान उज्जैन में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने और पारेषण नेटवर्क की सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से मप्र पावर ट्रांसमिशन कंपनी की ओर से महत्वपूर्ण विद्युत पारेषण लाइन के मार्ग में बदलाव किया जा रहा है। इसके तहत सदाबल सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट क्षेत्र से गुजरने वाली 132 केवी उज्जैन-रताड़िया ट्रांसमिशन लाइन के पांच टावरों को शिफ्ट करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि सदाबल सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट क्षेत्र के लगभग 1026 मीटर लंबाई और 686 मीटर चौड़ाई वाले हिस्से में 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन के पांच टावर स्थित हैं। यह क्षेत्र पानी में डूबा रहने के कारण इन टावरों और लाइन का नियमित रखरखाव करने में कठिनाइयां आती हैं। इसे देखते हुए एमपी ट्रांसको की ओर से पांचों टावरों को उपयुक्त वैकल्पिक स्थानों पर शिफ्ट किया जा रहा है। इससे लाइन के रखरखाव और मेंटेनेंस कार्य अधिक सुगमता से किए जा सकेंगे तथा पारेषण नेटवर्क की सुरक्षा और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

सिंहस्थ मेला क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण है लाइन

तोमर ने कहा कि सिंहस्थ जैसे बड़े आयोजन के दौरान उज्जैन में निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखना महत्वपूर्ण है। इसे ध्यान में रखते हुए एमपी ट्रांसको द्वारा पारेषण नेटवर्क की सुरक्षा, रखरखाव और विश्वसनीयता से जुड़े आवश्यक कार्य समय रहते किए जा रहे हैं, ताकि आयोजन के दौरान विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुचारु बनी रहे। यह 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन 220 केवी सबस्टेशन शंकरपुरा, उज्जैन से 132 केवी सबस्टेशन रताड़िया को जोड़ती है। रताड़िया सबस्टेशन सिंहस्थ मेला क्षेत्र के अंतर्गत आता है। उज्जैन शहर, सिंहस्थ क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति की दृष्टि से अहम इस लाइन का निर्माण वर्ष 1992 में किया गया था, जबकि सदाबल सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण वर्ष 2013-14 में हुआ था।

128 पर 'ब्रेक इन सर्विस', 14 निलंबित

हड़ताली पटवारियों पर प्रशासन का बड़ा एक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले में पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से प्रशासनिक कामकाज लगातार प्रभावित हो रहा है। जिले में पटवारी बीते 13 अक्टूबर से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर डटे हुए हैं। हड़ताल समाप्त कर काम पर लौटने के प्रशासनिक निर्देशों का असर न होने पर अब जिला प्रशासन ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बलरामपुर जिले में पटवारियों के कुल 200 स्वीकृत पद हैं, जिनमें से 150 पदों पर पटवारी कार्यरत हैं और शेष पद रिक्त हैं। इन कार्यरत 150 पटवारियों में से 133 पटवारी हड़ताल पर हैं, जबकि 17 पटवारी हड़ताल से अलग रहकर अपने नियमित कार्यों पर उपस्थित हैं। हड़ताल पर गए सभी 133 पटवारियों को प्रशासन की ओर से पहले कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन नोटिस अवधि बीत जाने के बाद भी एक भी पटवारी ने कार्यभार ग्रहण नहीं किया। इसे अनुशासनहीनता मानते हुए प्रशासन ने कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की है।

मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकेंगे, संशोधन भी होंगे

भोपाल। मप्र में विवाह के बाद यदि आपका निवास स्थान बदल गया है या आपका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, तो आपके पास अपना विवरण अपडेट कराने का सुनहरा अवसर है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे मतदाता जागरुकता अभियान के अंतर्गत स्वीप आइकॉन सारिका घारू ने इस संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की है। सारिका घारू ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मध्य प्रदेश में 12 नवंबर से मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण शुरू किया रहा है। इस प्रक्रिया के तहत ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी की जा रही है, जिसके बाद नागरिक 11 दिसंबर 2026 तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन के लिए आवेदन कर सकते हैं। घर बैठे इसीआईनेट एप की सहायता से ऑनलाईन भी आवेदन कर सकते हैं । इसके साथ ही इसके लिये कुछ विशेष शिविर में आयोजित किये जा रहे हैं।

बम की सूचना से स्टेशन पर अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब प्लेटफार्म नंबर-दो पर खड़ी यशवंतपुर-कोरबा एक्सप्रेस में बम होने की सूचना मिली। ट्रेन में विस्फोटक होने की खबर फैलते ही स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। यात्रियों के बीच दहशत की स्थिति पैदा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल तत्काल अलर्ट हो गए। एहतियात के तौर पर ट्रेन को प्लेटफार्म नंबर-दो पर ही रोक दिया गया। करीब 45 मिनट तक एक्सप्रेस ट्रेन स्टेशन पर खड़ी रही।

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी का माना आभार

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रबी सीजन 2026-27 के लिए फॉस्फेट एवं पोटाश उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को मंजूरी देने पर आभार माना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों और कच्चे माल की कीमतों के रुझानों को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस निर्णय से किसानों को डीएपी सहित पीएंडके श्रेणी के 28 प्रकार के उर्वरक रियायती दरों पर उपलब्ध हो जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे किसानों को कृषि लागत कम करने में सहायता मिलेगी। मुख्यमंत्री ने किसान हितैषी निर्णय के लिए मध्यप्रदेश के किसानों की ओर से प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

वर्ष 2026-27 में कृषक उन्नति योजना के तहत मिलेगा लाभ

प्रदेश के अन्नदाताओं को सौगातः धान उत्पादक किसानों को मिलेंगे प्रति एकड़ 13,839 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



शासन ने खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में कृषक उन्नति योजना के तहत धान उत्पादक किसानों को प्रति एकड़ 13,839 रुपए की आदान सहायता राशि देने का निर्णय लिया है। योजना का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाने, कृषि लागत का बोझ कम करने और उनके आर्थिक एवं सामाजिक स्तर में सुधार करना है।

योजना का लाभ उन किसानों को मिलेगा, जिन्होंने खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान विक्रय के लिए पंजीयन कराया है। इसके साथ ही एग्रीस्टैक में पंजीयन और बोए गए धान के रकबे का डिजिटल क्रॉप सर्वे होना अनिवार्य है। धान बीज उत्पादन में शामिल किसान भी योजना के पात्र होंगे। हालांकि, पंजीकृत ट्रस्ट, मंडल, प्राइवेट लिमिटेड कंपनी और शाला विकास समिति जैसी संस्थाओं को इसका लाभ नहीं मिलेगा। अनुदान का भुगतान कृषि भूमि सीलिंग कानून के प्रावधानों के अधीन किया जाएगा। योजना के तहत सहायता राशि डिजिटल क्रॉप सर्वे में सत्यापित धान के रकबे के आधार पर मिलेगी।

एग्रीस्टैक में पंजीयन अनिवार्य

कृषक उन्नति योजना का लाभ लेने के लिए एग्रीस्टैक में पंजीयन जरूरी है। धान विक्रय के लिए टोकन जारी कराते समय निर्धारित प्रारूप में आदान सहायता राशि प्राप्त करने के लिए आवेदन भी करना होगा। जिन क्षेत्रों में डिजिटल क्राप सर्वे का डाटा उपलब्ध नहीं है, वहां कलेक्टर की अनुमति से गिरदावरी के आधार पर सत्यापित रकबे के अनुसार सहायता दी जा सकेगी। राशि किसानों के आधार लिंक बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से जमा की जाएगी।



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की माता श्रीमती काशी बाई की स्मृति में हुआ त्रयोदशी एवं गंगाजली पूजन

राजनाथ सिंह, बिरला सहित चार राज्यों के सीएम ने भोपाल में अर्पित किए 'श्रद्धा सुमन'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय कृषिएवंकिसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की माता स्व. श्रीमती काशी बाई की स्मृति में गुरुवार को भोपाल में त्रयोदशी एवं गंगाजली पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, छग के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ ही छग के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा व अरूण साव समेत बड़ी संख्या में नेता भोपाल पहुंचे। इस मौके पर देश और प्रदेश के अनेक वरिष्ठ नेताओं ने भी भोपाल पहुंचकर दिवंगत काशीबाई को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। सभी नेताओं ने स्व. श्रीमती काशी बाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और शिवराज सिंह चौहान एवं उनके परिजनों को इस अपूरणीय क्षति पर ढांढस बंधाया।


राजनाथ, बिरला और तोमर


योगी आदित्यनाथ


नायब सैनी


विष्णुदेव साय

श्रीमती काशी बाई का 30 अक्टूबर को भोपाल स्थित एम्स में उपचार के दौरान दु:खद निधन हो गया था

सेना के साथ जंगल में गए थे

किश्तवाड़ से लापता दो एसपीओ के शव मिले हथियार भी गायब


रशपाल कुमार बाबी चंद

एजेंसी ▶▶ किश्तवाड़

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के मारवाह के जंगल में बुधवार शाम को लापता हुए जम्मू-कश्मीर पुलिस के दो एसपीओ के शव मिले हैं। दोनों शव गोलियों से छलनी हैं। उनके पास 60 राउंड वाली एक इंसास राइफल और 50 राउंड वाली एक 303 राइफल थी।

बारामूला के जंगल से 2 हैंड ग्रेनेड जब्त

बारामूला पुलिस ने बदरकूट के जंगलों में एरिया डोमिनेशन पेट्रोल के दौरान दो हैंड ग्रेनेड बरामद किए और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, सीआईसीटी एफटीआर बीएसएफ (112/06 बटालियन), 2 आरआर और सीआरपीएफ की 176वीं बटालियन के साथ संयुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने बदरकूट, टंगमर्ग निवासी गुलाम जीलानी रेशी नामक एक संदिग्ध व्यक्ति को बदरकूट के जंगल क्षेत्र से हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान एक हैंड ग्रेनेड बरामद किया।



विदेश से तलाक लेकर दूसरी शादी करने वालों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

भारतीय कानून में यह 'मान्य' नहीं दूसरी शादी पर चल सकता है केस

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि भारतीय कानून के तहत तलाक के आधार और प्रक्रिया पूरी करना जरूरी

नागरिकता बदलने से भी पहली शादी के दायित्व खत्म नहीं होंगे



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में शादी करने के बाद विदेश की अदालत से तलाक लेकर दूसरी शादी करना अब कानूनी मुश्किल खड़ी कर सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि भारतीय कानून के तहत हुई शादी केवल विदेशी अदालत से तलाक की डिक्री हासिल करने से समाप्त नहीं हो जाती। यदि विदेशी अदालत ने ऐसे आधार पर तलाक दिया है, जिसे भारतीय कानून मान्यता नहीं देता, तो भारत में पहली शादी कायम मानी जाएगी। ऐसी स्थिति में दूसरी शादी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ द्विविवाह (बिगैमी) का आपराधिक मुकदमा चल सकता है।

बड़ा फैसला

जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस चंद्रशेखर की पीठ ने कहा कि विदेशी तलाक को भारत में मान्यता मिलने के लिए सिविल प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) की धारा 13 की शर्तों पर खरा उतरना जरूरी है। अदालत ने साफ किया कि शादी के पूरी तरह टूट जाने (इर्रीट्रीवेबल ब्रेकडाउन) को भारत में हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 के तहत तलाक का स्वतंत्र वैधानिक आधार नहीं माना गया है।



विदेशी तलाक को भारत में मान्यता मिलने के लिए सिविल प्रक्रिया संहिता (सीपीसी) की धारा 13 की शर्तों पर खरा उतरना जरूरी

दूसरी शादी कानूनी कार्रवाई का आधार

पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि शादी के बाद पति या पत्नी किसी दूसरे देश की नागरिकता हासिल कर लें, तब भी भारत में हुई पहली शादी से जुड़े कानूनी दायित्व समाप्त नहीं होंगे। कोई व्यक्ति विदेशी तलाक के आधार पर दूसरी शादी करके भारतीय कानून से बच नहीं सकता। भारतीय कानून के मुताबिक पहली शादी समाप्त नहीं हुई है, तो वह वैध मानी जाएगी और दूसरी शादी कानूनी कार्रवाई का आधार बन सकती है।

विदेशी तलाक को मान्यता की जरूरी शर्तें

1. तलाक ऐसे आधार पर मिला हो, जिसे भारतीय कानून मान्यता देता है, जैसे क्रूरता, परित्याग, व्यभिचार या आपसी सहमति।
2. विदेशी अदालत का फैसला एकतरफा न हो। दूसरे जीवनसाथी को अपना पक्ष रखने का उचित अवसर मिला हो।
3. अदालत का फैसला प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप हो।
4. तलाक की डिक्री धोखाधड़ी से हासिल नहीं की गई हो।
5. विदेशी अदालत का फैसला भारतीय कानून के तहत निर्धारित कानूनी शर्तों का उल्लंघन न करता हो।

पीएम आज राष्ट्र को समर्पित करेंगे

पाताल लोक में भारत करेगा एलपीजी गैस का भंडारण

एजेंसी ▶▶ मंगलुरु

देश की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए कर्नाटक के मंगलुरु में धरती से करीब 160 मीटर नीचे देश की सबसे बड़ी भूमिगत एलपीजी भंडारण गुफा तैयार की गई है। चट्टानों को काटकर बनाई गई इस विशाल गुफा में 80 हजार मीट्रिक टन रसोई गैस का भंडारण किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी 13 नवंबर को इस महत्वाकांक्षी परियोजना को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। मंगलुरु के बाला इलाके में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) की यूनिट के नीचे इस भूमिगत भंडारण केंद्र का निर्माण किया गया है।


■ गुफा में स्टोर होगी 80 हजार मीट्रिक टन गैस

सरकार को दो-तिहाई बहुमत का भरोसा

परिसीमन बिल पारित कराने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाएगी सरकार



लोकसभा की सीटें 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार महिला आरक्षण लागू करने से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को पारित कराने के लिए जल्द ही संसद का विशेष सत्र बुला सकती है। प्रस्तावित संशोधन के तहत परिसीमन के जरिए लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों की संख्या बढ़ाकर अधिकतम 850 करने की योजना है। विधेयक पारित होने पर संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का रास्ता साफ हो जाएगा। सरकार इसे 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले लागू करना चाहती है। सरकार को भरोसा है कि विधेयक पारित कराने के लिए जरूरी संख्या उसके पास है। उसे उम्मीद है कि प्रस्ताव 15 से 18 वोटों के अंतर से पारित हो सकता है।

अपनी सास के देखने आ सकते हैं अमिताभ, हालांकि उनकी तबीयत भी नासाज

अंसल अपार्टमेंट श्यामला हिल्स में रहता है परिवार

जया बच्चन की मां इंदिरा भादुड़ी की सेहत बिगड़ी, पारुल अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वरिष्ठ अभिनेता अमिताभ बच्चन की सास और जया बच्चन की मां 95 वर्षीय इंदिरा भादुड़ी की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें पारुल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों के मुताबिक उन्हें एलर्जी से जुड़ी परेशानी है, फिलहाल उनकी स्थिति में सुधार बताया जा रहा है। इससे पहले अक्टूबर 2024 में भी इंदिरा भादुड़ी की तबीयत खराब हुई थी। उस समय जानकारी मिलने पर जया बच्चन और उनके बेटे अभिषेक बच्चन भोपाल पहुंचे थे। इंदिरा भादुड़ी भोपाल के श्यामला हिल्स स्थित अंसल अपार्टमेंट में रहती हैं। उनके पति तरुण कुमार भादुड़ी पत्रकार और लेखक थे। जया बच्चन उनकी तीन बेटियों में सबसे बड़ी हैं। जया की दोनों बहनें भी भोपाल में रहती हैं। बच्चन परिवार का भोपाल से पुराना जुड़ाव रहा है। अमिताभ, जया और अभिषेक कई मौकों पर परिवार के साथ भोपाल आ चुके हैं।



सास का 90वां जन्मदिन मनाने आए थे अमिताभ

अमिताभ बच्चन अपनी सास इंदिरा का 90वां जन्मदिन मनाने फरवरी 2020 में चार्टर्ड विमान से भोपाल आए थे। उनके साथ पत्नी जया, बेटा अभिषेक, बहू ऐश्वर्या, बेटी श्वेता नंदा बच्चन और पोती आराध्या भी थी।

अस्पताल पर इजराइल का हमला, 6 की मौत

काहिरा। दक्षिणी गाजा के नासिर अस्पताल को निशाना बनाकर इजराइल की ओर किए गए हवाई हमले में छह लोगों की मौत हो गई और कम से कम 12 अन्य घायल हो गए। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इजराइल की सेना के अनुसार, यह हमला गुरुवार तड़के चरमपंथी समूह हमास के एक आतंकवादी और अन्य चरमपंथियों को निशाना बनाते हुए किया। हमला अस्पताल के सर्जरी विभाग में हुआ और मृतकों में एक डॉक्टर भी शामिल है। इमारत की दूसरी मंजिल के कुछ हिस्से पूरी तरह नष्ट हो गए हैं।



नकली मुहर और नाम से हुआ खेल

फर्जी हाईकोर्ट आदेश से भारत में 'ब्लॉक' हुईं 129 बेटिंग वेबसाइट



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में 129 ऑनलाइन बेटिंग वेबसाइट को ब्लॉक करने के मामले में एक बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। इन वेबसाइट को हटाने के लिए दूरसंचार विभाग (डीओटी) को राजस्थान और इलाहाबाद हाईकोर्ट के नाम से दो कथित अदालती आदेश भेजे गए थे। दस्तावेजों पर कोर्ट की मुहर, राष्ट्रीय चिह्न और जज के नाम तक मौजूद थे। जांच में पता चला कि दोनों आदेश असली नहीं थे। इस खुलासे के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और मामले की जांच शुरू हो गई है। दूरसंचार विभाग ने 21 जुलाई और 2 सितंबर 2026 को इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स (आईएसपी) को दो बार वेबसाइट ब्लॉक करने के निर्देश दिए थे। पहली बार 34 और दूसरी बार 95 बेटिंग वेबसाइट को ब्लॉक करने के लिए कहा गया।

भारत के पंजाब को दहलाने की साजिश

गुरुद्वारे को खोलने के नाम पर आईएसआई ने चली नई चाल


लाहौर में टेंपल रोड स्थित गुरुद्वारा

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने भारत को दहलाने का नया प्लान बनाया है। आईएसआई के निशाने पर खास तौर पर पंजाब है। इसके लिए आईएसआई ने विदेशों में स्थित गुरुद्वारों और प्रवासी नेटवर्क के जरिए जाल बुना है। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि पाकिस्तान ने पंजाब को अशांत करने के लिए लाहौर में करीब 79 साल बाद एक ऐतिहासिक गुरुद्वारे को फिर से खोलने और एक और खास सिख धर्मस्थल को बड़ा करने का प्लान बनाया है। पाक की इस चाल का मकसद भारत और विदेशों में सिखों के बीच अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए धार्मिक पर्यटन को एक चैनल के रूप में इस्तेमाल करना है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत इस घटनाक्रम पर नजर बनाए हुए है।

भारत-म्यांमार नौसैनिक अभ्यास शुरू



विशाखापत्तनम। 8वां भारत-म्यांमार नौसैनिक अभ्यास (इमनेक्स-26) 10 से 14 नवंबर तक विशाखापत्तनम में आयोजित किया जा रहा है। म्यांमार नौसेना का जहाज यूएमएस किंग सिन फ्यु शिन और भारत के आईएनएस राणा और आईएनएस सुमेधा के साथ इस अभ्यास में भाग लेने के लिए 10 नवंबर को विशाखापत्तनम पहुंचा। आईएनएस राणा पर उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया, जिसके साथ ही इस द्विपक्षीय अभ्यास की शुरुआत हुई।

एनवीडिया सीईओ जेन्सन हुआंग के एक और नए अफेयर का दावा

कंपनी की वैल्यू 27 लाख करोड़ घटी

चीनी महिला के अलावा कंपनी की कर्मचारी किम्बली से संबंध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दुनिया की सबसे बड़ी चिप निर्माता कंपनी एनवीडिया के सीईओ जेन्सन हुआंग के दूसरे अफेयर के बारे में भी पता चला है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हुआंग का कंपनी की महिला अधिकारी किम्बर्ली पॉवेल के साथ अफेयर था। किम्बर्ली सीधे जेन्सन हुआंग को रिपोर्ट करती थीं। जेन्सन इससे पहले चीनी महिला एलिस हुआंग के साथ अफेयर की बात कबूल कर चुके हैं। एलिस पर चीनी जासूस होने का शक है। इस विवाद का असर कंपनी के शेयरों पर भी पड़ा है। कंपनी का मार्केट वैल्यूएशन 27 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा घट चुका है। एनवीडिया ने अब जेन्सन को सीईओ पद से हटा दिया है।

जिस चीनी महिला पर जासूसी का शक उसके साथ अफेयर की बात मानी


जेन्सन हुआंग और किम्बली पॉवेल

हेल्थकेयर बिजनेस की वीपी हैं किम्बली

किम्बर्ली पॉवेल ने 2008 में एनवीडिया में डायरेक्टर के तौर पर काम शुरू किया था। इसके बाद उन्होंने कंपनी में लगातार तरक्की की। अब वह हेल्थकेयर बिजनेस की वाइस प्रेसिडेंट हैं। शुरुआत में उनका काम मेडिकल इमेजिंग में एनवीडिया के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) चिप्स के इस्तेमाल को बढ़ावा देना था। एनवीडिया में आने से पहले पॉवेल एक इंजीनियर के तौर पर काम करती थीं। इसके बाद उन्होंने एक इलेक्ट्रॉनिक्स स्टार्टअप में प्रोडक्ट डेवलपमेंट का काम संभाला। इसी दौरान उन्होंने एनवीडिया से संपर्क किया और कंपनी के कंप्यूटिंग चिप्स के इस्तेमाल पर चर्चा की।

अमीरों की सूची में 10वें नंबर पर खिसके हुआंग

चीनी महिला से अफेयर की खबरों के बाद जेन्सन हुआंग फोर्ब्स की लिस्ट में एक पायदान खिसककर 10वें नंबर पहुंच गए हैं। उनकी नेटवर्थ 6.80 बिलियन डॉलर घटकर 155.4 बिलियन डॉलर हो गई है। रुपए में ये 63 हजार करोड़ कम होकर 14.32 लाख करोड़ हो गई है। जेन्सन हुआंग की संपत्ति का बड़ा हिस्सा एनवीडिया में उनकी हिस्सेदारी से जुड़ा है। हुआंग के पास एनवीडिया के 3.5% से ज्यादा शेयर हैं। वे कंपनी के सबसे बड़े व्यक्तिगत शेयरधारक हैं।

जांच समिति में आरती शाह भी



एनवीडिया कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने जेन्सन हुआंग के खिलाफ स्वतंत्र जांच शुरू कराई है। इस बोर्ड में भारतीय मूल की डॉ. आरती शाह सदस्य हैं और कंपनी की दो अहम समितियों में भी शामिल हैं। गुजरात यूनिवर्सिटी से पढ़ाई करने वाली आरती शाह ने अमेरिका की बड़ी दवा कंपनी एली लिली में करीब 27 साल काम किया है।

दावा: ट्रंप को जेन्सन के अफेयर के बारे में पता था

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को इस साल मई में चीन यात्रा से पहले ही इसकी जानकारी दे दी थी। ट्रंप को खुफिया मेमो में बताया गया था कि हुआंग के संबंध एक ऐसी महिला से हैं, जिसे अमेरिकी अधिकारी चीनी जासूस मान रहे हैं। इसके बावजूद ट्रंप हुआंग को बीजिंग ले गए थे। उन्होंने अलास्का से राष्ट्रपति के साथ एयर फोर्स वन विमान में यात्रा भी की थी। हालांकि, व्हाइट हाउस ने इस रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। इस बीच, अमेरिकी सांसदों ने जनवरी में कांग्रेस के नए सत्र के बाद मामले में विस्तृत जांच के संकेत दिए हैं।

भारत और ब्राजील के बीच नई साझेदारी

सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल विकसित करने के लिए एमओयू साइन किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ब्राजील अपने लंबे अंतरिक्ष सहयोग को एक नए स्तर पर ले जा रहे हैं। दोनों देशों की कंपनियों ने मिलकर ऐसा सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल विकसित करने पर सहमति जताई है, जो कम से कम 100 किलो पेलोड को लो अर्थ ऑर्बिट (पृथ्वी की निचली कक्षा) तक ले जाने में सक्षम होगा।

यह समझौता अक्टूबर में मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) के जरिए हुआ। इस पर ब्राजील के माइक्रो लॉन्चर प्रोग्राम कंसोर्टियम की सदस्य कंपनी कॉन्सर्ट टेक्नोलॉजीज और भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस ने हस्ताक्षर किए। यह एमओयू तुर्की के अंताल्या में आयोजित इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉटिकल कांग्रेस 2026 के दौरान हस्ताक्षरित हुआ।


एमओयू करते अधिकारी

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री गुप्ता और दिल्ली सरकार के अन्य मंत्री भी रहे मौजूद

नवीन ने मुनक नहर पर बने 11 किलोमीटर लंबे छठ घाट की शुरुआत की, छठ व्रतियों को यहां पर मिलेगी बेहतर सुविधाएं, नहर में डाला जाएगा साफ पानी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने राष्ट्रीय राजधानी में मुनक नहर के दोनों किनारों पर बनाए गए 11 किलोमीटर लंबे छठ घाट का गुरुवार को उद्घाटन किया। दिल्ली की मुख्यमंत्री के कार्यालय (सीएमओ) ने बताया कि यहां शालीमार बाग में सिंगलपुर रोड पर प्रेम बाड़ी पुल के पास आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता एवं दिल्ली सरकार के अन्य मंत्रियों की मौजूदगी में इस घाट का उद्घाटन किया गया।

यह पूर्वांचली समाज के लिए बड़ी सौगात



छठ मैया की जय

यह घाट दिल्ली के पूर्वांचली समाज के लिए बड़ी सौगात है। लंबित मांग को पूरा करते हुए दिल्ली सरकार ने छठ व्रतियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को अहम कदम उठाया है। इससे पहले, दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों ने बताया था कि हैदरपुर जल उपचार संयंत्र से मुनक नहर में पानी डाला जाएगा, ताकि भक्तों को स्वच्छ पानी और निर्बाध प्रवाह मिल सके। सीएमओ ने कहा था कि कभी गंदगी, मलबे और झाड़ियों से घिरी रहने वाली नहर को नया जीवन देने के लिए सरकार ने व्यापक सफाई अभियान चलाया है।

रेलवे ने सुविधाएं बढ़ाई

रेलवे का बड़ा ऐलान, छठ के लिए 2044 फेरे लगाएंगी 214 स्पेशल ट्रेनें

छठ महापर्व पर घर जाने वाले यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए रेलवे ने खास तैयारी की है। पूर्वोत्तर रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए 214 स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। इन ट्रेनों के कुल 2,044 फेरे लगाए जाएंगे। रेलवे का उद्देश्य है कि त्योहार पर घर जाने वाले लोगों को ट्रेन में सफर करने के लिए ज्यादा परेशानी न हो और वो सुरक्षित अपने घर पहुंच सकें।



स्टेशनों पर कड़ी सुरक्षा

यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेलवे सुरक्षा बल और रेलवे पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है। बिहार पुलिस की टीम भी सुरक्षा व्यवस्था में मदद कर रही है। स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों से भी लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

ट्रेनों में भारी भीड़

छठ के मौके पर दिल्ली, मुंबई और दूसरे बड़े शहरों में काम करने वाले लाखों लोग बिहार और पूर्वांचल के अपने घर लौटते हैं। इस वजह से रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में काफी भीड़ देखने को मिल रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने अतिरिक्त ट्रेनों के साथ स्टेशनों पर भी कई सुविधाएं बढ़ाई हैं।

खबर संक्षेप

31 आप उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी



नई दिल्ली। पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए आप ने गुरुवार को उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की। नई दिल्ली में राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के बाद 31 नामों का ऐलान किया गया। पार्टी ने नए चेहरों को मौका दिया है। सीएम भगवंत मान कहा कि सर्वे में जो उम्मीदवार को आगे रह हैं उन्हें टिकट दी गई है।

लापरवाही... दिल्ली में 8 पुलिसकर्मी निलंबित



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस में तबादले के आदेश के बाद नई पोस्टिंग पर ज्वाइन नहीं करने वाले 8 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। इन अधिकारियों और पुलिसकर्मियों का तबादला किया गया था, लेकिन आदेश जारी होने के बावजूद वे समय पर अपनी नई तैनाती वाली जगह पर रिपोर्ट (जॉइन) करने नहीं पहुंचे।

गोवा के लिए वंदे भारत को हरी झंडी देंगे प्रधानमंत्री



नई दिल्ली। बेंगलुरु से मडगांव को जोड़ने वाली नई वंदे भारत एक्सप्रेस को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को हरी झंडी दिखाएंगे। पीएम मोदी बेंगलुरु से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे और उसके बाद इस ट्रेन की सेवा रविवार से आम जनता के लिए शुरू हो जाएगी जिसकी बुकिंग ऑनलाइन शुरू हो चुकी है।

बेकाबू कार पलटी, पति-पत्नी की मौत, 2 जख्मी



अहमदाबाद। धोलरा-अहमदाबाद एक्सप्रेसवे पर गुरुवार सुबह दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। कार के बेकाबू होकर पलटने से एक व्यक्ति और उसकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी 8 साल की बेटी और बुजुर्ग मां गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा सुबह करीब 9 बजे हुआ। वे भावनगर से लौट रहे थे।

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए अब नए गठबंधन का ऐलान

ओवैसी-एएसपी ने बनाया 'सामाजिक परिवर्तन मोर्चा', चंद्रशेखर होंगे मुख्यमंत्री का चेहरा

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

गठबंधन का उद्देश्य दलित और मुस्लिम वोटों को एक मंच पर लाना

उत्तर प्रदेश में साल 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश की राजनीति में नए गठबंधन की घोषणा हो गई है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने हाथ मिला लिया है। दोनों नेताओं ने गुरुवार को लखनऊ में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अपने गठबंधन का ऐलान किया। इस गठबंधन को 'सामाजिक परिवर्तन मोर्चा' नाम दिया गया है। इस घोषणा के बाद प्रदेश की सियासत में 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर नए राजनीतिक समीकरणों की चर्चा शुरू हो गई है। इस गठबंधन का मुख्य उद्देश्य दलित और मुस्लिम वोटों को एक मंच पर लाना तथा युवाओं, किसानों और कमजोर वर्गों के अधिकारों की आवाज़ उठाना है।माना जा रहा यह गठबंधन सपा के पीडीए समीकरण के सामने एक नई चुनौती पेश कर सकता है, जबकि विपक्षी दलों का आरोप है कि इससे भाजपा को चुनावी फायदा मिल सकता है।



संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस की

सभी 403 सीटों पर चुनाव लड़ेगा मोर्चा

दोनों नेताओं ने बताया कि उनका मोर्चा उत्तर प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ेगा। इसके साथ ही ओवैसी ने चंद्रशेखर को मोर्चे की ओर से मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित किया। चंद्रशेखर और ओवैसी ने गठबंधन के जरिए प्रदेश की सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की बात कही है। दोनों दलों का कहना है कि वे मिलकर राजनीतिक भागीदारी, अधिकार और सामाजिक परिवर्तन के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएंगे।

चंद्रशेखर को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया

इस दौरान सबसे अहम बात यह रही कि ओवैसी ने चंद्रशेखर को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया। इस घोषणा के साथ ही सामाजिक परिवर्तन मोर्चे ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपना प्रमुख चेहरा भी सामने रख दिया है। हालांकि, इस गठबंधन को चुनाव में कितना समर्थन मिलता है, यह आने वाले समय में उम्मीदवारों के चयन और जनता के बीच पहुंच से साफ होगा। अब मोर्चा के गठन के बाद प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने की संभावना है।

सभी जान रहे आजम किसकी वजह से जेल में हैं?अब्दुल बराबरी पर है: ओवैसी

ओवैसी ने कहा कि मोर्चा यूपी में मजबूत विकल्प होगा। हम बीजेपी को तीसरी बार आने से रोकेंगे। किसानो के मसले पर हम लड़ेंगे। हम राजनीति फ्यूचर के लिए करेंगे। अब्दुल मुद्दा बन गया है, अब्दुल दरी नही बिछा रहा है। अब्दुल बराबरी पर है, हम उसके साथ है। इसके अलावा चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि आजम खान किसकी वजह से जेल में हैं, सबको मालूम है. सिर्फ वोट के खतिर उनका इस्तेमाल हुआ। कोई उनकी लड़ाई नही लड़ा। 2012 के बाद से हमारे ऊपर अत्याचार हो रहा है। ये सरकार केवल व्यापारी की बात करती है हम सरकार बनाएं तब क्वालिटी शिक्षा देंगे। अस्पताल दुरस्त करेंगे, नौकरी देंगे।

कांग्रेस के मसूद बोले

हमें डेंट कर किसी और को फायदा...

इस गठबंधन को लेकर कांग्रेस पार्टी के नेता और सहारनपुर के सांसद इमरान मसूद ने कहा कि राजनीति का अधिकार सभी को है, सब अपने तरीके से राजनीति भी करते हैं। जब उनसे सवाल किया गया कि क्या एसपीएम उनके गठबंधन को डेंट पहुंचाएगा, तो उन्होंने कहा कि डेंट होने से किसे फायदा होगा? किसी और को फायदा पहुंचाना चाहते तो हमें डेंट करके तो पहुंचा दीजिए।



जेल में आजम से मिले शिवपाल



उनका लगातार उत्पीड़न हो रहा

सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव गुरुवार को गाजियाबाद जिला कारागार पहुंचे। उनकी यह यात्रा जिला कारागार में बंद पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान से मुलाकात करने के लिए थी। शिवपाल यादव के आगमन पर सैकड़ों की संख्या में सपा के कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। यह स्वागत गाजियाबाद के वेदांता टोल प्लाजा पर किया गया था।

इनका मकसद भाजपा को हटाना नहीं है

इस गठबंधन को लेकर शिवपाल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ओवैसी और चंद्रशेखर भाजपा को सत्ता से नहीं हटाना चाहते हैं।

अभिषेक के आवास के बाहर चला बुलडोजर

फुटपाथ से हटाया गया अस्थायी ढांचा, गेट को कटर से काटा



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद अभिषेक बनर्जी के कोलकाता स्थित आवास के बाहर बृहस्पतिवार को नगर निकाय ने बुलडोजर चलाकर फुटपाथ पर बना बांस का अस्थायी ढांचा हटा दिया। अधिकारियों ने पैदल यात्रियों की आवाजाही में कथित बाधा बन रहे लोहे के गेट को भी गैस कटर से काटकर हटा दिया। यह कार्रवाई बनर्जी के 121, कालीघाट रोड स्थित आवास के बाहर भारी पुलिस बल की मौजूदगी में की गई। इस दौरान कोलकाता पुलिस और केंद्रीय बलों के जवान तैनात थे। नगर निकाय के कर्मचारियों ने पहले बुलडोजर से ढांचे को गिराया और फिर बांस के खंभे हटाकर फुटपाथ खाली कराया। बनर्जी ने कार्रवाई पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बुलडोजर उनकी आवाज को दबा नहीं सकते और न ही उनका संकल्प तोड़ सकते हैं।

अभिषेक बोले लड़ाई जारी रहेगी

अभिषेक ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि मैं 'बांग्ला विरोधियों' के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखूंगा। मैं अपनी आखिरी सांस तक न तो पीछे हटूंगा और न ही एक इंच पीछे खिसकूंगा।पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री दिलीप घोष ने नगर निकाय की कार्रवाई का बचाव किया। घोष ने संवाददाताओं से कहा कि यह कार्रवाई उचित है, क्योंकि इलाके के लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। अभिषेक खुद को कानून से ऊपर समझते थे। यह ढांचा विवाद का विषय बना हुआ था। टीएमसी का कहना था कि इसे पश्चिम बंगाल सुरक्षा निदेशालय ने बेनर्जी को जेड-प्लस सुरक्षा मिलने के दौरान उनकी सुरक्षा में तैनात कर्मियों के लिए बनवाया था। पार्टी ने इसे सांसद द्वारा कराया गया अनधिकृत निर्माण मानने से इनकार किया था।

अभिषेक ने ईसी को लिखी चिट्ठी

मेरी और मेरे घर-ऑफिस की निगरानी हो रही

अभिषेक ने पार्टी से जुड़े विवाद पर चुनाव आयोग में चल रही सुनवाई के बीच दस्तावेजों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने चुनाव आयोग को प्रतिनिधित्व भेजकर अपने आवास-कम-दफ्तर पर निगरानी रखे जाने और वहां दोबारा हमला होने की आशंका जताई है। अभिषेक का दावा है कि भाजपा से जुड़े लोग कुछ पुलिसकर्मियों के समर्थन और मदद से चुनाव आयोग में पेश किए जाने वाले दस्तावेजों और हलफनामों को जबरन अपने कब्जे में लेने की कोशिश कर सकते हैं।

सोलापुर एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा टला

टेक ऑफ के दौरान रनवे से फिसला विमान, सभी सुरक्षित

एजेंसी ▶▶ सोलापुर

महाराष्ट्र के सोलापुर एयरपोर्ट पर गुरुवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब टेक-ऑफ के दौरान एक ट्रेनिंग विमान रनवे से फिसल गया। यह घटना तब हुई जब ट्रेनी पायलट विमान को टेक-ऑफ कराने की कोशिश कर रहा था, जिससे विमान रनवे से बाहर हो गया। पायलट को कोई चोट नहीं आई है। विमान में कितने लोग सवार थे, पता नहीं चल पाया है। विमान आगे की ओर झुका हुआ दिखाई दे रहा है, जिसका अगला हिस्सा जमीन को छू रहा है।



ये विमान एक महिला ट्रेनी पायलट उड़ा रही थी। यह घटना तब हुई जब ट्रेनी पायलट उड़ान भरने की कोशिश कर रही थी। ट्रेनिंग विमान रनवे से भटक गया और रनवे की सतह से फिसल गया। उड़ान भरते समय विमान का नियंत्रण कैसे खो गया, इसके सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।

पित्रोदा ने की पीएम मोदी की तारीफ

उन्हें गुजराती दोस्त बताया तो प्रधानमंत्री ने दी शुभकामनाएं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। पित्रोदा की गिनती गांधी परिवार के करीबी नेताओं में होती है और वे जब राहुल गांधी अमेरिका समेत पश्चिमी देशों की यात्रा करते हैं, तो उसमें अहम भूमिका निभाते हैं। पित्रोदा ने अब पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा है कि वह निजी तौर पर बहुत अच्छे, दयालु और प्यार करने वाले हैं और हमारी आपस में अच्छी बनती है। पित्रोदा ने पीएम मोदी को अपना गुजराती दोस्त बताया है। इस पर पीएम मोदी ने खुद जवाब दिया है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, सैम भाई और अंजना बेन को दिवाली और नूतन वर्ष अभिनंदन की शुभकामनाएं। आने वाले साल के लिए खुशी और सेहतमंद रहने की प्रार्थना करता हूं। जय जगन्नाथ! पित्रोदा के बयानों से अक्सर विवाद के साथ बवाल होता रहा है।



गुरुद्वारे में जलाया सोनिया का 'संस्मरण'



नई दिल्ली। यहां के रकाबगंज गुरुद्वारे में सिख समुदाय और सिख विरोधी दंगों के पीड़ित परिवारों ने सोनिया गांधी की आत्मकथा की किताब को आग लगाई। 'बिलॉन्गिंग: अ जर्नी ऑफ लव' पर प्रदर्शनकारियों और दिल्ली सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी का आरोप है कि किताब में 1984 के सिख विरोधी दंगों और सिख समुदाय से जुड़े मुद्दों पर गलत तथ्यों को पेश किया गया है। यह विरोध प्रदर्शन कमेटी के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और अन्य सदस्यों के नेतृत्व में किया गया।

पंजाब कांग्रेस ने चलाया चुनाव के पहले जनसंपर्क अभियान

'पंजाब मंगदा इंसाफ' अभियान चलाया मान सरकार पर बरसे

चमकौर साहिब से कांग्रेस ने शुरू की 'जवानी संभाल यात्रा'

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

कांग्रेस की पंजाब इकाई ने 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले जनसंपर्क अभियान के तहत गुरुवार को अपनी 'जवानी संभाल साइकिल यात्रा' शुरू की, जिसका नेतृत्व पार्टी सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने चमकौर साहिब से किया। चमकौर साहिब से यात्रा को रवाना किए जाने के मौके पर कांग्रेस महासचिव एवं पंजाब प्रभारी सचिन पायलट और पार्टी की प्रदेश इकाई के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। जालंधर से मौजूदा सांसद चन्नी पूर्व में चमकौर साहिब विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस मौके पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष परगट सिंह, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा और विजय इंदर सिंगला, राणा गुरजीत सिंह तथा सुखजिंदर सिंह रंधावा सहित पार्टी के अन्य नेता भी मौजूद थे।



28 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी यात्रा

8 दिन की यह यात्रा पहले चरण में 28 विधानसभा क्षेत्रों से होकर करीब 625 किमी की दूरी तय करेगी। इस मौके पर पायलट ने नशे और भ्रष्टाचार समेत कई मुद्दों को लेकर मान सरकार पर निशाना साधा। पायलट ने विश्वास जताया पंजाब में कांग्रेस सत्ता में लौटेगी। चन्नी ने कहा कि लोग आप को सत्ता से हटाने चुनाव का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने नशे, गैंगस्टर, अवैध खनन और भ्रष्टाचार के मुद्दों पर मान सरकार को घेरा।

जोशी ने केवीएस की 3 प्रमुख डिजिटल पहलों का शुभारंभ किया

प्रौद्योगिकी-सक्षम, पारदर्शी एवं प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

छात्रों के हित में स्कूली शिक्षा व्यवस्था में विस्तार किया

केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने नई दिल्ली में केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) की 3 अहम डिजिटल पहलों का शुभारंभ किया। इनमें 'समीक्षा' एआई बॉट से युक्त एआई-सक्षम विद्या समीक्षा केंद्र , केवीएस-संवाद पेरेंट कनेक्ट एप एवं वेब पोर्टल तथा केवीएस एलुमनाई कनेक्ट पोर्टल शामिल हैं। ये पहल प्रौद्योगिकी-सक्षम, पारदर्शी एवं सुचारु प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में अहम कदम हैं। इनको राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को साकार करने और डिजिटल इंडिया के विजन को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण कदम बताया।



इसका और विस्तार किया जाएगा

जोशी ने सुझाव दिया कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (डीओएसईएल) के सहयोग से इस पहल का विस्तार केंद्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) से आगे बढ़ाकर संपूर्ण स्कूली शिक्षा व्यवस्था तक किया जाए।

ये रहे 3 नए कदम

एआई-सक्षम विद्या समीक्षा केंद्र

एआई-सक्षम विद्या समीक्षा केंद्र छात्रों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, शैक्षणिक प्रदर्शन, विद्यालयों के बुनियादी ढांचे और प्रवेश से संबंधित जानकारी के लिए रियल-टाइम डैशबोर्ड उपलब्ध कराता है। इसका 'समीक्षा' एआई बॉट उपलब्ध आंकड़ों का विश्लेषण कर कमियों की पहचान करता है।

केवीएस-संवाद- पेरेंट कनेक्ट एप एवं वेब पोर्टल

केवीएस-संवाद पेरेंट कनेक्ट एप एवं वेब पोर्टल से अभिभावक विद्यालय से सीधे जुड़ सकेंगे। यह प्लेटफॉर्म छात्रों की उपस्थिति, पाठ्यक्रम की प्रगति, शैक्षणिक परिणाम, शिक्षण संसाधनों और डिजिटल छात्र पहचान पत्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराता है।

केवीएस एलुमनाई पोर्टल : केवीएस एलुमनाई पोर्टल पूर्व छात्रों को अपने विद्यालयों तथा पूर्व छात्रों से दोबारा जुड़ने, अनुभवों को साझा करने में मदद देगा।

पराली जलाने से खेतों की उर्वरा शक्ति प्रभावित होने के साथ पर्यावरण को भी पहुंचता है नुकसानः कलेक्टर

जबलपुर। पराली प्रबंधन की व्यवस्था का जायजा लेने कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा गुरुवार को पनागर विकासखंड के ग्राम उमरिया चौबे और नुनिया कला पहुंचे। उन्होंने खेतों में बेलर यूनिट से फसल अवशेषों के संग्रहण और हैप्पी सीडर व सुपर सीडर से बिना पराली जलाए बोनी की प्रक्रिया देखी। इस दौरान कलेक्टर स्वयं ट्रैक्टर पर बैठकर बेलर यूनिट के संचालन और पराली संग्रहण की प्रक्रिया से रूबरू हुए।निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किसानों से चर्चा कर पराली प्रबंधन में आ रही व्यावहारिक दिक्कतों की जानकारी ली। किसानों ने कृषि यंत्रों की समय पर उपलब्धता और खेतों में नमी के अनुसार बोनी करने में आने वाली समस्याएं बताईं। कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को कृषक संगठनों के साथ बैठक कर समस्याओं का समाधान करने और किसानों को समय पर बेलर यूनिट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से खेतों की उर्वरा शक्ति प्रभावित होने के साथ पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचता है। इसलिए कृषि विभाग, किसानों और कृषि यंत्र संचालकों के बीच बेहतर समन्वय बनाकर फसल अवशेषों का प्रबंधन किया जाए, ताकि अगली फसल की बोनी समय पर हो सके। निरीक्षण के दौरान ग्रामीण एसडीएम कलावती ब्यारे, कृषि यंत्री जीसी मर्सकोले, कृषि उप संचालक उमेश कटहरे सहित अन्य अधिकारी और किसान मौजूद रहे।



जनजातीय गौरव दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश

जबलपुर। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 14 नवंबर को गैरिसन ग्राउंड में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने गुरुवार को अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सुरक्षा, यातायात, स्वास्थ्य, पेयजल और पार्किंग सहित सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, मंत्रीगण और जनप्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना को देखते हुए संबंधित विभागों को विशेष सतर्कता बरतने के लिए कहा गया।कलेक्टर ने विद्युत एवं तकनीकी व्यवस्थाओं की पहले से जांच कराने और खुले या ढीले तारों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल पर डॉक्टरों की टीम और एंबुलेंस के साथ दूसरे जिलों से आने वाली बसों के यात्रियों के लिए रास्ते में पड़ने वाले स्वास्थ्य केंद्रों को भी अलर्ट रखने को कहा। यातायात एवं पार्किंग के लिए जिलेवार नक्शा तैयार कर संबंधित जिलों को भेजा जाएगा, ताकि बसें निर्धारित स्थान पर पहुंच सकें। प्रमुख चौराहों और बाधित यातायात वाले स्थानों पर क्रेन तैनात रहेंगी, जिससे खराब वाहनों को तत्काल हटाया जा सके। इसके अलावा पेयजल, चलित शौचालय और साफ-सफाई की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने अधिकारियों को मंच, डोम और पंडाल सहित सभी तैयारियों की निगरानी करने को कहा। शुक्रवार शाम 4 बजे गैरिसन ग्राउंड में विभागीय अधिकारियों और उनके अधीनस्थ अमले की मौजूदगी में व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

एलटीटी–रक्सौल वन-वे स्पेशल ट्रेन 13 नवंबर को होगी रवाना, जबलपुर सहित चार स्टेशनों पर ठहराव

जबलपुर। त्योहारी सीजन में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे द्वारा लोकमान्य तिलक टर्मिनस (एलटीटी) से रक्सौल के बीच वन-वे स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। गाड़ी संख्या 01031 लोकमान्य तिलक टर्मिनस–रक्सौल स्पेशल 13 नवंबर 2026 को एलटीटी से रवाना होकर 15 नवंबर को रात 1:25 बजे रक्सौल पहुंचेगी। यह ट्रेन पश्चिम मध्य रेल के इटारसी, जबलपुर, कटनी और सतना स्टेशनों से होकर गुजरेगी। निर्धारित समयानुसार ट्रेन इटारसी में 13 नवंबर को रात 11:20 बजे, जबलपुर में 14 नवंबर को सुबह 3:05 बजे, कटनी में सुबह 4:50 बजे और सतना में सुबह 6:25 बजे पहुंचेगी। इन स्टेशनों से क्रमशः पांच मिनट बाद रवाना होगी। ट्रेन का ठहराव ठाणे, कल्याण, इगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी और बैरगनियां में रहेगा।



1008 समवशरण महामंडलीय विधान का भूमि शुद्धि कार्यक्रम संपन्न, बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल

जबलपुर। विश्व के सबसे बड़े विधान के रूप में आयोजित होने जा रहे 1008 समवशरण महामंडलीय विधान का भूमि शुद्धि कार्यक्रम पीएंडटी ग्राउंड में धार्मिक उत्साह और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तजन एवं श्रद्धालु शामिल हुए। तीन मुख्य समवशरण की रचना का सौभाग्य संतोष जी ठेकेदार परिवार (नागपुर), आलोक जी व भैया परिवार तथा संतोष जी भाटापारा परिवार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मुनि श्री प्रबुद्ध सागर जी, मुनि श्री निष्कंप सागर जी, मुनि श्री निष्काम सागर जी महाराज एवं गुरु मां दृढ़मति माताजी ससंघ का सानिध्य प्राप्त हुआ। विधान के मुख्य ध्वजारोहणकर्ता बनने का सौभाग्य प्रशांत जी (मुंबई), शांतिलाल जी कोचर, खेमचंद जी (बड़े बाबा परिवार), अमित अंकित जी (नाना इन्फोटेक) एवं हेमंत जी (मेडिकल, गंगानगर परिवार) को प्राप्त हुआ। आयोजन पूज्य गुरुदेव की भावना को साकार करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम में मगनसागर जी महाराज, ब्रह्मचारी विनय भैयाजी, मनोज, लल्लन भैया, अभिषेक भैयाजी, पंचायत सभा, लॉर्डगंज कमेटी, अग्रवाल कॉलोनी कमेटी, शिवनगर कमेटी, युवक सभा एवं विधान आयोजक समिति के सदस्यों का सहयोग रहा।

कलेक्टर ने ग्राम जटवा पहुंचकर किसान के नवाचार को सराहा

जबलपुर। कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने पनागर विकासखंड के ग्राम जटवा पहुंचकर कृषक ब्रजेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा संचालित वर्मी कंपोस्ट (केंचुआ खाद) इकाई, गौ-काष्ठ व पराली पेलेट निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

वर्मी कंपोस्ट इकाई एवं गौ-काष्ठ निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने गोबर और पराली के मिश्रण से तैयार किए जा रहे पेलेट के निर्माण की प्रक्रिया का अवलोकन किया। कृषक ब्रजेश कुमार विश्वकर्मा द्वारा पराली को जलाने के बजाय गोबर के साथ मिलाकर ईंधन के रूप में लकड़ी का विकल्प तैयार करने के नवाचार की कलेक्टर ने सराहना की। कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने कहा कि गोबर और पराली से गौ-काष्ठ बनाने का यह प्रयास पर्यावरण प्रदूषण रोकने और वनों की कटाई कम करने में सहायक है। साथ ही यह किसानों और ग्रामीण युवाओं के लिए आत्मनिर्भर बनने तथा अतिरिक्त आय अर्जित करने का अच्छा माध्यम भी है।

उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को इस मॉडल से अन्य किसानों को भी जोड़ने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्र में पराली प्रबंधन और जैविक खाद उत्पादन को प्रोत्साहन मिल सके। इस अवसर पर एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक अनिल राठौर, ग्रामीण एसडीएम कलावती ब्यारे, कृषि उप संचालक उमेश कटहरे तथा संबंधित अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

होम साइंस कॉलेज के सामने खड़ी कार में लगी भीषण आग, दमकल की 2 गाड़ियों ने पाया काबू

जबलपुर। शहर के होम साइंस कॉलेज के सामने पंजाबी हिंदू एसोसिएशन के समीप बीती रात एक खड़ी कार में अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने कार को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायर ब्रिगेड कर्मचारी संजय पटेल के अनुसार, रात करीब 12:10 बजे कंट्रोल रूम को कार में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही दमकल की दो गाड़ियों को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुंची टीम ने आग बुझाने के साथ ही उसे आसपास खड़े अन्य वाहनों तक फैलने से रोकने के प्रयास किए। दमकलकर्मियों की तत्परता से आसपास खड़े अन्य वाहन आग की चपेट में आने से बच गए। घटना के समय कार का चालक मौके पर मौजूद नहीं था। फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

संस्कार सिटी में 2 सूने मकानों को चोरों ने बनाया निशाना, लाखों के जेवर और नकदी पार

बैंक मैनेजर और बिजली विभाग के जेई के घरों के ताले तोड़कर वारदात

जबलपुर। माढ़ोताल थाना क्षेत्र की संस्कार सिटी, सूरतलाई में चोरों ने सूने मकानों को निशाना बनाते हुए दो अलग-अलग चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। चोरों ने घरों के ताले तोड़कर अलमारियों और ड्रेसिंग टेबल का सामान बिखेर दिया तथा सोने-चांदी के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए। दोनों मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बैंक मैनेजर के घर से सोने-चांदी के जेवर चोरी

पुलिस के अनुसार संस्कार सिटी निवासी 36 वर्षीय हेमंत रैकवार मुंबई में कोटक महिंद्रा बैंक में मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। 26 अक्टूबर को जब वे मुंबई में थे, तभी सुबह करीब 7:30 बजे पड़ोस में रहने वाली मीना बविस्टाले ने फोन कर सूचना दी कि उनके घर के गेट और दरवाजे के ताले टूटे हुए हैं तथा अंदर सामान बिखरा पड़ा है। इसके बाद 5 नवंबर को शाम करीब 4 बजे घर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि अलमारी में रखी मकान की रजिस्ट्री की कॉपी, सोने की दो अंगूठियां, एक सोने की चेन और एक जोड़ी चांदी की पायल गायब थी। अज्ञात चोर ताला तोड़कर सामान चोरी कर ले गए थे।

जेई के घर से 25 हजार नकद सहित चांदी के जेवर पार

दूसरी वारदात भी संस्कार सिटी फेस-3 में हुई। यहां रहने वाले 44 वर्षीय इंद्रपाल सिंह कुंडम-बघराजी एमपीईबी कार्यालय में जूनियर इंजीनियर के पद पर पदस्थ हैं। वे 9 नवंबर की शाम करीब 5 बजे ग्वालियर गए थे। अगले दिन पड़ोसी ने फोन कर बताया कि उनके घर के दरवाजे खुले हैं और ताला टूटा हुआ है। 11 नवंबर की सुबह करीब 9 बजे वापस लौटने पर उन्होंने देखा कि घर के अंदर अलमारी और ड्रेसिंग टेबल का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर अलमारी में रखी करीब 250 ग्राम चांदी की पायल, पांच जोड़ी चांदी की बिछिया, चांदी के दो पुराने कड़े, चांदी का गुच्छा, एक चांदी की राखी, एक चोंग और 25 हजार रुपये नकद गायब मिले। दोनों पीड़ितों की रिपोर्ट पर माढ़ोताल पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305(ए) एवं 331(4) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। लगातार हुई इन वारदातों से क्षेत्र के रहवासियों में चिंता का माहौल है।

शंकर शाह नगर में चाकू-पिस्तौल लेकर पहुंचे बदमाशों ने घर पर किया पथराव, 3 गाड़ियां तोड़ीं

जबलपुर। शंकर शाह नगर में पीडब्ल्यूडी मंदिर के सामने खेत के पास रहने वाले एक परिवार के घर पर असामाजिक तत्वों ने जमकर उत्पात मचाया। आरोप है कि चाकू, रॉड और पिस्तौल लेकर पहुंचे आधा दर्जन से अधिक युवकों ने घर पर पथराव किया और परिसर में खड़े तीन वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। आरोपियों ने परिसर में बने तीन-चार कमरों को भी नुकसान पहुंचाया। घटना के बाद से परिवार दहशत में है।पीड़ित शेखर चक्रवर्ती के अनुसार, गुरुवार शाम करीब 6:30 बजे कुछ युवक उनके घर पहुंचे। आरोप है कि छोटू बेन, सोनू बेन, आशीष बेन, पिल्लू बेन, वंश बेन और गब्बर बेन सहित अन्य लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते हमला किया। आरोपियों ने घर पर पत्थर बरसाए और परिसर में खड़ी महिंद्रा बोलेरो, लोडिंग वाहन तथा एक्सिस दोपहिया वाहन में तोड़फोड़ कर दी। इस दौरान परिसर में बने कमरों को भी क्षतिग्रस्त किया गया।शेखर चक्रवर्ती ने बताया कि उनके परिवार में पत्नी रिंकी और 11 एवं 14 वर्ष के दो बच्चे हैं। पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने इस घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शंकर नगर के सामने सेठी नगर में हाल ही में हुई हत्या की घटना से जुड़े कुछ लोग क्षेत्र में मारपीट और तोड़फोड़ कर दहशत का माहौल बना रहे हैं।घटना से परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है।

देश में दूसरा स्थान हासिल कर जबलपुर लौटा स्वच्छता सम्मान महापौर अन्नू का एयरपोर्ट से निगम मुख्यालय तक भव्य स्वागत

जबलपुर। स्वच्छता के क्षेत्र में देश में दूसरा स्थान हासिल करने और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त करने के बाद महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' का जबलपुर आगमन पर डुमना एयरपोर्ट में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, तत्कालीन निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार और नवागत निगमायुक्त अग्रिम कुमार भी मौजूद रहे। सैकड़ों नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और शुभचिंतकों ने ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और फूल-मालाओं से सभी का अभिनंदन किया। इसके बाद निगम मुख्यालय में भी अधिकारियों-कर्मचारियों ने स्वागत किया। महापौर ने उपस्थितजनों को मिठाई खिलाकर खुशियां साझा कीं। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय शहरवासियों, स्वच्छता मित्रों, जनप्रतिनिधियों और नगर निगम के कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों को दिया। स्वागत समारोह में महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, एमआईसी सदस्य रजनी कैलाश साहू, डॉ. सुभाष तिवारी, विवेक राम सोनकर, दामोदर सोनी, अंशुल राघवेन्द्र यादव सहित पार्षद अतुल जैन, माधुरी सोनकर, प्रतिभा भापकर, मधुबाला राजपूत, महेश सिंह राजपूत, अनुराग साहू, सुनील पुरी गोस्वामी, प्रिया संजय तिवारी, पूजा श्रीराम पटैल, शारदा बाई कुशवाहा, मालती रमेश चौधरी, निशा संजय राठौर सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महापौर ने जबलपुर को स्वच्छता में देश का सर्वश्रेष्ठ शहर बनाने का संकल्प दोहराया।



जनजातीय गौरव दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश

जबलपुर। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर 14 नवंबर को गैरिसन ग्राउंड में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने गुरुवार को अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने सुरक्षा, यातायात, स्वास्थ्य, पेयजल और पार्किंग सहित सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, मंत्रीगण और जनप्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना को देखते हुए संबंधित विभागों को विशेष सतर्कता बरतने के लिए कहा गया।कलेक्टर ने विद्युत एवं तकनीकी व्यवस्थाओं की पहले से जांच कराने और खुले या ढीले तारों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल पर डॉक्टरों की टीम और एंबुलेंस के साथ दूसरे जिलों से आने वाली बसों के यात्रियों के लिए रास्ते में पड़ने वाले स्वास्थ्य केंद्रों को भी अलर्ट रखने को कहा। यातायात एवं पार्किंग के लिए जिलेवार नक्शा तैयार कर संबंधित जिलों को भेजा जाएगा, ताकि बसें निर्धारित स्थान पर पहुंच सकें। प्रमुख चौराहों और बाधित यातायात वाले स्थानों पर क्रेन तैनात रहेंगी, जिससे खराब वाहनों को तत्काल हटाया जा सके। इसके अलावा पेयजल, चलित शौचालय और साफ-सफाई की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने अधिकारियों को मंच, डोम और पंडाल सहित सभी तैयारियों की निगरानी करने को कहा। शुक्रवार शाम 4 बजे गैरिसन ग्राउंड में विभागीय अधिकारियों और उनके अधीनस्थ अमले की मौजूदगी में व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

माढ़ोताल में गुटखा खरीदने को लेकर विवाद दो पक्षों में जमकर मारपीट और पथराव

जबलपुर। माढ़ोताल थाना क्षेत्र के बुंदेला बाबा आईटीआई के पास गुटखा खरीदने और शराब पीने के लिए रुपये मांगने की बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद ने मारपीट और पथराव का रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। एक युवक पर चाकू से हमला कर उसकी उंगली घायल कर दी गई। घटना में दोनों पक्षों के लोगों को चोटें आई हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर अलग-अलग मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शराब के लिए रुपये नहीं देने पर शुरू हुआ विवाद

पुलिस के अनुसार बुंदेला बाबा आईटीआई निवासी 65 वर्षीय जयंती पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 11 नवंबर की रात करीब 9:30 बजे वह कृष्णा किराना दुकान के पास खड़ी थीं। इसी दौरान आयुष बेन दुकान पर गुटखा खरीद रहा था और मंजू पटेल से शराब पीने के लिए रुपये मांगने लगा। मंजू पटेल ने रुपये देने से मना किया तो आयुष गाली-गलौज करने लगा। आवाज सुनकर जयंती का बेटा उमाशंकर मौके पर पहुंचा और गाली-गलौज करने का कारण पूछा।इसी बात पर आयुष बेन, राजा बेन, करण बेन और रितिक बेन ने उमाशंकर के साथ



हाथ-मुक्कों से मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि ईंट-पत्थरों से भी हमला किया गया। राजा बेन ने चाकू से वार कर उमाशंकर के बाएं हाथ की उंगली में चोट पहुंचा दी। बीच-बचाव करने पहुंचे संदीप पटेल और भागचंद पटेल के साथ भी मारपीट की गई। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और मौके से भाग निकले। मारपीट में संदीप के माथे और भागचंद की पीठ में चोट आई है।

दूसरे पक्ष ने भी लगाया एकजुट होकर मारपीट का आरोप

वहीं दूसरे पक्ष की ओर से पुरानी बस्ती आईटीआई बुंदेला बाबा निवासी 45 वर्षीय संगीता बेन ने शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि वह गोल्डन टाउन ग्रीनसिटी में खाना बनाने का काम करती हैं। 11 नवंबर की रात करीब 8:30 बजे उनका छोटा बेटा आयुष बेन पड़ोस में मंजू पटेल की किराना दुकान पर गुटखा लेने गया था, जहां किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद वह आयुष को लेकर घर लौट आई थीं।

संगीता का आरोप है कि कुछ देर बाद मंजू पटेल, प्रकाश पटेल, संदीप पटेल, मुन्ना पटेल उर्फ परम, जयंती पटेल, ममता पटेल और अन्य लोग एकजुट होकर पहुंचे। उन्होंने गाली-गलौज करते हुए जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया और उनकी बेटी, बेटे आयुष तथा राजा के साथ मारपीट व पथराव किया। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। मारपीट में उन्हें अंदरूनी चोटें आईं, जबकि उनकी दोनों बेटियों को उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।



मनमर्जी से खुल रहा बरेला पोस्ट ऑफिस, उपभोक्ता परेशान

बरेला। नगर के पोस्ट ऑफिस में अनियमित कार्यप्रणाली से उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि पोस्ट ऑफिस निर्धारित समय पर नहीं खुलता और कर्मचारियों की मनमर्जी से इसका संचालन हो रहा है। शासन के निर्देशानुसार कार्यालय खुलने का समय सुबह 10 बजे है, लेकिन गुरुवार को भी पोस्ट ऑफिस सुबह 11 बजे तक बंद पाया गया। इसके चलते डाक भेजने, बचत खाते, जमा-निकासी सहित अन्य जरूरी कार्यों के लिए पहुंचने वाले लोगों को इंतजार करना पड़ता है। नागरिकों का कहना है कि कार्यालय समय पर नहीं खुलने से उनके जरूरी काम प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मामले की जांच कराकर निर्धारित समय पर पोस्ट ऑफिस का संचालन सुनिश्चित करने की मांग की है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी इस अव्यवस्था पर कब कार्रवाई करते हैं और नगरवासियों को नियमित डाक सेवाओं का लाभ कब मिल पाता है।

आज नहाये-खाये से शुरु होगा छठ पर्व

दीप पर्व के बाद अब छठ पूजा की तैयारी

जबलपुर। दीवाली के बाद अब लोग छठ पूजा की तैयारी में जुट गए हैं। शहर में खास तौर पर उत्तरप्रदेश और बिहार से जुड़े वे परिवार, जो हर साल इस पर्व का बड़े ही उत्साह से मनाते हैं। दरअसल छठ पूजा की शुरुआत दो दिन पहले चतुर्थी तिथि को नहाय खाय से होती है। इसके बाद पंचमी को लोहंडा और षष्ठी को छठ पूजा होती है, जिसमें सूर्य देव को शाम का अर्घ्य अर्पित होगा। इस साल छठ पूजा 15 नवंबर रविवार को मनाई जाएगी। छठ पूजा सूर्य देव की आराधना तथा संतान के सुखी जीवन की कामना के लिए मनाई जाती है। इस त्योहार को कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है, जहां छठ पूजा का व्रत 13 तारीख से नहाय खाय के दिन शुरू होगा। इसके बाद इसे छठ पूजा के दिन सूर्योदय अर्घ्य के बाद खोला जाएगा। तिथि के अनुसार छठ पूजा 4 दिनों की होती है, जिसमें बहुत कुछ होता है। व्रत रखने वाले जल स्रोतों और नदियों के घाटों में रतजगा भी करेंगे।





पहला दिन, नहाय-खाय

छठ पूजा की शुरुआत चतुर्थी तिथि से होती है। ये छठ पूजा सबसे पहला दिन होता है। इस दिन नहाय खाय होता है। इस साल नहाय खाय 13 नवंबर के दिन को पड़ेगा।

दूसरा दिन, लोहंडा और खरना

लोहंडा और खरना छठ पूजा का दूसरा दिन होता है। ये कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को होता है। इस वर्ष लोहंडा और खरना 14 नवंबर दिन शनिवार को है।

तीसरा दिन, छठ पूजा, संध्या अर्घ्य

छठ पूजा का मुख्य दिन कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि होती है। इस दिन छठ पूजा होती है। इस दिन शाम को अर्घ्य सूर्य को दिया जाता है। इस वर्ष छठ पूजा 15 नवंबर रविवार को है।

ढोल, तिलक और तुलसी माला से हुआ 1991 बैच के इंजीनियरों का आत्मीय स्वागत



जबलपुर।

जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के 1991 बैच के पूर्व छात्र-छात्राओं का दो दिवसीय पुनर्मिलन समारोह होटल शान एलिजे में उत्साह और आत्मीयता के साथ शुरू हुआ। देश-विदेश से करीब 100 पूर्व विद्यार्थी समारोह में शामिल हो रहे हैं। पहले दिन जबलपुर पहुंचे मित्रों का ढोल की थाप, तिलक और तुलसी की माला पहनाकर स्वागत किया गया। आयोजक समिति के संतोष नायर, धीरज मिनोचा, विक्रांत नेमा, मनीष अग्रवाल, आलोक तिवारी और अनिल मिश्रा ने अतिथियों की अगवानी की। समारोह में महिलाओं के लिए मेहंदी और कैरिकेचर, मनोरंजक खेल, हाई टी तथा सूफी-गजल नाइट का आयोजन हुआ। अमेरिका से संजीव खन्ना सहित बिंदु शेखर झा, मनीष कांत मालवीय, एसपी सिंह, इस श्रीराम, शाजी पीएस, सिद्धार्थ जैन, आईजी अनिल कुमार और मेजर जनरल शिवेंद्र भट्टाचार्य सहित अनेक पूर्व विद्यार्थी शामिल हुए। दूसरे दिन सभी पूर्व छात्र जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंचकर दिवंगत 10 मित्रों एवं प्रोफेसरों को श्रद्धांजलि देंगे। इसके बाद डीएसओआई में लंच और शाम को बॉलीवुड नाइट का आयोजन होगा। समारोह पुराने दिनों की यादों को ताजा करने और मित्रता के रिश्तों को फिर से जीवंत करने का अवसर बन गया है।

सिहोरा को जिला बनाने की मांग आयोग को सौंपा आवेदन

जबलपुर। सिहोरा को जिला बनाने की मांग को लेकर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने मध्यप्रदेश प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग के अध्यक्ष को आवेदन सौंपा है। संभागीय आयुक्त के माध्यम से अतिरिक्त कमिश्नर दिनेश कुमार मौर्य को प्रतिवेदन देकर दिसंबर में प्रस्तावित सुनवाई के दौरान सिहोरा के पक्ष में दलीलें प्रस्तुत करने की अनुमति मांगी गई।

मंच ने कहा कि भौगोलिक स्थिति, जनसंख्या और प्रशासनिक व्यवस्था के आधार पर सिहोरा को जिला बनाया जाना आवश्यक है। आयोग द्वारा केवल जनप्रतिनिधियों से सुझाव लेने का निर्णय कानूनन उचित नहीं है। प्रत्येक नागरिक को अपने विचार और तर्क प्रस्तुत करने का अधिकार है। मंच ने नागरिकों से भी आयोग के समक्ष दलीलें रखने की अपील की।उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 में गठित आयोग प्रदेश के संभागों, जिलों, तहसीलों और पंचायतों की सीमाओं की समीक्षा कर रहा है। आयोग 55 में से 50 जिलों का सर्वे पूरा कर चुका है। दिसंबर से सुनवाई शुरू होने तथा मार्च 2027 में रिपोर्ट प्रस्तुत करने की संभावना है। इस अवसर पर डॉ. पी.जी. नाजपांडे, एड. वेदप्रकाश अधीलिया, एड. प्रभात यादव, एड. बृजेश साहू एवं राममिलन शर्मा उपस्थित रहे।



अंतर जिला अंडर-18 क्रिकेट: मयूर के नाबाद 62 रन से बालाघाट की उम्मीदें कायम

जबलपुर। संभागीय क्रिकेट संघ की अंतर जिला अंडर-18 बालक क्रिकेट प्रतियोगिता 2026-27 का शुभारंभ गुरुवार को खमरिया स्थित सुभाष स्टेडियम में हुआ। बालाघाट और सिवनी के बीच खेले जा रहे मुकाबले में सिवनी की टीम पहली पारी में 43.1 ओवर में 178 रन बनाकर आउट हो गई। तनिष्क कुमार ने सर्वाधिक 56 रन बनाए, जबकि हर्षित और तनिष्क सिंह ने 25-25 रन का योगदान दिया। बालाघाट की ओर से तानजल रहगडाले और मयूर ब्योहार ने 3-3 विकेट तथा कृष्णा चौरसिया ने 2 विकेट लिए। जवाब में बालाघाट ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 32 ओवर में 6 विकेट पर 101 रन बना लिए। टीम अभी 77 रन पीछे है। मयूर ब्योहार ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 62 रन की नाबाद पारी खेली, जबकि शुभ सोहने ने 11 रन बनाए। सिवनी के हमजा खान ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके। मैच में अंपायर पवन सिंधिया और प्रतीक खरे रहे, जबकि स्कोरर सचिन साहू ने जिम्मेदारी निभाई। मुकाबले का दूसरा और निर्णायक दिन शुक्रवार को खेला जाएगा। बालाघाट की कोशिश पहली पारी में बढ़त हासिल करने की होगी।

45वीं राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में रोमांचक मुकाबले, जबलपुर सहित कई टीमें विजयी

जबलपुर। 45वीं जूनियर राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश एमेच्योर खो-खो संघ के उपाध्यक्ष सुनील पवार, अटल उपाध्याय और संजय नेमा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। बालक वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में रीवा, मंडला, विदिशा, सतना, मऊगंज, खंडवा, बैतूल और जबलपुर ने जीत दर्ज की। जबलपुर ने बालाघाट को 8 अंक और एक पारी से हराया। बालिका वर्ग में जबलपुर, सीहोर, विदिशा, मंडला, नरसिंहपुर, बैतूल, मऊगंज और खंडवा विजयी रहे। क्वार्टर फाइनल में जबलपुर ने सीहोर को 5 अंक और एक पारी से हराया।



मंडला ने विदिशा को 5 अंक, नरसिंहपुर ने बैतूल को 24 अंक और एक पारी तथा खंडवा ने मऊगंज को 2 अंक और एक पारी से पराजित किया। निर्णायक की भूमिका चंद्रशेखर स्वामी, नैंसी जैन, आफरीन शेख, पूजा बर्मन, मोनिका मेहता, गोल्डी गुप्ता, शुभम काछी, विवेक यादव, उषा शैलोकर, वासु कोरी, आकाश खत्री, अरुण काछी, सुशील जायसवाल, शिवानी यादव, दीपक और नागेंद्र ने निभाई।

आज नीति आयोग एवं भारत सरकार के साथ कृषक प्रतिनिधियों की बैठक के लिए केके अग्रवाल व रुपेंद्र पटैल दिल्ली रवाना



जबलपुर। मध्य प्रदेश से भारत कृषक समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के के अग्रवाल एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य रूपेंद्र पटेल को बैठक में भाग लेने आमंत्रित किया गया, जिन्होंने आज सायं बैठक में भाग लेने दिल्ली प्रस्थान किया। विगत माह जोधपुर (राज.) मे आयोजित अखिल भारतीय कृषक परिषद की बैठक में संकलित किसानों की समस्याओं एवं कृषि नीति के सन्दर्भ मे तैयार ड्राफ्ट / मसौदा जिसमें विशेष रूप से समर्थन मूल्य, फसल लागत गणना, बैंक ऋण माफ़ी, सब्सिडी, गांव खेत किसान के बजट में बढ़ोतरी, स्मार्ट विलेज, आयत निर्यात नीति में सुधार, डब्लू टी ओ में भारत के किसानों का पक्ष, विदेशो से उत्पाद पर अनुकूल टेरीफ समझौता, किसानों की न्यूनतम आय हेतु आयोग का गठन, फसल बीमा में सुधार, पराली पर सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशो का पालन, पूरे देश में विद्युत नियमों मे समानता,बीज क़ानून में सुधार, सोर ऊर्जा का विस्तार आदि सम्मलित है, कल दिल्ली मे आयोजित इस बैठक में रखकर किसानों का पक्ष जोरदारी से रखा जायेगा।

गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, मॉडल भी भेंट किया

जबलपुर।

गढ़ा गोंडवाना संरक्षण संघ के प्रतिनिधिमंडल ने 12 नवंबर को कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा (आईएएस) से मुलाकात कर संग्रहालय परिसर में भव्य प्रवेश द्वार एवं गोंडवाना के 52 गढ़ों के गोंडी राजाओं की स्मृति में बावन गढ़ कीर्ति स्तंभ बनाने की मांग की। इस संबंध में ज्ञापन सौंपने के साथ दोनों निर्माण कार्यों का मॉडल भी भेंट किया।



प्रतिनिधिमंडल में संभागीय अध्यक्ष किशोरीलाल भलावी, कार्यवाहक अध्यक्ष राजेन्द्र चौधरी, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष अजय झारिया, संभागीय महासचिव उत्तम सिंह ताराम, एड. बालकिशन चौधरी, एड. एन. नारायण चौधरी एवं नोखेलाल वरकड़े शामिल थे। कलेक्टर ने शीघ्र संग्रहालय का निरीक्षण कर प्रस्तावों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम आयुक्त अग्रिम कुमार से भी मुलाकात की। राजेन्द्र चौधरी ने डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर असामाजिक तत्वों द्वारा की गई तोड़फोड़ का मुद्दा उठाते हुए प्रतिमा स्थल के पुनर्निर्माण एवं समुचित सुरक्षा व्यवस्था की मांग की।



यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने मनाया 108वां स्थापना दिवस

जबलपुर। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने 11 नवंबर को अपना 108वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर जबलपुर के हिल्टन होटल में विशेष समारोह आयोजित किया गया। इसमें क्षेत्रीय प्रमुख समीर कुमार, पीयूष शर्मा, कुंजन पटेल एवं वसंत घेरावत सहित बैंक के अधिकारी, कर्मचारी, ग्राहक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैंक की स्थापना 11 नवंबर 1919 को हुई थी। स्थापना दिवस पर बैंक कर्मचारियों ने राष्ट्रीय रक्षा कोष में 11.17 करोड़ रुपये का योगदान दिया। वहीं, सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत सीएसआर गतिविधियों के लिए 13.72 करोड़ रुपये दिए गए। समारोह में डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देने के लिए यूपीआई ग्लोबल, ऑनलाइन लॉकर, एम-पासबुक, एनपीएस तत्काल, डिजिटल सॉल्वेंसी सर्टिफिकेट सहित कई नई सेवाएं शुरू की गईं। मुख्य अतिथि एम. दामोदरन ने वर्चुअल माध्यम से 108 नई शाखाओं के शुभारंभ की घोषणा की। इनमें पूर्वोत्तर क्षेत्र की 25 शाखाएं भी शामिल हैं।

श्री चित्रगुप्त मंदिर में भक्तिमय आयोजन

सिहोरा। कायस्थ महासभा द्वारा यम द्वितीया के पावन पर्व पर चित्रगुप्त मंदिर में भगवान चित्रगुप्त का पूजन कार्यक्रम भक्तिमय माहौल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर भगवान चित्रगुप्त का विधि-विधान से पूजन-अर्चन,पाठ, हवन एवं आरती के साथ सुख समृद्धि की कामना की गई तत्पश्चात भंडारे का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर कायस्थ महासभा के संदीप ब्यौहार,आलोक ब्यौहार,संतोष वर्मा,दीपक ब्यौहार, एड आशीष ब्यौहार, ओम नारायण श्रीवास्तव, अमित बक्शी, नारायण प्रसाद ब्यौहार, एड सत्य प्रकाश खरे, जितेंद्र श्रीवास्तव, प्रशांत श्रीवास्तव, संजय ब्यौहार, अनिल ब्यौहार, संजय ब्यौहार, अंशुल बक्शी, सजल ब्यौहार, अखिलेश खरे महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती रश्मि ब्यौहार के साथ समाज के अनेक लोग उपस्थित थे।



बिहार फाउंडेशन ने मंत्री राकेश सिंह महापौर और अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन



जबलपुर। लोक आस्था का चार दिवसीय छठ महापर्व कल से शुरू होगा। पर्व के मद्देनजर बिहार फाउंडेशन जबलपुर चैप्टर, मध्यप्रदेश ने मुकेश दास के नेतृत्व में मंत्री राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम आयुक्त एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीष भारद्वाज से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्वारीघाट, अधारताल तालाब सहित अन्य पूजा स्थलों पर महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, पर्याप्त रोशनी, स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की गई। साथ ही शहर के ट्रैफिक सिग्नलों के वॉइस सिस्टम के माध्यम से छठ पर्व की शुभकामनाएं प्रसारित करने का आग्रह किया गया। इस पर मंत्री राकेश सिंह ने कलेक्टर को आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुकेश दास ने कहा कि छठ महापर्व आस्था, स्वच्छता और अनुशासन का प्रतीक है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु, विशेषकर महिलाएं, घाटों पर सूर्य को अर्घ्य देती हैं। इसलिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर होना जरूरी है। इस अवसर पर रंजित चौहान एवं एस.बी. चौबे सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

छठ पूजा स्थलों पर सफाई, रोशनी और सुरक्षा व्यवस्था की मांग

उत्तर प्रदेश-बिहार महासंघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



जबलपुर।

छठ महापर्व को देखते हुए उत्तर प्रदेश-बिहार महासंघ ने शहर के 18 से अधिक पूजा स्थलों पर साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश, स्वच्छ जल एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है। महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने संयोजक डॉ. राजेश जायसवाल के नेतृत्व में कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। महासंघ ने गौरीघाट, तिलवाराघाट, भटौलीघाट, अधारताल तालाब, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी महाराजपुर, कंचनपुर तालाब, हनुमानताल, गुलौआ तालाब सहित अन्य पूजा स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए बोट, लाइफ जैकेट एवं सुरक्षा कर्मचारियों की व्यवस्था करने की मांग की। विशेष रूप से अधारताल तालाब में जलस्तर कम होने से दुर्घटना की आशंका जताते हुए बैलून बैरिकेडिंग, बोट एवं सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की मांग की गई। साथ ही पूजा स्थलों का आयोजन से पूर्व विभागीय अधिकारियों से निरीक्षण कराने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल में महासंघ अध्यक्ष बनारसी यादव, महामंत्री अमरेंद्र नारायण श्रीवास्तव एवं कोषाध्यक्ष के.एन. सिंह यादव शामिल रहे। महासंघ ने प्रशासन से सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कराने की अपील की।

CHANGE OF NAME

I, BHUPENDER SINGH SOHAL Aged about 50 years S/O HARIPAL SINGH Presently Address H NO. 201A, RC ARCEDE, OPPOSITE, BELASINGH SCHOOL, MADAN MAHAL, JABALPUR (MP)- 482001 AADHAR CARD NO. 9486 3423 7856 I, have changed of my name from BHUPENDRA SINGH (name as per my OLD PASSPORT NO. G2042864 (date of issue 20/03/2007 and place of issue BHOPAL MP) records to BHUPENDER SINGH SOHAL (name as per my AADHAR CARD NO. 9486 3423 7856, PAN CARD NO. AXBPS4754R, AND DRIVING LICENSE) vide affidavit dated 12/11/2026 formerly before Public Notary JABALPUR (MP)

CORRECT NAME
BHUPENDER SINGH SOHAL
INCORRECT NAME
BHUPENDRA SINGH

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र./स.क्रं 11/2026-27 दिनांक 12/11/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेश कुमार पिता श्री मेखराम चौधरी ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक फ्लेट नं. 57 बी.के.एम्पायर सम्पत्ति पिन क्रमांक 1003896145 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 1299 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री प्रतीक त्रिपाठी पिता श्री भास्कर दत्त त्रिपाठी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर

न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर
रा.प्र.क./1280/अ-6/2026-27

आमइश्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवराज सेठा पिता स्व. रतनराज सेठा निवास 792 राधाकृष्णा वार्ड भानतलैया जबलपुर ने मौजा भानतलैया नजूल ब्लाक नं./ डाय शीट नं. 112 प्लाट नं. 116 रकवा 2075 व.फु. खसरा नं....रकवा..... व.फु./हे. पर विक्रयपत्र / हक त्याग / वसीयतनामा / दानपत्र / वारसान हक / दिनांक के .... के आधार पर क्रेता/खातेदार की मृत्यु दिनांक 20/09/2019 को हो जाने के कारण वारसान हक /क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र मृत्यु प्रमाण पत्र खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया हैं। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संघरण खसरा / पटवारी / डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल भानतलैया ब्लाक नं. 112 प्लाट नं. 116 रकवा 2075 व. फु./ है. ग्राम.....प.ह.नं.... खसरा नं. .... रकवा.....व. फु./हे. पर श्रीमति सुषमा पत्नि रतनाराज शिवराज उदयराज विवेक पिता रतनराज श्रीमति माधुरी पति अमर सोनकर पिता रतनराज नि: भानतलैया का नाम दर्ज है। अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 19/11/2026 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता हैं। नियम दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आवत्ति पर कोई सुनवाई नही की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 05/11/2026 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 05/11/2026
पेशी दिनांक 19/11/2026

शील

तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं. /स. क्रं.11/2026-27/203
दिनांक:- 12/11/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री/श्रीमति पुष्पा सिंह पिता छोटे लाल सिंह ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अंवती बाई के फ्लेट नं. 307 कटारिया थीम पार्क समपत्ति के पिन क्रमांक 1002895197 पर दर्ज भू तृतीय तल 1200 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री/श्रीमति रोहित कुमार पिता/पति प्रेम नंदन प्रसाद का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11,
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी
सम्भाग क्रमांक 11 नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्र./स.क्रं 11/2026-27 दिनांक 12/11/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री काबिज राकेश गिरी गोस्वामी पिता स्व. श्री रतन गिरी गोस्वामी ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक 2097 हनुमान मंदिर के पीछे सम्पत्ति पिन क्रमांक 100387449 से नया पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल 577 वर्गफुट शपथ पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती सुशीला देवी गोस्वामी पति स्व. रतन गिरी गोस्वामी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तित किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11, राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम, जबलपुर में प्रमाणं सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.11
नगर निगम, जबलपुर


निधन

श्री अमित किशोर गिरी- 1339 द्वारका नगर भारत सेवक समाज स्कूल के पीछे कांचघर निवासी श्री अमित किशोर गिरी (44) का निधन हो गया है। वे गौतम गिरी के पुत्र थे। इंदु गिरी के भाई थे। उनका अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में हुआ।



श्री रवि शंकर दुबे- चंपानगर रांझी निवासी श्री रवि शंकर दुबे (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री राजकुमार गुप्ता- सिद्धबाबा रोड खेरमाई मंदिर के पास निवासी श्री राजकुमार गुप्ता (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्रीमती अंजना- चेतना मैदान बिलहरी निवासी श्री किशोर की धर्मपत्नी श्रीमती अंजना (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री लल्लाराम लोहिया- चांदमारी लालमाटी निवासी श्री लल्लाराम लोहिया (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री शेषमणि मिश्रा- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी महाराजपुर निवासी श्री शेषमणि मिश्रा (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती सुशीला बाई यादव- शांति नगर व्हीकल निवासी श्री राम गरीब यादव की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला बाई यादव (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री अमित किशोर गिरी- द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री गौतम गिरी के पुत्र श्री अमित किशोर गिरी (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्रीमती शोभना कांधारी- गोरखपुर निवासी श्री विश्वजीत राय की धर्मपत्नी श्रीमती शोभना कांधारी (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

श्री शारदा प्रसाद प्रजापति- छापर रामपुर निवासी श्री शारदा प्रसाद प्रजापति (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

श्री बीरबल मेहतो- बेलबाग तिराहा निवासी श्री बीरबल मेहतो (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

श्री दिलीप रजक- चैतन्य सिटी तिलहरी फेस 2 निवासी श्री नरेश रजक के पुत्र श्री दिलीप रजक (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उद्यापन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति कलाकार से.मी.
फिक्स साइज:- 1x4 से.मी. ब्लैक&ब्लाईट 300/-
फिक्स साइज:- 1x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 1x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

खबर संक्षेप

श्री सीमेंट तीन संयंत्रों पर करेगी 7000 करोड़ निवेश

विशाखापत्तनम। सीमेंट उत्पादक श्री सीमेंट लिमिटेड आंध्र प्रदेश में तीन विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए 7,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। श्री सीमेंट के उपाध्यक्ष सुमंत गौतम ने यहां आयोजित सीआईआई साझेदारी सम्मेलन से इतर कहा कि बांगुर परिवार के प्रवर्तित इस समूह की कडप्पा, अनकापल्ली और गुंटूर जिलों में सीमेंट संयंत्र स्थापित करने की योजना है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने राज्य सरकार की तरफ से निवेशकों को दिए जा रहे प्रोत्साहनों और राज्य में निवेश के अनुकूल माहौल को देखते हुए यह फैसला किया है।

मेगास्पीड ने अमेरिकी जांच में सहयोग का किया वादा

हांगकांग। चिप विनिर्माता कंपनी एनवीडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जेनसन हुआंग से जुड़े विवाद के केंद्र में रही सिंगापुर मुख्यालय वाली प्रौद्योगिकी कंपनी मेगास्पीड ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जोखिम से जुड़ी चिंताओं की जांच में सहयोग करेगी। हुआंग द्वारा चीन की एक महिला और कंपनी की पूर्व कार्यकारी के साथ अपने संबंधों की बात स्वीकार किए जाने के बाद जारी अपने पहले बयान में मेगास्पीड ने कहा कि वह अमेरिकी निर्यात नियंत्रण कानूनों का पालन करने की अपनी जिम्मेदारी को ''बेहद गंभीरता'' से लेती है।

जन होल्डिंग्स का हुआ जन कैपिटल में विलय

नई दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने जन होल्डिंग्स लिमिटेड के जन कैपिटल लिमिटेड में विलय को मंजूरी दे दी है। दोनों कंपनियां जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के प्रवर्तक समूह की इकाइयां हैं। जन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने बीएसई को दी सूचना में कहा, ''बैंक को 11 नवंबर, 2026 को एनसीएलटी की चेन्नई पीठ-द्वितीय द्वारा तीन नवंबर, 2026 को पारित आदेश की प्रति मिली। इस आदेश में विलय की उक्त योजना को मंजूरी दी गई है।''

दुनिया की टॉप कंपनियों पर भारतीयों का कब्जा, पिंचाई शीर्ष पर नडेला पिछड़े

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया की दिग्गज टेक कंपनियों में भारतीय मूल के सीईओ का दबदबा लगातार बढ़ रहा है। एचएसबीसी हुरुन ग्लोबल इंडियंस लिस्ट 2026 में अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने पहला स्थान हासिल किया है। उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नडेला को पीछे छोड़ दिया है। इस लिस्ट में भारतीय मूल के 236 कारोबारी लीडर्स शामिल हैं, जो विदेशों में मुख्यालय वाली 200 कंपनियों का नेतृत्व कर रहे हैं। इन कंपनियों की कुल वैल्यूएशन 15 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 1,350 लाख करोड़ रुपए है।

सुंदर पिचाई की अगुवाई वाली अल्फाबेट इस लिस्ट में सबसे मूल्यवान कंपनी बनकर उभरी है। कंपनी की वैल्यूएशन बढ़कर 4.2 ट्रिलियन डॉलर हो गई है। साल 2024 की पिछली लिस्ट के मुकाबले इसमें 98 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, सत्या नडेला की अगुवाई वाली माइक्रोसॉफ्ट दूसरे स्थान पर है। कंपनी की वैल्यूएशन 17 फीसदी घटकर 2.6 ट्रिलियन डॉलर रह गई है। इस बदलाव के साथ अल्फाबेट ने माइक्रोसॉफ्ट को पीछे छोड़ दिया है।

एचएसबीसी हुरुन ग्लोबल इंडियंस लिस्ट 2026 की सूची जारी

तीसरे स्थान पर संजय मेहरोत्रा

तीसरे स्थान पर माइक्रोन टेक्नोलॉजी के सीईओ संजय मेहरोत्रा हैं। कंपनी की वैल्यूएशन बढ़कर 1.4 ट्रिलियन डॉलर हो गई है। इसमें 1,174 फीसदी की जबरदस्त बढ़ोतरी दर्ज की गई है। एआई सिस्टम में इस्तेमाल होने वाली मेमोरी चिप की बढ़ती मांग को इसकी बड़ी वजह माना गया है। टॉप पांच में यूट्यूब के सीईओ नील मोहन और गूगल क्लाउड के सीईओ थॉमस कुरियन भी शामिल हैं।



200 कंपनियों की कुल वैल्यूएशन 15 ट्रिलियन डॉलर

एचएसबीसी हुरुन ग्लोबल इंडियंस लिस्ट 2026 में शामिल 200 कंपनियों की कुल वैल्यूएशन 15 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गई है। साल 2024 की पहली लिस्ट में यह आंकड़ा 9.9 ट्रिलियन डॉलर था। यानी दो साल में कुल वैल्यूएशन में 53 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। इन कंपनियों में दुनियाभर के करीब 53 लाख लोग काम करते हैं। इनका कुल रेवेन्यू साल 2025 में 2.5 ट्रिलियन डॉलर रहा, जबकि कुल नेट प्रॉफिट 416 अरब डॉलर दर्ज किया गया।

भारतीय संस्थानों से पढ़ाई कर पहुंचे ग्लोबल कंपनियों तक

इस लिस्ट में शामिल करीब 58 फीसदी लीडर्स ने अपनी ग्रेजुएशन की पढ़ाई भारत में पूरी की है। आईआईटी दिल्ली से सबसे ज्यादा 15 लीडर्स निकले हैं। इसके बाद मुंबई यूनिवर्सिटी से 12 और आईआईटी मद्रास से 11 लीडर्स शामिल हैं। महिला लीडर्स की संख्या भी बढ़ी है। इस बार लिस्ट में 16 महिलाएं शामिल हैं, जबकि 2024 में इनकी संख्या 12 थी। इन महिलाओं की अगुवाई वाली कंपनियों की कुल वैल्यूएशन 699 अरब डॉलर है। अरिस्ता नेटवर्क्स की जयश्री उल्लाल इस समूह में सबसे आगे हैं।

पश्चिमी देशों के प्रतिबंध के बावजूद जीवाश्म ईंधन का निर्यात

भारत का रूस से तेल आयात अक्टूबर में रिकॉर्ड 640 करोड़ यूरो पर पहुंचा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने अक्टूबर में रूस से रिकॉर्ड 640 करोड़ यूरो के ईंधन की खरीद की है। कच्चे तेल के आयात में तेज वृद्धि इसकी प्रमुख वजह रही। इससे पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों के बावजूद रूस का जीवाश्म ईंधन निर्यात से राजस्व दिसंबर, 2022 के बाद के सबसे ऊंचे मासिक स्तर पर पहुंच गया। ऊर्जा एवं स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र (सीआरईए) के मासिक विश्लेषण के अनुसार, ''भारत अक्टूबर, 2026 में रूस के जीवाश्म ईंधन का दूसरा सबसे बड़ा खरीदार रहा। उसने कुल 640 करोड़ यूरो के रूसी हाइड्रोकार्बन का आयात किया, जो जनवरी, 2022 से उपलब्ध आंकड़ों में उसका सबसे ऊंचा मासिक आंकड़ा है।

कच्चे तेल के आयात में तेज वृद्धि इसकी प्रमुख वजह

स्व दिसंबर, 2022 के बाद के सबसे ऊंचे मासिक स्तर पर पहुंचा

भारत की कुल खरीद में कच्चे तेल की हिस्सेदारी 91 फीसदी

भारत की कुल खरीद में कच्चे तेल की हिस्सेदारी 91 प्रतिशत रही, जिसका मूल्य 580 करोड़ यूरो था। कोयला (33.3 करोड़ यूरो) और तेल उत्पाद (23.2 करोड़ यूरो) शेष मासिक आयात में शामिल रहे।'' चीन, रूस के जीवाश्म ईंधन का सबसे बड़ा वैश्विक खरीदार बना रहा। शीर्ष पांच आयातकों से रूस के निर्यात राजस्व में उसकी हिस्सेदारी 51 प्रतिशत यानी 1,070 करोड़ यूरो रही।



भारत की तीन रिफाइनरी सबसे बड़ी आयातक

सीआरईए ने कहा, ''अक्टूबर, 2026 में भारत का रूसी कच्चे तेल का आयात पिछले महीने की तुलना में 10 प्रतिशत बढ़ा। भारत की तीन सबसे बड़ी आयातक रिफाइनरी इकाइयों में रूसी कच्चे तेल का आयात बढ़ा। इनमें नायरा एनर्जी की वाडिनार रिफाइनरी में 12 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की जामनगर रिफाइनरी में 22 प्रतिशत और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड की पारादीप रिफाइनरी में 28 प्रतिशत की मासिक वृद्धि हुई।''

जामनगर रिफाइनरी सबसे बड़ी आयातक

सीआरईए ने कहा कि इस वृद्धि से जामनगर रिफाइनरी एक बार फिर समुद्र के रास्ते आने वाले रूसी कच्चे तेल की सबसे बड़ी आयातक बन गई है। अक्टूबर, 2026 में यूरोपीय संघ रूस के जीवाश्म ईंधन का तीसरा सबसे बड़ा खरीदार रहा। शीर्ष पांच आयातकों से रूस के निर्यात राजस्व में उसकी हिस्सेदारी 11 प्रतिशत यानी 220 करोड़ यूरो थी। रूसी कच्चे तेल का इस्तेमाल करने वाली भारत, तुर्किये और बुल्गेरिया की रिफाइनरियों ने रूस के फरवरी, 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद उस पर प्रतिबंध लगाने वाले देशों को 160 करोड़ यूरो के तेल उत्पादों का निर्यात किया।

निर्यात से राजस्व छह प्रतिशत बढ़ा

अनुमान है कि इनमें से 38.9 करोड़ यूरो के उत्पाद रूसी कच्चे तेल से तैयार किए गए थे। इस बीच, समुद्र के रास्ते कच्चे तेल के निर्यात से होने वाली कमाई 23 प्रतिशत बढ़कर प्रतिदिन 35.2 करोड़ यूरो हो गई। सीआरईए के जनवरी, 2022 में आंकड़े जुटाना शुरू करने के बाद यह सबसे ऊंचा मासिक स्तर है। पाइपलाइन के जरिये कच्चे तेल के निर्यात से राजस्व में छह प्रतिशत की वृद्धि हुई।

यूराल्स का भाव 13 प्रतिशत बढ़ा

रूस के यूराल्स कच्चे तेल का औसत भाव 13 प्रतिशत बढ़कर 101.7 डॉलर प्रति बैरल हो गया। यह अक्टूबर, 2021 के बाद का सबसे ऊंचा मासिक औसत है और एक फरवरी, 2026 से लागू यूरोपीय संघ तथा ब्रिटेन की 44.1 डॉलर प्रति बैरल की मूल्य सीमा का दोगुने से भी अधिक है।

कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से बाजार में तेजी

शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन भी रही तेजी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त दर्ज की गई। विदेशी निवेशकों की लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच सेंसेक्स और निफ्टी मामूली तेजी के साथ बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 31.61 अंक प्रतिशत चढ़कर 81,911.01 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 82,325.61 अंक के ऊपरी स्तर तक गया और 81,576.15 अंक के निचले स्तर तक आया। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 44.30 अंक की बढ़त के साथ 25,299.35 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक और इटर्नल के शेयरों में सबसे अधिक तेजी रही।



■ विदेशी निवेशकों की लिवाली से मिला समर्थन

दूसरी तरफ, हिंदुस्तान यूनिलीवर, मारुति, पावर ग्रिड और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के शेयर गिरावट में रहे। **ब्रेंट क्रूड गिरकर 92.50 डॉलर प्रति बैरल पर** : शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 12,563.33 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की थी।

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.44 प्रतिशत गिरकर 92.50 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

कार्यालय सहायक वन संरक्षक (छिंदवाड़ा क्षेत्र) पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी (म.प्र.)

Mob. :–9424792606 E-mail :- adchhindwara.pnp@mp.gov.in

क्रमांक/स.व.सं./ 1780 **आम सूचना** छिंदवाड़ा/ दिनांक 02/11/2026

सर्व साधारण को सूचना दी जाती है, कि वन अपराध प्रकरण क्रमांक 46033/23, दिनांक 19 .08 .2025 में अवैध सागौन काष्ठ परिवहन में लिप्त मोटर सायकल हीरा होण्डा पेसन प्रो क्रमांक MH-40-K-2197 चेचिस क्रमांक 07K05C06283 ग्राम पुन्तरा से सुरंगी पी .डब्ल्यू .डी . मार्ग के पास दरमियानी रात्रि करीब 12 .30 बजे जप्त की गई। गश्ती दल द्वारा पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी खमारपानी परिक्षेत्र बफर छिंदवाड़ा क्षेत्र की शासकीय जंगल से 02 नग सागौन चरपट 0 .058 घ .मी . का अवैध परिवहन करते उक्त वाहन को पकड़ा गया। जिसमें भारतीय वन अधिनियम 26 की धारा 1927 (1) क एवं मध्यप्रदेश वनोपज अधिनियम (व्यापार विनियमन) 1969 की धारा 5 (1) के तहत उल्लघंन करने पर अज्ञात व्यक्ति के नाम से प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

अतएव सूचित किया जाता है, कि जिस किसी के आधिपत्य में उक्त जप्त हीरा होण्डा पेसन प्रो क्रमांक MH-40-K-2197 चेचिस क्रमांक 07K05C06283 थी, तुरंत इस कार्यालय के समक्ष हाजिर होकर पंजीयन अभिलेख एवं जानकारी लेकर सूचना प्राप्ति शीघ्रातिशीघ्र इस कार्यालय में हाजिर हो एवं अपना परिवाद प्रस्तुत करे अन्यथा सूचना समाचार पत्र में मुद्रित होने के 15 कार्य दिवस के उपरांत प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही कर अंतिम निर्णय लिया जावेगा। इस पर कोई क्षति होती है तो शासन उत्तरदायी नहीं रहेगा।

सहायक वन संरक्षक
(छिंदवाड़ा क्षेत्र)
पेंच टाईगर रिजर्व सिवनी

G-21331/26

सोना टूटकर 1,43,00 रुपए प्रति दस ग्राम

सोना 2,200 रुपए और टूटा, चांदी रही स्थिर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतों में गिरावट का सिलसिला लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में जारी रहा। कमजोर घरेलू बाजार के बीच बृहस्पतिवार को सोना 2,200 रुपये टूटकर 1,43,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। स्थानीय कारोबारियों के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव बुधवार के बंद भाव 1,45,600 रुपये प्रति 10 ग्राम से 2,200 रुपये टूटकर 1,43,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर सहित) रह गया। हालांकि, चांदी की कीमत 1,87,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही। कारोबारियों ने कहा कि कमजोर मांग और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतों में गिरावट के



कारण सोने की कीमतों पर दबाव बना रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि वैश्विक बाजार में हाजिर सोने का भाव एक प्रतिशत यानी 39.93 डॉलर गिरकर 3,950 डॉलर प्रति औंस से नीचे आ गया। इसकी प्रमुख वजह अमेरिकी डॉलर का मजबूत होना है, जिससे सोने की कीमतों पर दबाव पड़ा। चांदी की कीमत भी 1.17 प्रतिशत गिरकर 51.06 डॉलर प्रति औंस रह गई।

डॉलर सूचकांक में गिरावट

मिराए एसेट शेयरखान के जिंस प्रमुख प्रवीण सिंह ने कहा कि यदि डॉलर सूचकांक 103 के मजबूत प्रतिरोध स्तर को निर्णायक रूप से पार कर जाता है, तो यह बढ़कर 104.50 तक पहुंच सकता है। इससे कीमती धातुओं की कीमतों पर और दबाव बढ़ सकता है। बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर सूचकांक गिरावट के साथ 102.88 पर कारोबार कर रहा था।

एयरटेल का तीन माह बाद 299 रुपए वाला प्लान आया वापस

एजेंसी ▶▶| मुंबई

एयरटेल ने अपना पुराना 299 रुपए वाला प्रीपेड रिचार्ज प्लान फिर से शुरू कर दिया है। एयरटेल ने करीब तीन महीने पहले इस प्लान को बंद कर दिया था। इसके बाद ग्राहकों के पास 28 दिन की वैलिडिटी वाला रोजाना डेटा प्लान लेने के लिए ज्यादा पैसे खर्च करने का विकल्प बचा था। अब कंपनी ने 299 रुपए का प्लान वापस तो ला दिया है, लेकिन इसमें एक बदलाव किया गया है। पहले रोज 1.5 जीबी डेटा मिलता था, अब सिर्फ 1 जीबी डेटा मिलेगा। यह बदलाव ऐसे समय में हुआ है जब एयरटेल के मोबाइल ग्राहकों की



संख्या बढ़ने की रफ्तार धीमी हुई है और कंपनी का नेटवर्क छोड़ने वाले ग्राहकों का अनुपात भी बढ़ा है। ऐसे में 299 रुपए का प्लान वापस लाने के फैसले को कस्टमर्स को रोकने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। एयरटेल के वापस लाए गए 299 रुपए वाले प्रीपेड प्लान में 28 दिन की वैलिडिटी मिलती है। इसमें हर दिन 1 जीबी हाई-स्पीड डेटा, अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग और रोजाना 100 एसएमएस मिलते हैं। इस तरह पूरे 28 दिन में ग्राहक को कुल 28 जीबी डेटा मिलेगा। पहले इसी कीमत पर रोज 1.5 जीबी डेटा मिलता था। यानी पुराने प्लान के मुकाबले अब हर दिन 500 एमबी डेटा कम मिलेगा। इसका सीधा असर उन यूजर्स पर पड़ेगा जो रोजाना वीडियो देखते हैं, सोशल मीडिया इस्तेमाल करते हैं या मोबाइल इंटरनेट पर ज्यादा समय बिताते हैं। अगर आपका डेटा इस्तेमाल रोजाना 1 जीबी से ज्यादा है, तो आपको एक्स्ट्रा डेटा पैक लेना पड़ सकता है।

तीन महीने पहले बंद किया गया था 299 रुपए वाला प्लान

एयरटेल ने अगस्त 2026 में अपने प्रीपेड प्लान की कीमतों और फायदे में बदलाव किया था। इसी दौरान कंपनी ने 299 रुपए के अलावा 319 रुपए, 579 रुपए, 619 रुपए और 649 रुपए वाले कुछ प्लान भी बंद कर दिए थे। इन प्लान में रोजाना 1.5 जीबी डेटा और अनलिमिटेड कॉलिंग जैसे फायदे मिलते थे। 299 रुपए वाला प्लान बंद होने के बाद 28 दिन की वैलिडिटी के साथ रोजाना डेटा चाहने वाले ग्राहकों के लिए 349 रुपए का प्लान एक प्रमुख विकल्प बन गया था।

यूनिटेक का शुद्ध घाटा बढ़कर 808 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। रियल एस्टेट कंपनी यूनिटेक लिमिटेड को चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में 808.45 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ है। कंपनी की आय में गिरावट के कारण उसका घाटा बढ़ा है। कंपनी को बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 738.72 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था। यूनिटेक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि जुलाई-सितंबर 2026 तिमाही में उसकी कुल आय घटकर 120.94 करोड़ रुपये रह गई, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 151.01 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी को 566.80 करोड़ रुपये की कुल आय पर 3,018.14 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था।

डैन्यूब की शाहरुख के नाम पर आवासीय परियोजना

दुबई। डैन्यूब प्रॉपर्टीज ने बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के नाम पर अपनी दुबई स्थित आवासीय परियोजना में मकानों की बुकिंग शुरू कर दी है। कंपनी ने कहा कि परियोजना में 50 करोड़ रुपये कीमत वाले सभी पेंटहाउस पहले ही दिन बिक गए। 'शाहरुख्ज रेजिडेंसेज बाय डैन्यूब' नाम की इस परियोजना की शुरुआत बृहस्पतिवार को हुई। इसमें सेलिब्रिटी इंटीरियर डिजाइनर एवं अभिनेता शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान द्वारा डिजाइन किए गए पेंटहाउस भी शामिल हैं।

एनवीडिया का शेयर 14 प्रतिशत लुढ़का

न्यूयॉर्क। एनवीडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जेनसेन हुआंग के इस्तीफे की घोषणा के बाद दिग्गज चिप विनिर्माता के शेयर में बृहस्पतिवार को 14 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गई। इस वजह से अमेरिकी शेयर बाजार भी नीचे आ गया। मानक सूचकांक एसएंडपी 500 शुरुआती कारोबार में 0.7 प्रतिशत गिर गया। इसी तरह, नैस्डैक कंपोजिट एआई कंपनियों के शेयरों में कमजोरी के कारण 1.5 प्रतिशत लुढ़क गया। इससे कृत्रिम मेधा (एआई) क्षेत्र में आई तेजी के कमजोर पड़ने की आशंका पैदा हो गई है, जिसने पिछले कुछ वर्षों में वॉल स्ट्रीट को लगातार रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचाया था। एनवीडिया के सह-संस्थापक और कंपनी का प्रमुख चेहरा रहे हुआंग ने अपने विवाहेतर संबंध को लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा संबंधी चिंताएं खड़ी होने के बाद इस्तीफा दे दिया। कंपनी ने कार्यकारी उपाध्यक्ष और मुख्य वित्त अधिकारी कोलेट क्रेस को अंतरिम सीईओ नियुक्त किया है।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

कं./भंडार/2026.27/ **।। ई - निविदा आमंत्रण ।।** छिन्दवाड़ा दिनांक.....

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी / सचिव जिला स्वास्थ्य समिति छिन्दवाड़ा निविदा सूचना का क्रमांक 25962 वर्ष 2026.27

जिला छिन्दवाडा के निर्धारित स्वास्थ्य संस्थाओं हेतु राज्य शासन द्वारा निर्धारित सी - टाइप उपकरण / फर्नीचर / अन्य सामग्रियां क्रय किये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2026-27 में ई-निविदा www.mptenders.gov.in जारी किये जाने की सूचना प्रकाशन

क्रं.	निविदा का प्रकार	निविदा जारी दिनांक	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि
1	जिला छिन्दवाडा के निर्धारित निर्धारित स्वास्थ्य संस्थाओं हेतु राज्य शासन द्वारा सी- टाइप उपकरण / फर्नीचर / अन्य सामग्रियां कय किये जाने हेतु	10/11/2026	01/12/2026

इच्छुक व्यक्ति / फर्म / कंपनी निविदा की शर्त निविदा जमा करने, निविदा खोलने एवं अमानत राशि से संबंधित समस्त जानकारी ऑनलाईन ई-निविदा के माध्यम से निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त की जा सकती है नोट :- कोई भी शुध्दपत्र उपरोक्त बेबसाईट पर ही अपलोड किया जावेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को उक्त निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने या निविदा को बिना करण बताये निरस्त करने का अधिकार होगा।

आदेशानुसार
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी /
सचिव जिला स्वास्थ्य समिति जिला छिन्दवाड़ा

G-21354/26

संचालनालय आयुष, म.प्र.
(भू-तल "डी" विंग, सतपुडा भवन, भोपाल - 462004)

www.ayush.mp.gov.in Office (0755) 2552931
E-mail:jdayush@mp.gov.in Fax (0755) 2760225

- स्नातक स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड काउंसिलिंग कार्यक्रम - ।। (स्टेट कोटा)- दिनांक : 10/11/2026
- बी ए एम एस / बी एच एम एस / बी यू एम एस / बी एन वाय एस-

म.प्र. आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी स्नातक पाठ्यक्रम प्रवेश नियम-2026 म.प्र. प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग स्नातक पाठ्यक्रम प्रवेश नियम-2026 में भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग/राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग/म.प्र. शासन, आयुष विभाग से प्रवेशानुमति प्राप्त शासकीय स्वशासी एवं निजी आयुर्वेद/होम्योपैथी/यूनानी/प्राकृतिक चिकित्सा एवं योग विज्ञान महाविद्यालयों में प्रवेश की कार्यवाही एम.पी. ऑनलाइन के माध्यम से संपन्न कराई जायेगी।

2/ प्रवेश काउंसिलिंग के अंतर्गत स्ट्रे वैकेन्सी राउण्ड का कार्यक्रम - ।। निम्नानुसार है:-

क्रमांक	विवरण	दिनांक एवं समय
1	NEET UG -2026 के पात्र उम्मीदवारो के द्वारा ऑनलाईन पंजीयन तिथि	दिनांक 15/11/2026 से 16/11/2026 रात्रि 11:59 बजे तक
2	पंजीयन फार्म में ऐडिट करने की सुविधा (Only For the newly registered candidates of the Stray vacancy round-1.)	दिनांक 15/11/2026 से 16/11/2026 रात्रि 11:59 बजे तक
3	हेल्प सेन्टर्स पर अभिलेख सत्यापन (Please note that once the candidate's details have been verified, they will not be able to make any further changes to their registration information.)	दिनांक 16/11/2026 से 17/11/2026 सांय 05 बजे तक
4	रिक्त सीटो की स्थिति	दिनांक 19/11/2026
5	मैरिट सूची का प्रकाशन	दिनांक 19/11/2026
6	पात्रताधारी अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन	दिनांक 19/11/2026
7	अभ्यर्थी द्वारा महाविद्यालयों की प्राथमिकता क्रम का निर्धारण (च्वाईस फीलिंग)	दिनांक 20/11/2026 से 21/11/2026 सायं 11:59 बजे तक
8	च्वाईस फीलिंग, लॉकिंग तथा ऐडिट करने की सुविधा	दिनांक 20/11/2026 से 21/11/2026 सायं 11:59 बजे तक
9	महाविद्यालयवार मेरिट सूची का प्रकाशन	दिनांक 25/11/2026 से
10	महाविद्यालय में अभ्यर्थियों द्वारा उपस्थिति (रिपोर्टिंग) दर्ज कराने की तिथि एवं समय	दिनांक 26/11/2026 से 27/11/2026 को सायं 4:00 बजे तक
11	महाविद्यालय में रिपोर्टेड अभ्यर्थियों की मेरिट सूची का प्रकाशन	27/11/2026 को सायं 5:00 बजे तक
12	महाविद्यालय में अस्थायी प्रवेश	दिनांक 28/11/2026 प्रातः 09 बजे से सायं 6:00 बजे तक
13	प्रवेश निरस्तीकरण	28/11/2026 सायं 7:00 बजे तक

नोट :-1-प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी उक्त प्रकाशित ऑनलाइन काउंसिलिंग कार्यक्रम अनुसार प्रवेश का अवसर प्राप्त कर सकते है। 2-पंजीयन उपरान्त अभ्यर्थियों को प्रदेश के शासकीय स्वशासी आयुर्वेद/होम्योपैथी/यूनानी महाविद्यालय में अपने अभिलेखों का सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। 3-उपरोक्त काउंसिलिंग प्रक्रिया अंतर्गत भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग/राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग, नई दिल्ली/म.प्र. शासन, आयुष विभाग से प्रवेशानुमति प्राप्त शासकीय स्वशासी एवं निजी आयुष महाविद्यालयों को सम्मिलित किया जायेगा। 4-मैरिट सूची के आधार पर महाविद्यालय में निर्धारित समय में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश प्रक्रिया में शामिल कर मैरिट क्रमानुसार रिक्त सीटों पर पर्यवेक्षक की उपस्थिति में महाविद्यालय द्वारा ऑनलाइन प्रवेश दिया जायेगा। 5-महाविद्यालय में रिपोर्टिंग हेतु निर्धारित समयावधि में उपस्थिति दर्ज न कराने की स्थिति में प्रवेश हेतु कोई दावा मान्य नही होगा। 6-महाविद्यालय में निर्धारित समयावधि में रिपोर्टेड अभ्यर्थियों की महाविद्यालय में पर्यवेक्षक की उपस्थिति में पुनः मैरिट जारी की जायेगी जिसके आधार पर अभ्यर्थियों को ऑनलाइन प्रवेश प्रदान किया जायेगा। 7-नियम / निर्देशों एवं किसी किसी भी प्रकार के अपडेट/संशोधन हेतु विभागीय वेबसाईट https://ayush.mp.gov.in एवं एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल https://ayush.mponline.gov.in का सतत अवलोकन करते रहें।

उप संचालक
संचालनालय आयुष म.प्र.

G-21338/26 **"स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"**

कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ/स) संभाग कटनी (म. प्र.)
E-mail- eepwdkatni@nic.in Phone No. 07622-224277

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 21/व.ले.लि. / 2026-27/ **निविदा आमंत्रण सूचना** कटनी, दिनांक 04/11/2026

मध्यप्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत व्यवस्थापन के अन्तर्गत ठेकेदार से राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग भोपाल की प्रभावशील दर अनुसूची दिनांक 01.01.2024 (भवन) तथा दिनांक 11.04.2025 (सड़क) समस्त संशोधन सहित कार्य हेतु निविदायें आनलाईन Appendix 2.10 निविदा में आमंत्रित की जाती है बिड सेल आनलाईन https://mptenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकेगी। निविदायें सम्बन्धित कार्यालय में टेण्डर टाईम शैडयूल के अनुसार खोली जावेगी।

क्र.	टेण्डर आई.डी. क्रमांक	जिला	एस.ओ.आर	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	अनुमानित लागत राशि (रू. लाख में)	कार्य की अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्यपूर्ण करने की संभावित तिथी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	2026_PWDRB_547648_1	कटनी	11.04.25 01.01.24	सड़क विद्युत	टिकरिया से सिंघवारा होते हुये देवराकला देवसरी इंदौर पहुँच मार्ग लंबाई 2.20 कि.मी. का निर्माण कार्य विद्युतीकरण कार्य सहित	चतुर्थ	214.77	214770	15000	06 माह वर्षा ऋतु सहित
					योग		214.77			

निविदा की कुल अनुमानित राशि रुपए 214.77 लाख (दो करोड़ चौदह लाख सतहत्तर हजार मात्र)

उपरोक्त वेवसाईट में आन लाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा आनलाइन बिड सबमिशन की अंतिम तिथि 25.11.2028 सांय 17.30 बजे तक निर्धारित है। ई.एम. डी. केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी एवं अन्य दस्तावेज केवल आनलाईन माध्यम से ही प्राप्त की जावेगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी का विवरण शासन की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ / स) संभाग कटनी

G-21353/26 **"स्वच्छता ही सेवा"**

चिंतन

खाद पर सब्सिडी जारी रखना उचित कदम



सियासत

प्रो.(डॉ) मनोज दयाल

किसान पहले ही महंगे डीजल, बीज, कीटनाशकों और मजदूरी की मार झेल रहे हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों और कच्चे माल की कीमतें बढ़ने के बावजूद केंद्र सरकार ने सब्सिडी का बोझ खुद उठाकर किसानों को राहत देने का फैसला किया है। रबी सीजन 2026-27 के लिए 62,370 करोड़ रुपये की सब्सिडी और डीएपी की 50 किलो की बोरी का मूल्य 1,350 रुपये पर बरकरार रखना स्वागतयोग्य कदम है। सवाल यह है कि जब खेती की लागत लगातार बढ़ रही है और फसल का उचित मूल्य हासिल करना भी किसानों के लिए चुनौती बना हुआ है, तब खाद पर मिलने वाली राहत को कैसे कम किया जा सकता है? पश्चिम एशिया में जारी संकट और रूस-यूक्रेन युद्ध ने अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला तथा उर्वरकों के कारोबार को प्रभावित किया है। कच्चे माल की महंगाई का असर खाद की कीमतों पर पड़ना स्वाभाविक है। ऐसे में पिछले रबी सीजन के मुकाबले सब्सिडी में 24,418 करोड़ रुपये की वृद्धि सरकार की किसान हितैषी नीति को दर्शाती है। लेकिन यह भी समझना होगा कि उर्वरक सब्सिडी केवल सरकारी खजाने से दी जाने वाली आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि कृषि उत्पादन और खाद्य सुरक्षा को बनाए रखने का महत्वपूर्ण माध्यम है। खाद महंगी होने का असर अंततः उत्पादन लागत और खाद्य पदार्थों की कीमतों पर भी पड़ सकता है। इसके बावजूद खाद वितरण की जमीनी व्यवस्था पर सवाल बने हुए हैं। कई बार किसानों को सीजन के दौरान खाद के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता है। कहीं किल्लत तो कहीं कालाबाजारी और निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली की शिकायतें सामने आती हैं। ऐसे में सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि सब्सिडी का लाभ वास्तविक किसानों तक पहुंचे। खाद की उपलब्धता, वितरण और बिक्री की नियमित निगरानी हो तथा कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। आखिर जिस राहत के लिए सरकार हजारों करोड़ रुपये खर्च कर रही है, उसका लाभ बिचौलियों या जमाखोरों की जेब में क्यों जाए? कैबिनेट का प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की ऋण गारंटी निधि को पांच साल बढ़ाने का फैसला भी छोटे कारोबारियों के लिए अहम है। पांच हजार करोड़ रुपये के कोष से अगले पांच वर्षों में 12.6 लाख करोड़ रुपये के ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। ऋण गारंटी शुल्क एक प्रतिशत से घटाकर 0.75 प्रतिशत करना भी सकारात्मक पहल है। सितंबर 2026 तक योजना के तहत 60.36 करोड़ से अधिक ऋण मंजूर किए जा चुके हैं, जिनकी राशि 43.34 लाख करोड़ रुपये है। यह छोटे कारोबारियों को औपचारिक बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने का बड़ा प्रयास है। यह देखना भी जरूरी है कि कितने छोटे उद्यम स्थापित हुए, कितनों ने रोजगार पैदा किया और कितने कारोबार कर्ज के बोझ से बाहर निकलकर आत्मनिर्भर बन पाए। कुल मिलाकर, खाद पर सब्सिडी जारी रखने और मुद्रा योजना की ऋण गारंटी को विस्तार देने का फैसला अर्थव्यवस्था के दो महत्वपूर्ण आधारों को मजबूती देने वाला है। किसान को खेती की बढ़ती लागत से राहत मिलेगी तो छोटे कारोबारियों को नए अवसर मिलेंगे। वैश्विक अनिश्चितताओं के दौर में सरकार का आर्थिक बोझ खुद उठाना दूरदर्शी कदम है। जरूरत इस बात की है कि इन योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। साथ ही, घरेलू उत्पादन, स्वरोजगार और रोजगार सृजन को बढ़ावा देकर ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए, जिसमें किसान व उद्यमी आत्मनिर्भर बन सकें।

क्या ट्रंप पर चलेगा महाभियोग

जिस अमेरिकी राष्ट्रपति ने पूरी दुनिया को अपनी शर्तों पर चलाने का सपना देखा था, आज वही अपने ही देश में राजनीतिक अस्तित्व बचाने की चुनौती से जूझ रहा है। चुनावी झटकों ने रिपब्लिकन पार्टी में असंतोष बढ़ा दिया है और 2026 के मध्यावधि चुनाव के बाद तीसरी बार महाभियोग की आशंका भी गहराने लगी है। पार्टी में बगावत और जनता की नाराजगी ने डोनाल्ड ट्रंप को दोहरी मुश्किल में डाल दिया है। ऐसे में उन्हें भारत के साथ व्यापार समझौते में राजनीतिक संजीवनी नजर आ रही है। सवाल है कि क्या भारत के साथ डील ट्रंप की डूबती नैया को सहारा दे पाएगी? क्या अमेरिका से बेहतर व्यापारिक शर्तें हासिल करने और एच-1बी वीजा पर राहत पाने का यह भारत के लिए सुनहरा अवसर है?

सांप छुछुंदर वाली स्थिति ..! दोहरी आफत में फंसे अमेरिकी राष्ट्रपति..! कुर्सी पर खतरे के बादल ..!, पार्टी में बगावत.. ! पर भारत से उम्मीद की डोर..! ये तो होना ही था ..! अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस समय अपने राजनीतिक जीवन के सबसे कठिन दौर से गुजर रहे हैं। चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने पर महाभियोग कि भी संभावना बनती दिख रही है । जिस व्यक्ति ने पूरी दुनिया को अपनी मुट्ठी में करने का सपना देखा था, वही आज अपनी ही कुर्सी बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है। विश्व के गलियारों में अब एक ही सवाल गूंज रहा है -क्या जग जीत की चाह रखने वाले ट्रंप पर महाभियोग चलेगा? यह सवाल हवा में नहीं उठा है। इसके पीछे ठोस राजनीतिक कारण हैं। अमेरिका में हुए हाल के चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी को करारी शिकस्त मिली है। न्यूयॉर्क के मेयर चुनाव से लेकर वर्जीनिया और न्यूजर्सी के गवर्नर चुनाव तक, डेमोक्रेट्स ने ट्रंप के उम्मीदवारों को धूल चटा दी है। यह सिर्फ हार नहीं, यह ट्रंप के खिलाफ जनमत संग्रह था। डेमोक्रेट्स के भारतीय मूल के अमेरिकी निथ्या रमन,राजीव पुरी,सब हैदर एवं ज्योति सिंह ने इस मध्यावधि चुनाव मे अभूतपूर्व जीत हासिल कर अपना परचम लहराया है। अमेरिकी जनता ने साफ कह दिया है टैरिफ वॉर, महंगाई और अहंकार की राजनीति अब नहीं चलेगी।



क्या आज ट्रंप पर दोहरी आफत है? क्या कुर्सी जाने का खतरा बरकरार है? क्या पार्टी में फूट की कगार पर भी है? वास्तव में ट्रंप पर इस समय दोहरी आफत है। पहली आफत है- कुर्सी जाने का खतरा। दूसरी आफत है अपनी ही पार्टी में फूट। अमेरिकी संविधान में महाभियोग का प्रावधान है। अगर राष्ट्रपति पर गंभीर अपराध, सत्ता के दुरुपयोग या संविधान के उल्लंघन का आरोप सिद्ध हो जाए, तो प्रतिनिधि सभा (हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स) महाभियोग चला सकती है और सीनेट उन्हें पद से हटा सकती है। ट्रंप पर यह खतरा पहले भी मंडराया है। वे अमेरिका के इकलौते राष्ट्रपति हैं, जिन पर दो बार महाभियोग चल चुका है। पहली बार 2019 में यूक्रेन मामले में और दूसरी बार 2021 में कैपिटल हिल हिंसा के मामले में। दोनों बार वे सीनेट में बच गए थे, पर अब स्थिति अलग है। अब डेमोक्रेट्स के पास प्रतिनिधि सभा में बहुमत हासिल करने का मौका है। 2026 के मध्यावधि चुनाव में अगर डेमोक्रेट्स ने हाउस पर कब्जा कर लिया, तो ट्रंप पर तीसरी बार महाभियोग चलना लगभग तय माना जा रहा है। आरोपों की सूची लंबी है - टैरिफ के नाम पर कांग्रेस की अनुमति के बिना आर्थिक आपातकाल लगाना, न्याय विभाग का राजनीतिक इस्तेमाल, विदेशी सरकारों पर दबाव बनाना, और अपने व्यापारिक हितों के लिए पद का दुरुपयोग करना। दूसरी आफत पार्टी के अंदर है। रिपब्लिकन पार्टी अब दो धड़ों में बंट गई है। एक धड़ा है ट्रंप के कट्टर समर्थक, जिन्हें 'मागा' कहा जाता है। दूसरा धड़ा है पारंपरिक रिपब्लिकन, जो अब ट्रंप की शैली से थक चुके हैं। कई रिपब्लिकन सांसद खुलेआम कह रहे हैं कि ट्रंप की वजह से पार्टी चुनाव हार रही है। वे ट्रंप से दूरी बना रहे हैं। कुछ ने तो यह भी कहना शुरू कर दिया है कि ट्रंप को अब राष्ट्रपति पद से हटकर पार्टी को नए नेतृत्व को सौंप देना चाहिए। यह फूट ट्रंप के लिए सबसे खतरनाक है। जब अपना घर ही टूटने लगे, तो बाहर की लड़ाई कैसे लड़ी जाएगी? ट्रंप इस फूट को रोकने के लिए अपने विरोधियों को धमका रहे हैं, उन्हें पार्टी से निकालने की धमकी दे रहे हैं, पर इससे फूट और बढ़ रही है। अस्तित्व की रक्षा में क्या अमेरिका भारत से व्यापार समझौता कर सकता है? इसी अस्तित्व रक्षा के संकट में ट्रंप को भारत याद आ रहा है। राजनीति का एक पुराना नियम है जब घर में संकट हो, तो बाहर एक बड़ी जीत दिखाओ। ट्रंप भी यही करना चाहते हैं। अस्तित्व की रक्षा में ट्रंप भारत से व्यापार समझौते को प्राथमिकता देना आरंभ कर चुके हैं। पहले वे भारत पर दबाव बना रहे थे। 50% टैरिफ की धमकी दे रहे थे। पर अब वे नरम पड़ रहे हैं। क्यों? क्योंकि उन्हें एक बड़ी कूटनीतिक जीत चाहिए, जिसे वे अमेरिकी जनता और अपनी पार्टी के बागियों को दिखा सकें। भारत के साथ एक सार्थक व्यापार समझौता अब पहले से कहीं ज्यादा संभव दिख रहा है। दोनों देशों के बीच बातचीत के कई दौर हो चुके हैं। भारत ने अमेरिका को कई क्षेत्रों में रियायत देने का संकेत दिया है, तो अमेरिका ने भी टैरिफ घटाने की बात कही है। अगर यह समझौता हो जाता है, तो ट्रंप कह सकेंगे - देखो, मैंने दुनिया के सबसे बड़े बाजार को अमेरिका के लिए खोल दिया। इससे अमेरिकी किसानों, टेक कंपनियों और निर्माताओं को फायदा होगा। यह समझौता ट्रंप के लिए सिर्फ व्यापार नहीं, यह उनकी राजनीतिक संजीवनी है। वे इसे महाभियोग के खतरे से बचने के लिए एक ढाल की तरह इस्तेमाल करना चाहते हैं। क्या एच-1बी में भारत को और लाभ मिल सकता है? इस समझौते का सबसे बड़ा लाभ भारतीय पेशेवरों को मिल सकता है। एच-1बी वीजा का मुद्दा भारतीयों के लिए हमेशा से भावनात्मक रहा है। पिछले वर्षों में ट्रंप ने एच-1बी को सख्त किया था। फीस बढ़ा दी, नियम कड़े कर दिए। लेकिन अब अमेरिकी टेक कंपनियां ट्रंप पर दबाव डाल रही हैं। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन - सब कह रहे हैं कि हमें भारतीय टैलेंट चाहिए। एआई की दौड़ में अमेरिका चीन से पीछे नहीं रहना चाहता, और इसके लिए उसे भारतीय इंजीनियर चाहिए। ऐसे में माना जा रहा है कि व्यापार समझौते के साथ एच-1बी में भारत को और लाभ मिल सकता है। वीजा कोटा बढ़ सकता है, फीस में राहत मिल सकती है, ग्रीन कार्ड की प्रक्रिया आसान हो सकती है। इससे भारतीय पेशेवरों को कुछ हद तक राहत मिलेगी। यह राहत पूरी नहीं होगी, पर कम से कम एक स्थिरता आएगी, जो पिछले कुछ वर्षों में गायब हो गई थी। क्या अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप पर महाभियोग चलेगा? कानूनी रूप से यह संभव है, पर राजनीतिक रूप से कठिन है। निष्कर्षः में एस कहा जा सकता है कि भारत की भूमिका निर्णायक है। जग जीत की चाह रखने वाले ट्रंप आज अपने ही घर में घिरे हैं। उनकी कुर्सी पर संकट है, पार्टी में फूट है, जनता में नाराजगी है। ऐसे में भारत उनके लिए एक अवसर भी है और एक परीक्षा भी।भारत को इस मौके का लाभ उठाना चाहिए, पर सावधानी के साथ। भारत को व्यापार समझौता करना चाहिए, पर अपने किसानों की कीमत पर नहीं। भारत को एच-1बी में लाभ लेना चाहिए, पर अपनी संप्रभुता से समझौता किए बिना। ट्रंप का भविष्य अब काफी हद तक भारत से जुड़ गया है। अगर भारत से डील हो गई, तो ट्रंप को महाभियोग से बचने का एक मजबूत हथियार मिल जाएगा। अगर डील टूट गई, तो ट्रंप की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी।इतिहास गवाह है कि जब भी अमेरिकी राष्ट्रपति घर में कमजोर हुआ है, उसने विदेश में जीत तलाशी है। ट्रंप भी वही कर रहे हैं। अब देखना है कि क्या भारत ट्रंप की नैया का पतवार बनेगा, या फिर ट्रंप का महाभियोग का सामना करना पड़ेगा?

(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे विवि, रायपुर के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

जवाबदेही

प्रो. वंदना अरोड़ा



विरोध का अधिकार, लेकिन संवैधानिक मर्यादा के साथ

लोकतंत्र की सबसे बड़ी खूबसूरती यह है कि इसमें नागरिकों को सरकार से सवाल पूछने, नीतियों की आलोचना करने और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने का अधिकार है। विरोध लोकतंत्र की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी जीवंतता का प्रमाण है। हालांकि, उतना ही महत्वपूर्ण यह समझना भी है कि विरोध का तरीका क्या हो और उसका उद्देश्य क्या होना चाहिए। किसी व्यवस्था में भ्रष्टाचार, अनियमितता या प्रशासनिक लापरवाही सामने आने पर आवाज उठाना आवश्यक है, लेकिन क्या हर समस्या का समाधान सड़कों पर आंदोलन, राजनीतिक दबाव और किसी मंत्री के इस्तीफे की मांग तक ही सीमित होना चाहिए? क्या कानून और संविधान के दायरे में रहकर उठाई गई आवाज अधिक प्रभावी और स्थायी बदलाव का माध्यम नहीं बन सकती? आज आवश्यकता इस बात की है कि विरोध की संस्कृति को केवल भीड़, नारों और राजनीतिक टकराव तक सीमित न रखा जाए, बल्कि उसे तथ्यों, कानूनी अधिकारों और संवैधानिक प्रक्रियाओं से जोड़ा जाए। भारतीय संविधान प्रत्येक नागरिक को अनुच्छेद 19 के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण ढंग से एकत्र होने का अधिकार प्रदान करता है। इसका अर्थ है कि नागरिक सरकार की नीतियों की आलोचना कर सकते हैं, जनप्रतिनिधियों से जवाब मांग सकते हैं और प्रशासनिक निर्णयों के प्रति असहमति व्यक्त कर सकते हैं। हालांकि, ये अधिकार उचित कानूनी प्रतिबंधों और सार्वजनिक व्यवस्था से संबंधित संवैधानिक सीमाओं के अधीन हैं। किसी व्यवस्था की गलती का विरोध करते समय कानून को कमजोर करना नहीं, बल्कि कानून का सहारा लेकर उस गलती को उजागर करना हमारा उद्देश्य होना चाहिए। उदाहरण के तौर पर, यदि शिक्षा व्यवस्था में अनियमितता हुई है, परीक्षा प्रक्रिया में गड़बड़ी सामने आई है या किसी विभाग में भ्रष्टाचार के प्रमाण मिलते हैं, तो सबसे पहले तथ्यों और साक्ष्यों को व्यवस्थित रूप से सामने लाया जाना चाहिए। संबंधित विभाग में शिकायत, सूचना का अधिकार (आरटीआई), सतर्कता विभाग, सक्षम जांच एजेंसी और आवश्यकता पड़ने पर न्यायालय का दरवाजा खटखटाया जा सकता है। यदि इन प्रक्रियाओं के बावजूद कार्रवाई नहीं होती, तो शांतिपूर्ण धरना, प्रदर्शन और जनजागरण भी लोकतांत्रिक विरोध के वैध माध्यम हैं। महत्वपूर्ण यह है कि जनआवाज के साथ कानूनी प्रक्रिया भी आगे बढ़े, ताकि विरोध केवल नारों तक सीमित न रहकर जवाबदेही और परिणाम तक पहुंचे। किसी मंत्री के इस्तीफे की मांग करना अपने आप में गलत नहीं है। यदि किसी गंभीर प्रशासनिक विफलता के लिए संबंधित मंत्री की जिम्मेदारी बनती है, तो राजनीतिक और नैतिक जवाबदेही तय करने की मांग पूरी तरह लोकतांत्रिक है। लेकिन यह प्रश्न विचारणीय है कि क्या केवल इस्तीफे से समस्या का स्थायी समाधान हो जाता है? यदि शिक्षा विभाग में अनियमितताएं हैं, तो केवल मंत्री बदलने से क्या पूरी व्यवस्था सुधर जाएंगी? यदि परीक्षा प्रणाली में खामियां हैं, तो क्या नए मंत्री के आने से भविष्य में ऐसी गड़बड़ियां रुकने की गारंटी मिल जाएगी? वास्तविक बदलाव के लिए जरूरी है कि आरोपों की निष्पक्ष जांच हो, दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए और व्यवस्था में मौजूद खामियों को दूर किया जाए। अन्यथा एक व्यक्ति पद छोड़ देगा और दूसरा पद संभाल लेगा, लेकिन मूल समस्या जस की तस बनी रह सकती है। इसलिए किसी भी विरोध का उद्देश्य केवल इस्तीफा हासिल करना नहीं, बल्कि जवाबदेही सुनिश्चित करना और व्यवस्था में ठोस सुधार लाना होना चाहिए। जेन जेड यानी नई पीढ़ी में अपने अधिकारों के प्रति बढ़ती जागरूकता और सवाल पूछने का साहस लोकतंत्र के लिए सकारात्मक संकेत है। युवाओं की सबसे बड़ी ताकत केवल उनकी संख्या नहीं, बल्कि उनकी जानकारी, तार्किक सोच, तथ्यों की समझ और संगठित नागरिक भागीदारी है। यदि युवा किसी सरकारी नीति या निर्णय से असहमत हैं, तो वे तथ्यों के आधार पर अपनी बात रख सकते हैं, संबंधित अधिकारियों से जवाब मांग सकते हैं, जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन दे सकते हैं और उपलब्ध कानूनी उपायों का सहारा ले सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन भी किया जा सकता है। आखिरकार, लोकतंत्र की मजबूती इस बात से तय नहीं होती कि कितनी बार सड़कें जाम हुईं या कितने नारे लगाए गए। उसकी वास्तविक मजबूती इस बात में है कि नागरिक अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों, सरकार जवाबदेह हो, कानून निष्पक्ष रूप से लागू हो और संस्थाएं गलतियों को सुधारने के लिए प्रभावी ढंग से काम करें। विरोध हमारा अधिकार है, लेकिन संवैधानिक मर्यादा जिम्मेदारी। बदलाव की मांग करें, लेकिन तथ्यों के साथ, तर्क के साथ और कानून के दायरे में रहकर।

(लेखिका पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ में लॉ डिपार्टमेंट की चेयरपर्सन हैं हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

ज्ञान, भक्ति व कर्म की पूर्णता श्रीराम



संकलित

दर्शन

उपदेश जब ग्रंथ से दिया जाएगा तो लिखने के काम आएगा, जब पढ़कर दिया जाएगा तो सुनने के काम आएगा। उपदेश जब जीवन में चरितार्थ हो जाएगा, तब स्वाभाविक रूप से ग्राह्य और अनुकरणीय हो जाएगा। श्रीरामचरितमानस में लीला और चरित्र दोनों चरितार्थ हैं, जिसमें उपदेश दिया नहीं गया, चरितार्थ करके दिखाया गया है। चरितार्थ भी ऐसे हुआ है कि जिसमें चमत्कार और अप्रासंगिकता नहीं है। भगवान राम ने अपना कोई मूल्यांकन नहीं किया, पर दूसरे के हर कार्य की प्रशंसा की, उन्हें उत्साहित किया। ज्ञान की समझ, भक्ति-भावना और कर्म की शैली में यदि व्यावहारिकता नहीं है, तब साधक के जीवन में ज्ञान, भक्ति और कर्म की त्रिपुटी केवल प्रदर्शन योग्य ही रह जाएगी। उसका शुद्ध प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। इस सर्वांगीण पूर्णता के साथ पृथ्वी पर मात्र भगवान राम ही अवतरित हुए, जिनका मानवोचित गुणों का निर्वहन करते हुए भी स्वयं का सत, चित, और आनंद स्वरूप अपने शुद्ध स्वरूप में बना रहा। ज्ञान की व्यावहारिकता है कि किसी से कुछ इच्छा न रखे और सब में एक ही ब्रह्म का साक्षात्कार करे। भक्ति की व्यावहारिकता है कि संसार के सारे संबंधों का आधार भगवान को माने। सहज संतोषी स्वभाव हो। मन में कुटिलता न हो। कर्म की व्यावहारिकता यह है कि व्यक्ति स्वयं को सेवक माने। संसार के लोगों के शुभ और सत्कर्मों की प्रशंसा अवश्य करे। भगवान श्रीराम ने स्वयं में कोई गुण नहीं देखा, अपितु दूसरे के अवगुणों में भी गुण पक्ष को ग्रहण कर उसका उपयोग लोकहित में किया। यही ज्ञान, भक्ति और कर्म की पूर्णता है।

मानव धर्म ही सर्वोपरि



संकलित

प्रेरणा

एक विदेशी को अपराधी समझ जब राजा ने फांसी का हुक्म सुनाया तो उसने अपशब्द कहते हुए राजा के विनाश की कामना की। राजा ने अपने मंत्री से, जो कई भाषाओं का जानकार था, पूछा- यह क्या कह रहा है? मंत्री ने विदेशी की गालियां सुन ली थीं, किंतु उसने कहाः महाराज! यह आपको दुआएं देते हुए कह रहा हैः आप हजार साल तक जिएं। राजा यह सुनकर बहुत खुश हुआ, लेकिन एक अन्य मंत्री ने जो पहले मंत्री से ईर्ष्या रखता था, आपत्ति उठाईः महाराज! यह आपको दुआ नहीं गालियां दे रहा है। वह दूसरा मंत्री भी बहुभाषी था। उसने पहले मंत्री की निंदा करते हुए कहाः ये मंत्री जिन्हें आप अपना विश्वासपात्र समझते हैं, असत्य बोल रहे हैं। राजा ने पहले मंत्री से बात कर सत्यता जाननी चाही, तो वह बोलाः हां महाराज! यह सत्य है कि इस अपराधी ने आपको गालियां दीं और मैंने आपसे असत्य कहा। पहले मंत्री की बात सुनकर राजा ने कहाः तुमने इसे बचाने की भावना से अपने राजा से झूठ बोला। मानव धर्म को सर्वोपरि मानकर तुमने राजधर्म को पीछे रखा। मैं तुमसे बेहद खुश हुआ। फिर राजा ने विदेशी और दूसरे मंत्री की ओर देखकर कहाः मैं तुम्हें मुक्त करता हूं। निर्दोष होने के कारण ही तुम्हें इतना क्रोध आया कि तुमने राजा को गाली दी और मंत्री महोदय तुमने सच इसलिए कहाः क्योंकि तुम पहले मंत्री से ईर्ष्या रखते हो। ऐसे लोग मेरे राज्य में रहने योग्य नहीं। तुम इस राज्य से चले जाओ। वस्तुतः दूसरों की निंदा करने की प्रवृत्ति से अन्य की हानि होने के साथ-साथ स्वयं को भी नुकसान ही होता है।

अंतर्मन



आज की पाती

सांसदों की पेंशन खत्म हो

श्रीलंका ने 17 फरवरी 2026 को सांसदों की पेंशन समाप्त कर एक ऐसा फैसला लिया जिसने भारत में भी राजनीतिक पदों से जुड़े आजीवन आर्थिक लाभों पर बहस छेड़ दी है। श्रीलंका की संसद में पेंशन खत्म करने वाले विधेयक के पक्ष में 154 और विरोध में केवल दो वोट पड़े। नया कानून 1977 से लागू सांसद पेंशन कानून को समाप्त करता है और इसका असर उन पूर्व सांसदों पर भी पड़ा जो पहले से पेंशन प्राप्त कर रहे थे। श्रीलंका के इस फैसले के बाद भारत में उद्योगपति हर्ष गोयनका ने एक्स पर सवाल उठाया कि क्या भारत में भी राजनीतिक विशेषाधिकारों पर पुनर्विचार का समय आ गया है। उनका तर्क है कि सार्वजनिक पद जिम्मेदारी है, आजीवन अधिकार नहीं।

- मंयक कौशिक, रोहतक

ट्रेंड

डेडलाइन जरूरी



भूकंप हो या बाढ़, जब लोग जान बचाकर भाग रहे होते हैं, तब रिपोर्टर अपनी जान जोखिम में डालकर खबर की कवरेज करते हैं। न्यूज की दुनिया में डेडलाइन सबसे जरूरी होती है। उसी तरह जिंदगी में भी डेडलाइन जरूरी होती है। -नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

हमेशा तैयार रहें रक्षा बल



हमारे रक्षा बलों को ऐसी क्षमताएं और तरीके विकसित करने चाहिए, जिससे दुश्मन को प्रतिक्रिया देने या संभलने का समय न मिले। साथ ही, हमें दुश्मन की किसी भी अप्रत्याशित कार्रवाई के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। -राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

अखिलेश पूर्व सीएम ही रहेंगे



अखिलेश यादव यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री हैं और इंशाल्लाह पूर्व ही रहेंगे। गोली लगने का दर्द आज भी चंद्रशेखर आजाद की कमर में रहता है। कांच के महलों में रहने वालों को पत्थर नहीं फेंकने चाहिए। वे नहीं समझ सकते कि चंद्रशेखर का परिवार किन मुश्किलों से गुजरा है, क्योंकि वे विरासत की राजनीति करते हैं। -असदुद्दीन ओवैसी, एआईएमआईएम प्रमुख

धर्म के नाम पर वोट न दें



मैं चुनावी राजनीति से दूर रहता हूं, लेकिन सरकार को सिर्फ वोटों से डर लगता है। अगर आप सरकार के काम से खुश हैं, तो उसे वोट दें; वरना किसी दूसरी पार्टी को वोट दें। जाति, धर्म, भाषा या क्षेत्रवाद के आधार पर वोट न दें। लेकिन वोट देते समय किसानों हितों के बारे में जरूरी सोचें।

-राकेश टिकैत, किसान नेता

करंट अफेयर

न्यूयार्क की परेड में सुनीता विलियम्स बनीं 'ग्रैंड मार्शल'



अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा (नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता 'सुनी' विलियम्स ने न्यूयॉर्क सिटी में 107वें पूर्व सैनिक दिवस की परेड में 'ग्रैंड मार्शल' की भूमिका निभाई। अमेरिकी नौसेना की पूर्व सैनिक (वेटरन) विलियम्स के साथ इस वार्षिक परेड में हजारों अमेरिकी पूर्व सैनिक, वर्तमान सैन्य कर्मी, मार्चिंग बैंड, देशभक्त संगठन, सैन्य वाहन और अन्य प्रतिभागी शामिल हुए। यह परेड उन लोगों के सम्मान में आयोजित की जाती है, जिन्होंने वर्षों तक देश की सेवा की है। इस अवसर पर उपस्थित न्यूयॉर्क के भारतीय मूल के मेयर जोहरान ममदानी सहित अन्य लोगों को संबोधित करते हुए विलियम्स ने कहा कि 107वें पूर्व सैनिक दिवस की परेड में शामिल होना उनके लिए ''बेहद सम्मान की बात'' है। उन्होंने कहा, ''जब मैं सेना में शामिल हुई थी तो मैंने एक पल के लिए भी नहीं सोचा था कि मैं कभी पूर्व सैनिक बनूंगी... उस समय आप युवा होते हैं और सोचते हैं कि अपना जीवन कैसे बिताएंगे।

ऑफ बीट

बायोमार्कर कैसे करते हैं सेहत का आकलन



मान लीजिए कि पांच सदस्यों वाला एक परिवार फ्लू के वायरस के संपर्क में आता है, लेकिन उनमें से केवल दो लोग बीमार पड़ते हैं। एक व्यक्ति जीवनभर धूम्रपान करता है और 100 साल तक जीवित रहता है, जबकि अपने करियर के चरम पर पहुंचा एक पेशेवर खिलाड़ी अचानक दिल का दौरा पड़ने से मर जाता है। इसी तरह, कोई दवा कुछ मरीजों पर अच्छा असर दिखाती है, लेकिन कुछ मरीजों में गंभीर दुष्प्रभाव होने के कारण नैदानिक परीक्षण में विफल हो जाती है। क्या इनमें से किसी भी घटना का पहले से अनुमान लगाया जा सकता था? इसका सीधा जवाब है- अभी तक तो नहीं। हालांकि 'बायोमार्कर' की मदद से भविष्य में ऐसा संभव हो सकता है। बायोमार्कर शरीर में मौजूद ऐसी कोई भी चीज है, जिसे मापा जा सकता है और जिससे डॉक्टरों को किसी व्यक्ति की मौजूदा या भविष्य की सेहत के बारे में जानकारी मिलती है। बायोमार्कर कई तरह के होते हैं और आधुनिक चिकित्सा में इनकी अहम भूमिका है। इनसे यह समझने में मदद मिलती है कि मानव शरीर के अंदर क्या हो रहा है।

हमारा पता

हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



काली खेती का डरावना ट्रेलर रिलीज जैकी-शरद की दमदार एक्टिंग

नई दिल्ली। जब खेती जाग उठेगी, तब क्या होगा? फिल्म 'काली खेती' का डर अब खेतों से निकलकर असल जिंदगी तक पहुंच गया है। फिल्म का रोमांचक ट्रेलर दर्शकों को आने वाले खौफ की एक झलक दिखाता है। जैकी श्रॉफ और शरद केलकर की मुख्य भूमिकाओं वाली इस फिल्म का ट्रेलर एक ऐसी डरावनी दुनिया की झलक पेश करता है, जहां खेती अब केवल फसल उगाने की जगह नहीं रह गई है, बल्कि एक बेहद खौफनाक जगह बन चुकी है। फिल्म की डरावनी पृष्ठभूमि में हर तरफ रहस्य और भय का माहौल नजर आता है, जहां हर राज अपने साथ डर लेकर आता है। यह डरावनी फिल्मों में आमतौर पर दिखाई जाने वाली कहानियों से आगे बढ़ता है।

लाइफ Style

समरीन

क्रिकेटर अर्शदीप से हुई सगाई



पंजाबी अभिनेत्री समरीन कौर ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट से अपने फैंस को हैरान कर दिया है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के साथ कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने बताया है कि क्रिकेटर से उनकी सगाई हो गई है। तस्वीरों से साथ अभिनेत्री ने एक प्यारी पोस्ट लिखी है।

नई दिल्ली। अभिनेत्री ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें वह अपनी सगाई की अंगूठी दिखा रही हैं। वह अर्शदीप के साथ गले मिल रही हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, 'जिंदगी हमें जो कुछ भी दे सकती थी, उनमें से सबसे अच्छी बात यह है कि जीवन भर साथ रहने के लिए उसने हमें एक-दूसरे से मिलाया।' अर्शदीप और समरीन पिछले कुछ समय से एक दूसरे को डेट कर रहे थे। अब इन दोनों ने जीवनभर साथ रहने का फैसला किया है और सगाई कर ली है। समरीन कौर सिनेमा जगत की उभरती हुई अभिनेत्री हैं। वह धीरे-धीरे अपनी पहचान बना रही हैं। वह कई पंजाबी म्यूजिक वीडियोज और फिल्म प्रोजेक्ट्स में नजर आ चुकी हैं। खासतौर पर यंग ऑडियंस के बीच काफी पॉपुलर हो रही हैं। वह सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। यहां वह अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ की झलक फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। समरीन कौर का जन्म 1999 में जम्मू-कश्मीर में हुआ था। उनकी मां प्रोफेसर हैं और पिता भी शिक्षा क्षेत्र से जुड़े हैं, इसलिए बचपन से ही उनके जीवन में अनुशासन और पढ़ाई अहम हिस्सा रहे। समरीन ने पुणे के सिम्बायोसिस से बी.कॉम (ऑनर्स) किया और बाद में चंडीगढ़ से एमबीए की पढ़ाई पूरी की। साल 2018 में अभिनेत्री की जिंदगी में बड़ा बदलाव आया। वह फेमिना मिस इंडिया प्रतियोगिता में स्टेट फाइनलिस्ट बनीं।

हॉलीवुड मसाला

रसेल को 10.5 साल की सजा



लॉस एंजिल्स। ब्रिटिश एक्टर-कॉमेडियन रसेल ब्रांड से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। रसेल एक महिला के साथ रेप और तीन अन्य महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न के मामले में दोषी पाए गए हैं। लंदन की एक अदालत ने उन्हें सोमवार को सजा सुनाई है। उन्हें 10.5 साल की जेल हुई है। जिस मामले मे उन्हें सजा हुई, वो 20 साल पुराना मामला है। जज जोएल बेनाथन ने रसेल ब्रांड से कहा कि उन्होंने महिलाओं के प्रति 'लापरवाह और अहंकारी रवैया' दिखाया।



डीसी स्टूडियोज के सीईओ और चेयरपर्सन ने दिया इस्तीफा

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड के मशहूर डीसी स्टूडियोज में बड़ा बदलाव हुआ है। जेम्स गन और पीटर सफ्रान ने स्टूडियो के चेयरपर्सन और सीईओ का पद छोड़ दिया है। उनकी जगह मार्वल स्टूडियोज के पुराने साथी लेगें। मार्वल स्टूडियो के जेरेमी लेचम को नई जिम्मेदारी मिली है। बीते दिनों डीसी स्टूडियोज से रिजाइन करने के बाद जेम्स गन और पीटर सफ्रान ने वैरायटी को बयान दिया। उन्होंने कहा, 'चार साल पहले, हमने डीसी को एक क्रिएटिव सोच के तहत एकजुट करने का बीड़ा उठाया था. उस समय हमने 'सुपरमैन' को डीसी के दिल में वापस लाने में मदद की। इसके साथ ही 'पीसमेकर', 'क्रीचर कमांडोज', 'लैंटर्न्स' और 'क्लेफेस' के जरिए फिल्मों और टेलीविजन में नए दरवाजे खोले और नई कहानियां दर्शकों तक पहुंचाईं। हमें उस पूरी टीम पर बेहद गर्व है, जिसने हमारे इस लक्ष्य को हकीकत में बदला। इसमें वो सभी कलाकार, क्रू मेंबर्स और अधिकारी शामिल हैं, जिनके साथ हमें काम करने का मौका मिला।



मातृभूमि के साथ आएगी इम्तियाज की 'ओ साथी रे'

मुंबई। सलमान खान की 'मातृभूमि' और श्रद्धा कपूर की 'ईठा' 4 दिसंबर को रिलीज होगी, जिनका बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होगा। अब इसी वक्त इम्तियाज अली की 'ओ साथी रे' भी आ रही है। 2026 के आखिरी महीने यानी दिसंबर में कई बड़ी फिल्में आने वाली हैं। जिनका फिलहाल इंतजार हो रहा है। यूं तो दिसंबर सलमान खान और शाहरुख खान के फैन्स के लिए बेहद खास है। जी हां, 4 दिसंबर को सलमान खान की फिल्म 'मातृभूमि'आ रही है। वहीं, उस फिल्म का श्रद्धा कपूर की 'ईठा'से क्लैश होगा। साथ ही अब इस डेट पर इम्तियाज अली की 'ओ साथी रे' भी शेड्यूल हो गई है। पर यहां जो पेंच है, वो यह है कि फिल्म सीधे ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर आएगी। दरअसल, यह एक रोमांटिक ड्रामा सीरीज है, जिसे इम्तियाज अली ने बनाया और लिखा है। और वही इसके शो रनर भी हैं।



एक्टिंग छोड़ हर चीज में टांग अड़ा रहे एक्टर्स

नई दिल्ली। फिल्म निर्माता करण जौहर ने बॉलीवुड में बढ़ती 'भेड़चाल' को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने सवाल उठाया है कि अभिनेता अपनी एक्टिंग पर ध्यान देने के बजाय, फिल्म निर्माण के हर पहलू में शामिल होने के लिए इतने उत्सुक क्यों रहते हैं। एक इंटरव्यू में, उन्होंने बताया कि उन्हें ऐसे कई एक्टर्स मिले हैं जो कास्टिंग, बजट और प्रचार अभियानों में भी अपनी राय देना चाहते हैं। वे अपने निभाए जा रहे किरदारों के बजाय बॉक्स-ऑफिस के ट्रेंड्स को लेकर ज्यादा चिंतित रहते हैं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वे फिल्म इंडस्ट्री के काम करने के तरीके को लेकर चिंतित हैं, तो करण ने कहा कि उन्हें कलाकारों के बीच 'भेड़चाल' (सबकी देखा-देखी चलने की प्रवृत्ति) को लेकर ज्यादा चिंता है। उन्होंने कहा कि कई कलाकार अब अपनी अंतरात्मा की नहीं सुनते, जैसा कि वे पहले किया करते थे।

टीवी मसाला



कृष्णा के आशियाने को देखती रह गईं अर्चना

नई दिल्ली। टीवी और कॉमेडी की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाने वाले कृष्णा अभिषेक अपनी शानदार कॉमिक टाइमिंग के लिए जाने जाते हैं। पर्दे पर उनका अंदाज जितना मस्तीभरा और रंगीन है, उनके घर की झलक भी कुछ वैसी ही नजर आती है। हाल ही में अभिनेत्री और टीवी पर्सनैलिटी अर्चना पूरन सिंह ने अपने यूट्यूब चैनल पर कृष्णा अभिषेक के घर का पूरा टूर कराया। सामने आए इस वीडियो में कृष्णा की पत्नी और अभिनेत्री कश्मीरा शाह के साथ उनके परिवार की निजी दुनिया देखने को मिली। घर की सजावट देखकर साफ पता चलता है कि इस कपल ने इसे किसी दिखावे के बजाय अपनी पसंद, आराम और परिवार की जरूरतों के हिसाब से तैयार किया है। आमतौर पर बॉलीवुड और टीवी सितारों के घरों में सफेद रंग, महंगे फर्नीचर और बेहद सलीके से सजाए गए इंटीरियर देखने को मिलते हैं, लेकिन कृष्णा का घर इससे काफी अलग है।

बेटी का नाम घसीटने पर नाराज हुए जय

नई दिल्ली। बिग बॉस 20 जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है, ये गेम और भी पेचीदा होता जा रहा है। कई कंटेस्टेंट के बीच जहां जबरदस्त झगड़ा देखने को मिल रहा है, तो वहीं दूसरी तरफ काफी लोग ऐसे हैं, जिनके निशाने पर माही विज हैं। बीते दिनों हुए नॉमिनेशन और कैप्टेन्सी दोनों ही टास्क में माही विज कई घरवालों के निशाने पर आईं। यहां तक कि जिस तरह से कैप्टेनसी टास्क में माही विज की 7 साल की बेटी तारा भानुशाली का नाम घसीटा गया, उसे लेकर अब एक्ट्रेस के एक्स हसबैंड जय भानुशाली का गुस्सा फूटा है और उन्होंने एक बड़ी कसम ले ली है। माही विज जो रोबोट बनकर चेयर पर बैठी थीं, उन्हें कैप्टेन्सी टास्क में कुर्सी से उठाने के लिए जिस तरह से यंग डीएसए, उदिति सिंह और कनिका मान ने बेटी का नाम लेकर बुली किया, उसको लेकर जय भानुशाली ने नाराजगी व्यक्त की है।

ग्लोबल म्यूजिक स्टेज पर फिर छाएंगे दिलजीत, मैडोना संग करेंगे परफॉर्म



मुंबई। पंजाबी म्यूजिक का जलवा अब दुनियाभर में देखने को मिल रहा है। सिंगर और एक्टर दिलजीत दोसांझ एक बार फिर अपने म्यूजिक से इंटरनेशनल स्टेज पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। दिलजीत दुनिया के सबसे बड़े म्यूजिक फेस्टिवल्स में शामिल कोचेला वैली म्यूजिक एंड आर्ट्स फेस्टिवल 2027 में परफॉर्म करते नजर आएंगे। फेस्टिवल के आयोजकों ने अगले साल होने वाले इस इवेंट की कलाकारों की लिस्ट जारी कर दी है, जिसमें दिलजीत के साथ दुआ लीपा, टेम इम्पाला और एसजेडए जैसे बड़े नाम शामिल हैं। इसके अलावा पॉप म्यूजिक की दिग्गज सिंगर मैडोना, जेआईएसओओ, फोएबे ब्रिजर्स और रोबिन भी इस फेस्टिवल का हिस्सा होंगी। कोचेला 2027 का आयोजन कैलिफोर्निया के इंडियो स्थित एम्पायर पोलो क्लब में होगा। यह फेस्टिवल दो वीकेंड में आयोजित किया जाएगा। पहला वीकेंड 9 से 11 अप्रैल और दूसरा वीकेंड 16 से 18 अप्रैल तक चलेगा। इस बार शुक्रवार को दुआ लीपा, शनिवार को टेम इम्पाला और रविवार को एसजेडए हेडलाइनर के तौर पर परफॉर्म करेंगे।

ये प्रेम मोल लिया का 'बुलाए छठी मां' गाना रिलीज

नई दिल्ली। बॉलीवुड फिल्मों में भी छठ पूजा को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। पहले फिल्म 'द वन' और अब फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' में छठी मां की पूजा का महत्व दिखाया जाएगा। वहीं, मेकर्स ने छठ पूजा के पहले आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ की फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' का नया गाना रिलीज किया गया, जिसका नाम है 'बुलाए छठी मां'। गाने में आयुष्मान और शरवरी अपने पूरे परिवार के साथ छठ पूजा करते दिखाई दे रहे हैं। इस फिल्म के जरिए कई सालों बाद सूरज बड़जात्या ने हिमेश रेशमिया के साथ हाथ मिलाया है। फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' का निर्देशन सूरज आर. बड़जात्या ने किया है और इसे राजश्री प्रोडक्शंस ने महावीर जैन फिल्म्स के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है। ये फिल्म 27 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, जिसे राजश्री प्रोडक्शंस और महावीर जैन फिल्म्स द्वारा एक बड़े पर्दे की फैमिली एंटरटेनर के तौर पर पेश किया जा रहा है।



आस्था के साथ लोगों की भावनाओं से भी जुड़ा है छठ महापर्व

उदित, सोनू समेत इन बॉलीवुड सिंगर्स ने गाए छठी मैया के गीत

नई दिल्ली। छठ महापर्व की तैयारी शुरू हो गई है। देशभर में इस लोक त्योहार को हर साल धूमधाम से मनाया जाता है। आस्था के साथ ये लोगों की भावनाओं से भी जुड़ा महापर्व है। इस त्योहार पर गीतों का अहम योगदान रहा है। शारदा सिन्हा की आवाज में गाए उनके छठ गीत आंखों में आंसू ले आते हैं। लेकिन, बॉलीवुड के भी ऐसे कई बड़े सिंगर्स हैं जिन्होंने छठी मैया के लिए गीत गाए हैं। इन सिंगर्स के गाए इन गीतों ने न सिर्फ ऑडियंस को प्रभावित किया, बल्कि इन गीतों ने उन्हें रुला दिया।



उषा

लता मंगेशकर की बहन उषा मंगेशकर ने साल 1961 में आई में आई फिल्म मैया में छठी मैया के लिए पहली गीत "सुपवे नरियरवे' गया था। ये वो पहला छठ गीत ता जिसे फिल्माया गया था। फिल्म का ये गीत मगही भाषा में था जो करीब 65 साल बाद भी अपनी अलग छाप छोड़े हुए हैं।



सोनू

हिंदी फिल्मों में कई शानदार गीत देने वाले सिंगर सोनू निगम ने भी छठी मैया के लिए गाना गया हुआ है। सिंगर की आवाज में आपको 'जय छठी मैया' सुनने को मिल जाएगा। उनके साथ ये गीत पवन सिंग ने भी गाया था। सोनू निगम की आवाज में इस गाने को खूब पसंद किया गया।



उदित

उदित नारायण बिहार के रहने वाले हैं। उन्हें छठ महापर्व और इससे जुड़ी भावनाओं की गहरी समझ रखते है। सिंगर ने छठ के महापर्व पर खूबसूरत गाने गाए है जिसके बोल हैं 'बरत छठ कईनी', 'चउमुख दियरि', 'छठी माई नामवा तोहार', 'बहंगी छठी माई के', 'कैसे तू करबू बहिनी छठिया रतिया'और 'पहिले पहिल छठी मइया'। ये दोनों ही गाने लोगों के बीच खूब पसंद किए गए।



अनुराधा

अनुराधा पौडवाल भक्ति गीत गाने के लिए जानी जाती हैं। 90 के दशक में सिंगर में ने टी-सीरीज के लिए कई ऐसे भक्ति गीत गाए जो आज भी मशहूर हैं। उनकी इस लिस्ट में छठ के गाने भी हैं। उनकी मधुर आवाज में छठी मैया के लिए 'उगिहें सूरज देव', 'कांच ही बांस के बहंगिया', 'आदित मनाईला', 'अरघ के बेर', 'मारबो रे सुगवा धनुख', 'चैर पहर हम जल थल सेविला', 'हे छठी मईया' जैसे गाने गाए खूब सुने गए।



पलक

बॉलीवुड सिंगर पलक मुच्छल फिल्मों के लिए कई शानदार गाने गाए हैं। लेकिन उनकी आवाज में छठी मैया का गीत 'छठी माई के आस', 'जोड़े जोड़े फलवा', 'के करेली छठ बरतिया', 'चढ़ते कटिकावा हो दीनानाथ' खूब मशहूर हुए।



आशा

बॉलीवुड की मशहूर सिंगर आशा भोसले ने अपने सिंगिंग करियर में छठी मैया के लिए भी गीत गाए हैं। साल 1979 में आई भोजपुरी फिल्म छठी 'मईया की महिमा' में छठ गाना 'रसिक भमरे' गाया था। ये गाना आज भी पॉपुलर है।



लता

स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने कई भाषाओं में गीत गाए हैं। इनमें कई लोक और भक्ति गीत भी शामिल हैं। सिंगर ने एक गाना गाया था जिसका नाम था 'मेरे माथे का सिंदूर अमर रखना मैया'।

लिक्विड फंड चुनने में रिटर्न नहीं, पोर्टफोलियो का दम देखें

- 36 फंडों के एक साल के रिटर्न में सिर्फ 0.80% अंक का अंतर
- फ्रैंकलिन, यूनियन और टाटा लिक्विड फंड ने बनाई अहम जगह
- एक साल में 6.42 से 6.52 प्रतिशत तक रहा रिटर्न
- तीन फंडों ने रिटर्न के साथ जोखिम प्रबंधन में भी दिखाया संतुलन

विश्लेषण में दिए गए आंकड़े डायरेक्ट ग्रोथ प्लान के हैं। तीनों फंडों के रिटर्न में अंतर बहुत कम है। उदाहरण के लिए, फ्रैंकलिन के 6.49 प्रतिशत और टाटा के 6.43 प्रतिशत रिटर्न के बीच एक लाख रुपये के निवेश पर एक साल में करीब 57 रुपये का अंतर बनता है। इसलिए केवल मामूली अधिक रिटर्न के आधार पर फंड चुनना उचित नहीं है। लिक्विड फंड में भी क्रेडिट जोखिम और ब्याज दर से जुड़ा जोखिम हो सकता है। इनका रिटर्न निश्चित नहीं होता और यह बैंक जमा की तरह गारंटीड नहीं है। निवेश से पहले अपनी जरूरत, निवेश की अवधि और जोखिम क्षमता का आकलन करें तथा जरूरत पड़ने पर वित्तीय सलाहकार से परामर्श लें।

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

बचत खाते में पैसा रखने के बजाय बेहतर रिटर्न की तलाश करने वाले निवेशकों के लिए लिक्विड म्यूचुअल फंड एक विकल्प हो सकते हैं। ये फंड आमतौर पर 91 दिनों तक की परिपक्वता वाली ऋण प्रतिभूतियों में निवेश करते हैं। कम अवधि के कारण इनमें ब्याज दरों में बदलाव का असर अपेक्षाकृत जल्दी दिखाई दे सकता है। हालांकि, इन्हें बैंक की सावधि जमा की तरह पूरी तरह जोखिम-मुक्त नहीं माना जाना चाहिए। ऐसे में लिक्विड फंड चुनते समय केवल पिछले रिटर्न के बजाय उसके पोर्टफोलियो, खर्च और जोखिम के पैमानों को समझना जरूरी है। फाइनेंशियल एक्सप्रेस में प्रकाशित इक्विटीमास्टर के विश्लेषण के अनुसार, पिछले एक साल में लिक्विड फंड श्रेणी का औसत मध्य रिटर्न 6.42 प्रतिशत रहा। कम से कम तीन साल का रिकॉर्ड रखने वाले 36 फंडों में सबसे बेहतर रिटर्न 6.52 प्रतिशत और सबसे कम 5.72 प्रतिशत रहा। यानी दोनों के बीच केवल 0.80 प्रतिशत अंक का अंतर था। ऐसे में निवेश का फैसला करते समय फंड के पोर्टफोलियो और जोखिम अनुपात की भूमिका अहम हो जाती है। विश्लेषण में एक साल के रिटर्न के साथ मानक विचलन, शार्प और सॉर्टिनो अनुपात को भी आधार बनाया गया। इसी आधार पर तीन लिक्विड फंड सामने आए।

1. फ्रैंकलिन इंडिया लिक्विड फंड

फ्रैंकलिन इंडिया लिक्विड फंड ने एक साल में 6.49% रिटर्न दिया। 36 फंडों में इसका स्थान तीसरा रहा। शार्प अनुपात 1.99 के साथ यह छठे स्थान पर रहा। छह महीने के प्रदर्शन में इसने 3.21% रिटर्न दिया, जो इन तीनों फंडों में सबसे अधिक था। इसके पोर्टफोलियो का करीब 81% हिस्सा ए1+ रेटिंग वाली प्रतिभूतियों में है। इसके अलावा 3.8 प्रतिशत एएए रेटिंग वाले निवेश और 0.5 प्रतिशत ट्रेजरी बिल में है। करीब 14.7% हिस्सा नकदी और कॉल मनी में रखा गया है। तीनों फंडों में इसका नकदी हिस्सा सबसे अधिक है। इसकी औसत परिपक्वता अवधि 35 दिन और पोर्टफोलियो यील्ड 6.34 प्रतिशत है। डायरेक्ट सुपर इंस्टीट्यूशनल प्लान का आधार व्यय अनुपात 0.12% बताया गया है।



2. यूनियन लिक्विड फंड

यूनियन लिक्विड फंड ने एक साल में 6.44 प्रतिशत रिटर्न दिया और 36 फंडों में 14वां स्थान हासिल किया। हालांकि, इसका शार्प अनुपात 2.02 रहा, जो इन तीनों में सबसे बेहतर है। इसका मानक विचलन 0.22 प्रतिशत रहा, जो तीनों फंडों में सबसे कम है। फंड के पोर्टफोलियो का करीब 91 प्रतिशत हिस्सा ए1+ रेटिंग वाली प्रतिभूतियों में है। इसमें 15.2 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूतियां और 5.4 प्रतिशत एएए रेटिंग वाले निवेश शामिल हैं। इसका पोर्टफोलियो यील्ड 6.58 प्रतिशत है, जो इन तीनों में सबसे अधिक है। डायरेक्ट प्लान का खर्च अनुपात 0.06 से 0.07 प्रतिशत के बीच है। इसकी औसत परिपक्वता अवधि करीब 58 दिन है।

3. टाटा लिक्विड फंड

टाटा लिक्विड फंड ने एक साल में 6.43 प्रतिशत रिटर्न दिया। शार्प अनुपात 1.95 रहा। इसका मानक विचलन 0.23 प्रतिशत है। पोर्टफोलियो का करीब 85 प्रतिशत हिस्सा ए1+ रेटिंग वाली प्रतिभूतियों में और 17 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूतियों में है। इसकी औसत परिपक्वता अवधि 53 दिन और पोर्टफोलियो यील्ड 6.44 प्रतिशत है। तीनों फंडों में इसका आकार सबसे बड़ा है। यह सितंबर 2004 में शुरू हुआ था। हालांकि, इसका डायरेक्ट प्लान खर्च अनुपात 0.19 प्रतिशत है, जो इन तीनों में सबसे अधिक है।

निवेश से पहले इन बातों का रखें ध्यान

लिक्विड फंड चुनते समय केवल एक साल के रिटर्न को आधार बनाना सही नहीं है। फंड की प्रतिभूतियों की रेटिंग, पोर्टफोलियो में सरकारी निवेश की हिस्सेदारी, औसत परिपक्वता अवधि और खर्च अनुपात को भी देखना चाहिए। शार्प और सॉर्टिनो अनुपात से जोखिम के मुकाबले मिले रिटर्न को समझने में मदद मिलती है। विश्लेषण में दिए गए आंकड़े डायरेक्ट ग्रोथ प्लान के हैं। तीनों फंडों के रिटर्न में अंतर बहुत कम है। उदाहरण के लिए, फ्रैंकलिन के 6.49 प्रतिशत और टाटा के 6.43 प्रतिशत रिटर्न के बीच एक लाख रुपये के निवेश पर एक साल में करीब 57 रुपये का अंतर बनता है। इसलिए केवल मामूली अधिक रिटर्न के आधार पर फंड चुनना उचित नहीं है।

कम कमाई में भी शुरू करें निवेश, वेतन बढ़ने पर बचत की रकम बढ़ाएं

युवा कैसे बचाएं पैसे, ये सात टिप्स निभाएंगे अहम भूमिका

जानकारी
बिजनेस डेस्क

करियर की शुरुआत में कम वेतन के कारण कई युवा बचत और निवेश को टालते रहते हैं। उन्हें लगता है कि अच्छी कमाई शुरू होने के बाद ही पैसा बचाया जा सकता है। लेकिन आर्थिक मजबूती के लिए बड़ी आय से ज्यादा जरूरी है बचत की आदत और समय पर निवेश की शुरुआत। एक 26 वर्षीय युवा की वित्तीय यात्रा बताती है कि कैसे 18 हजार रुपये महीने की कमाई से शुरुआत करके तीन साल में सालाना 50 लाख रुपये के कंपनी पैकेज तक पहुंचा जा सकता है और निवेश के जरिए अच्छी-खासी संपत्ति बनाई जा सकती है। वर्ष 2023 में इस युवा का मासिक वेतन करीब 18 हजार रुपये था। उन्होंने शुरुआत में ही पांच हजार रुपये की मासिक एसआईपी शुरू कर दी। तीन साल में उनका सालाना पैकेज बढ़कर 50 लाख रुपये हो गया और वित्तीय संपत्ति करीब 65 से 75 लाख रुपये तक पहुंच गई। इस दौरान मई 2026 में नौकरी भी चली गई, लेकिन आपातकालीन बचत ने आर्थिक मुश्किलों से निपटने में मदद की। इस अनुभव से युवा सात अहम सबक सीख सकते हैं।

आपातकालीन कोष बनाएं

अच्छी नौकरी और ऊंचा वेतन भी नौकरी जाने के जोखिम को खत्म नहीं करते। इसलिए कम से कम छह महीने के जरूरी खर्च के बराबर रकम अलग रखें। इसे बचत खाते, सावधि जमा या ऐसे सुरक्षित विकल्पों में रखें, जहां जरूरत पड़ने पर पैसा आसानी से मिल सके। इस रकम को शेयर बाजार जैसे जोखिम वाले निवेश में न लगाएं। संबंधित युवा के पास नौकरी जाने के समय छह लाख रुपये का आपातकालीन कोष था, जिसे बाद में बढ़ाकर सात से आठ लाख रुपये कर लिया गया।

5. सीटीसी और हाथ में आने वाले वेतन का अंतर समझें

कंपनी का सालाना पैकेज यानी सीटीसी बैंक खाते में आने वाली रकम नहीं होता। इसमें मूल वेतन के अलावा बोनस, भविष्य निधि, कंपनी के शेयर और दूसरी सुविधाएं शामिल हो सकती हैं। इसलिए नौकरी बदलते समय केवल बड़े पैकेज से प्रभावित न हों। कर और दूसरी कटौतियों के बाद हर महीने मिलने वाली वास्तविक रकम का हिसाब लगाएं। उसी के आधार पर खर्च, बचत और निवेश की योजना बनाएं।



वेतन बढ़ते ही जीवनशैली महंगी न करें

नौकरी में वेतन बढ़ने के साथ महंगे फोन, वाहन, कपड़े और बाहर खाने पर खर्च बढ़ाना आसान है। इसे जीवनशैली का विस्तार कहा जाता है। यदि हर वेतन वृद्धि के साथ खर्च भी उतनी ही तेजी से बढ़ेगा तो बचत सीमित रह जाएगी। वेतन बढ़ने पर पहले निवेश की रकम बढ़ाएं और फिर जरूरत के अनुसार खर्च तय करें।

पूरा पैसा एक ही निवेश विकल्प में न लगाएं

संपत्ति बनाने के लिए निवेश में विविधता जरूरी है। म्यूचुअल फंड, शेयर, सोना और सुरक्षित बचत विकल्पों में अपनी जोखिम क्षमता और लक्ष्य के अनुसार पैसा बांट सकते हैं। किसी एक शेयर या तेजी से मुनाफा देने वाले विकल्प के पीछे पूरी बचत न लगाएं। नियमित निवेश और लंबी अवधि का नजरिया अपनाएं। बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण निवेश का मूल्य घट-बढ़ सकता है, इसलिए रिटर्न की गारंटी मानकर न चलें। आर्थिक योजना केवल अपनी जरूरतों और शौक तक सीमित नहीं होनी चाहिए।

कम कमाई हो तो भी बचत

निवेश शुरू करने के लिए बड़ी रकम का इंतजार न करें। नौकरी की शुरुआत में पांच सौ या एक हजार रुपये की बचत भी अच्छी आदत बन सकती है। नियमित निवेश से समय के साथ रकम बढ़ाने का अवसर मिलता है। शुरुआत छोटी हो सकती है, लेकिन उसे लगातार जारी रखना जरूरी है।

आय बढ़ाने पर भी दें ध्यान

बचत के लिए अनावश्यक खर्च कम करना जरूरी है, लेकिन केवल खर्च घटाकर बड़ी संपत्ति बनाना मुश्किल है। युवाओं को अपने कौशल और कार्यक्षमता बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। नए प्रशिक्षण, बेहतर नौकरी के अवसर और वेतन वृद्धि के लिए बातचीत आय बढ़ाने में मदद कर सकती है। कमाई बढ़ने पर बचत और निवेश की रकम भी बढ़ाएं।

त्यौहार पर गोल्ड या सिल्वर ईटीएफ में कहां लगाएं पैसा?

● सोना देता है बाजार की उठापटक में सहारा ● चांदी में तेजी के साथ जोखिम भी ज्यादा ● पोर्टफोलियो में 10 से 15 प्रतिशत तक रखें कीमती धातुओं की हिस्सेदारी

तैयारी
बिजनेस डेस्क

सोना खरीदना शुभ माना जाता है। इसी वजह से कई निवेशक त्योहार के मौके पर गोल्ड और सिल्वर में पैसा लगाने की योजना बनाते हैं। हालांकि, अब भौतिक सोने-चांदी के साथ एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) भी निवेश का एक विकल्प बन गए हैं। इनके जरिये निवेशक बिना धातु को खरीदे और संभालकर रखे, उसकी कीमतों में होने वाले बदलाव का लाभ ले सकते हैं। लेकिन सवाल यह है कि इस दिवाली गोल्ड ईटीएफ बेहतर रहेगा या सिल्वर ईटीएफ? इसका जवाब केवल पिछले रिटर्न में नहीं, बल्कि निवेश के उद्देश्य और जोखिम उठाने की क्षमता में छिपा है। सोना और चांदी दोनों कीमती धातुएं हैं, लेकिन इनके दाम तय होने के कारक अलग-अलग हैं। सोना आर्थिक अनिश्चितता और महंगाई के दौर में निवेशकों के लिए सुरक्षा का माध्यम माना जाता है। वहीं, चांदी का इस्तेमाल औद्योगिक गतिविधियों में भी होता है। इसलिए इसकी कीमत पर निवेश की मांग के साथ उद्योगों की जरूरत का भी असर पड़ता है। इसमें तेजी के साथ गिरावट की आशंका भी अधिक रहती है। निवेश से पहले इन पांच बातों को समझना जरूरी है।

सोने और चांदी की भूमिका को समझें

गोल्ड ईटीएफ और सिल्वर ईटीएफ को एक जैसा निवेश विकल्प नहीं मानना चाहिए। सोना आमतौर पर आर्थिक अनिश्चितता, महंगाई और बाजार में अस्थिरता के दौरान पोर्टफोलियो को संतुलन देने में मदद करता है। इसके मुकाबले चांदी की कीमत औद्योगिक मांग से भी प्रभावित होती है। इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में इसकी जरूरत बढ़ने या घटने का असर कीमतों पर पड़ सकता है। पिछले एक साल में चांदी ने सोने से बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन बीते छह महीनों में दोनों की कीमतों पर दबाव रहा। इसलिए केवल हालिया रिटर्न देखकर निवेश का फैसला न करें।

पहली बार निवेश कर रहे हैं तो सोने से करें शुरुआत

यदि आप पहली बार कीमती धातुओं में निवेश कर रहे हैं और ज्यादा जोखिम नहीं लेना चाहते तो गोल्ड ईटीएफ से शुरुआत पर विचार कर सकते हैं। इसकी तुलना में सिल्वर ईटीएफ में कीमतों का उतार-चढ़ाव अधिक हो सकता है। जिन निवेशकों के पास पहले से सोना है और निवेश की अवधि लंबी है, वे अपने पोर्टफोलियो में सीमित मात्रा में चांदी शामिल करने पर विचार कर सकते हैं। ध्यान रखें कि चांदी का भाव सोने से कम होने का अर्थ यह नहीं है कि उसमें तेजी की संभावना निश्चित है।



पोर्टफोलियो में कितनी रखें हिस्सेदारी?

निवेश विशेषज्ञों के अनुसार, पोर्टफोलियो में कीमती धातुओं की हिस्सेदारी सीमित रखनी चाहिए। इन्वेस्को म्यूचुअल फंड के पैसिव इन्वेस्टमेंट प्रमुख अभिषेक बहिनिपति के अनुसार, एक सामान्य रणनीति के तहत पोर्टफोलियो का करीब 10 प्रतिशत हिस्सा सोने में रखा जा सकता है। यदि निवेशक सोने और चांदी दोनों में पैसा लगाना चाहते हैं तो कुल 15 प्रतिशत हिस्सेदारी में 10 प्रतिशत सोना और पांच प्रतिशत चांदी रख सकते हैं। हालांकि, यह कोई अनिवार्य नियम नहीं है। कम जोखिम लेने वाले निवेशक चांदी का हिस्सा और कम रख सकते हैं।

किस्तों में लगाएं पैसा

सोने और चांदी की कीमतों में तेजी से बदलाव हो सकता है। ऐसे में एक साथ बड़ी रकम निवेश करने से बचना बेहतर हो सकता है। निवेशक हर महीने थोड़ी-थोड़ी रकम लगाकर खरीद की औसत लागत को संतुलित करने का प्रयास कर सकते हैं। यदि एकमुश्त पैसा उपलब्ध है तो उसे तीन से छह महीने में अलग-अलग हिस्सों में निवेश किया जा सकता है। इससे किसी एक दिन की ऊंची कीमत पर पूरी रकम लगाने का जोखिम कम हो सकता है। हालांकि, किस्तों में निवेश करने से नुकसान की आशंका पूरी तरह समाप्त नहीं होती।

पोर्टफोलियो का संतुलन जरूर जांचें

सोने या चांदी की कीमतों में तेजी आने से पोर्टफोलियो में इनकी हिस्सेदारी तय सीमा से अधिक हो सकती है। ऐसी स्थिति में कुछ निवेश बेचकर दूसरी संपत्तियों में पैसा लगाया जा सकता है। इसे पोर्टफोलियो का पुनर्संतुलन कहा जाता है। वहीं, बाजार में थोड़ी गिरावट आने पर घबराकर निवेश बेचने से बचना चाहिए। निवेश बनाए रखने या मुनाफा निकालने का फैसला अपने वित्तीय लक्ष्य, निवेश अवधि, जोखिम उठाने की क्षमता और कर देनदारी को ध्यान में रखकर करें। गोल्ड या सिल्वर ईटीएफ चुनते समय केवल रिटर्न पर ध्यान देना पर्याप्त नहीं है। संबंधित फंड का खर्च अनुपात, कारोबार की मात्रा और खरीद-बिक्री के बीच कीमत का अंतर भी देखना चाहिए। ईटीएफ में निवेश के लिए डीमैट और ट्रेडिंग खाते की जरूरत होती है। यह भी समझें कि ईटीएफ का मूल्य संबंधित धातु की कीमत के साथ घट-बढ़ सकता है। इसलिए इसमें निश्चित रिटर्न की उम्मीद नहीं करनी चाहिए।

अलर्ट | 10 हजार की मासिक एसआईपी में 10 साल बाद 1.45 लाख का अंतर संभव

निवेश में अनुशासन और सही फंड का चयन भी जरूरी

कम खर्च में निवेश, लंबी अवधि में बड़ा फायदा

म्यूचुअल फंड वेबसाइटों पर एक नवंबर से डायरेक्ट प्लान डिफॉल्ट विकल्प

समझदारी
बिजनेस डेस्क

म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों के लिए खर्च घटाने और लंबी अवधि में बेहतर कोष बनाने का एक नया अवसर सामने आया है। बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के फैसले के अनुसार, एक नवंबर से म्यूचुअल फंड कंपनियों की वेबसाइटों पर डायरेक्ट प्लान डिफॉल्ट विकल्प के रूप में उपलब्ध होंगे। इसका उद्देश्य निवेशकों को कम खर्च वाले विकल्प की ओर प्रोत्साहित करना है। हालांकि, जिन निवेशकों को फंड चुनने, पोर्टफोलियो की निगरानी और बाजार के उतार-चढ़ाव के दौरान मार्गदर्शन की जरूरत है, वे रेगुलर प्लान भी चुन सकेंगे। इस बदलाव से निवेशकों के सामने अब यह समझने का अवसर है कि उन्हें केवल कम खर्च वाला विकल्प चुनना है या विशेषज्ञ की सलाह के साथ निवेश को आगे बढ़ाना है।

क्या है डायरेक्ट व रेगुलर प्लान का अंतर

म्यूचुअल फंड में निवेश के लिए मुख्य रूप से दो विकल्प होते हैं। डायरेक्ट प्लान में निवेशक सीधे म्यूचुअल फंड कंपनी के माध्यम से निवेश करता है। इसमें वितरक या एजेंट का कमीशन शामिल नहीं होता, इसलिए इसका व्यय अनुपात यानी एक्सपेंस रेशियो कम रहता है। दूसरी ओर, रेगुलर प्लान में निवेशक वितरक या एजेंट के माध्यम से निवेश करता है। इसके बदले फंड के खर्च में वितरक का कमीशन भी शामिल रहता है। दोनों प्लान में निवेश एक ही फंड और पोर्टफोलियो में होता है, लेकिन खर्च अलग होने के कारण लंबी अवधि में मिलने वाले रिटर्न में अंतर आ सकता है। डायरेक्ट प्लान की शुरुआत वर्ष 2013 में हुई थी।

फंड के अनुसार अलग है खर्च का अंतर

डायरेक्ट और रेगुलर प्लान के बीच एक्सपेंस रेशियो का अंतर फंड की श्रेणी के अनुसार बदलता है। लार्ज कैप फंड में यह अंतर करीब 0.7 से 0.8 प्रतिशत, मिड कैप फंड में 1 से 1.3 प्रतिशत और फ्लेक्सी कैप फंड में 0.8 से 1 प्रतिशत तक हो सकता है। लिक्विड फंड में यह अंतर अपेक्षाकृत कम, करीब 0.15 से 0.3 प्रतिशत रहता है। कम खर्च का फायदा शुरुआत में भले ही छोटा दिखाई दे, लेकिन लंबी अवधि में चक्रवृद्धि की वजह से इसका प्रभाव बड़ा हो सकता है। निवेशक को यह समझना चाहिए कि खर्च में कमी का अर्थ निश्चित रूप से अधिक रिटर्न नहीं है, क्योंकि फंड का प्रदर्शन बाजार की परिस्थितियों पर भी निर्भर करता है।



10 हजार की एसआईपी में 1.45 लाख रुपये का अंतर

डायरेक्ट और रेगुलर प्लान के बीच खर्च का प्रभाव एक उदाहरण से समझा जा सकता है। यदि कोई निवेशक मिड कैप फंड में हर महीने 10 हजार रुपये की एसआईपी करता है और 14 प्रतिशत सालाना अनुमानित रिटर्न मानकर 10 साल तक निवेश बनाए रखता है तो डायरेक्ट प्लान में करीब 24.66 लाख रुपये का कोष बन सकता है। वहीं, रेगुलर प्लान में यह राशि करीब 23.21 लाख रुपये रह सकती है। इस तरह दोनों विकल्पों के बीच लगभग 1.45 लाख रुपये का अंतर हो सकता है। यदि निवेश की अवधि 20 साल कर दी जाए तो खर्च में अंतर और उस पर मिलने वाले संभावित चक्रवृद्धि लाभ का प्रभाव भी बढ़ जाता है। हालांकि, यह केवल अनुमानित गणना है। वास्तविक रिटर्न बाजार के प्रदर्शन, फंड के खर्च और निवेश की अवधि के अनुसार अलग हो सकता है।

रेगुलर प्लान में मिलता है मार्गदर्शन का लाभ

कम एक्सपेंस रेशियो डायरेक्ट प्लान का बड़ा फायदा है, लेकिन निवेश में केवल लागत ही महत्वपूर्ण नहीं होती। बाजार में गिरावट, आर्थिक अनिश्चितता और फंड के प्रदर्शन में उतार-चढ़ाव के दौरान निवेशक कई बार घबराकर पैसा निकाल लेते हैं। ऐसे समय में वितरक निवेशकों को धैर्य बनाए रखने, पोर्टफोलियो की समीक्षा करने और जरूरत के अनुसार निवेश में बदलाव करने में मदद कर सकते हैं। आंकड़ों के अनुसार, मार्च 2026 में पांच साल से अधिक समय तक निवेश बनाए रखने वाले रेगुलर प्लान के निवेशकों की हिस्सेदारी 23.5 प्रतिशत थी, जबकि डायरेक्ट प्लान में यह 14 प्रतिशत रही। इससे निवेश के दौरान मार्गदर्शन और अनुशासन की अहमियत सामने आती है।

डायरेक्ट प्लान की ओर बढ़ रहा निवेशकों का रुझान

एम्फी-क्रिसिल फैक्टबुक 2026 के आंकड़ों के अनुसार, डायरेक्ट प्लान में खुदरा निवेशकों की हिस्सेदारी मार्च 2021 में 21.4 प्रतिशत थी, जो मार्च 2026 में बढ़कर 36.7 प्रतिशत हो गई। डिजिटल निवेश मंचों की उपलब्धता और वित्तीय जागरूकता बढ़ने से युवा निवेशक खुद फंड चुनने में अधिक रुचि दिखा रहे हैं। 18 से 34 वर्ष आयु वर्ग में डायरेक्ट प्लान का रुझान अधिक है। इसके विपरीत, 58 वर्ष से अधिक आयु के निवेशकों में रेगुलर प्लान की हिस्सेदारी मार्च 2021 के 18.5 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2026 में 22.4 प्रतिशत हो गई।

सलाह लेकर भी चुन सकते हैं डायरेक्ट प्लान

निवेशकों के पास एक तीसरा रास्ता भी है। वे सेबी में पंजीकृत निवेश सलाहकार से शुल्क देकर वित्तीय सलाह ले सकते हैं और इसके बाद डायरेक्ट प्लान में निवेश कर सकते हैं। इसमें सलाह का शुल्क फंड के खर्च से अलग रहता है। इस व्यवस्था में निवेशक को फंड चयन और वित्तीय योजना के लिए विशेषज्ञ की मदद मिल सकती है, जबकि वितरक के कमीशन का अतिरिक्त खर्च नहीं देना पड़ता। हालांकि, सलाहकार का चयन करते समय उसकी योग्यता, पंजीकरण और शुल्क व्यवस्था की जांच करना जरूरी है।

निवेश से पहले इन बातों का रखें ध्यान

- केवल कम एक्सपेंस रेशियो देखकर किसी फंड में निवेश न करें। उसके पिछले प्रदर्शन, निवेश रणनीति और जोखिम का आकलन करें।
- अपनी आय, वित्तीय लक्ष्य और जोखिम उठाने की क्षमता के अनुसार फंड की श्रेणी चुनें।
- बाजार में गिरावट आने पर जल्दबाजी में एसआईपी बंद करने या निवेश निकालने से बचें।
- समय-समय पर पोर्टफोलियो की समीक्षा करें और जरूरत के अनुसार संतुलन बनाए रखें।
- यदि फंड और बाजार की पर्याप्त समझ नहीं है तो विशेषज्ञ की सलाह लेने में संकोच न करें।

अनुशासन भी जरूरी

डायरेक्ट प्लान निवेश की लागत घटाने का अवसर जरूर देता है, लेकिन केवल इसी आधार पर निवेश का फैसला करना उचित नहीं है। सही फंड का चयन, निवेश की अवधि, जोखिम की समझ और नियमित निवेश बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है। निवेशक को अपनी जानकारी और जरूरत के अनुसार डायरेक्ट या रेगुलर प्लान चुनना चाहिए। लंबी अवधि में बेहतर कोष बनाने का रास्ता केवल कम खर्च से नहीं, बल्कि सही रणनीति और अनुशासित निवेश से तैयार होता है।

खबर संक्षेप

स्प्लैशबी करेगी 10 करोड़ डॉलर से अधिक का निवेश

हैदराबाद । अमेरिका की कंपनी स्प्लैशबी ने हैदराबाद के वित्तीय जिले स्थित वीएसडी टेक पार्क में अपना नया वैश्विक क्षमता केंद्र शुरू किया है। कंपनी 5 से 7 वर्षों में इस केंद्र के विस्तार, तकनीकी ढांचे और प्रतिभा विकास के लिए 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश करेगी। इसके अलावा कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़े बुनियादी ढांचे और क्षमताओं को मजबूत करने के लिए विशेष आंकड़ा केंद्र में 40 लाख डॉलर का निवेश किया जाएगा। तेलंगाना सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री डी. श्रीधर बाबू ने केंद्र का उद्घाटन किया।

एस्कॉर्ट्स ने किया कीमतों में बढ़ोतरी का ऐलान

नई दिल्ली । एस्कॉर्ट्स कुबोटा लिमिटेड ने अपने तीन प्रमुख ब्रांड कुबोटा, फार्मट्रैक और पावरट्रैक के ट्रैक्टरों की कीमतों में बदलाव करने का ऐलान किया है। कंपनी की नई कीमतें नवंबर 2026 में त्योहारी सीजन के बाद लागू होंगी। हालांकि, कंपनी ने फिलहाल कीमतों में होने वाली बढ़ोतरी का प्रतिशत स्पष्ट नहीं किया है। कंपनी के मुताबिक, ऊर्जा सहित विभिन्न क्षेत्रों में लागत लगातार बढ़ रही है। महंगाई और वैश्विक भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के चलते उत्पादन एवं परिचालन खर्च पर अतिरिक्त दबाव पड़ा है।

किआ 2 अरब डॉलर का करेगी निवेश

नई दिल्ली। दक्षिण कोरियाई वाहन निर्माता कंपनी किआ इंडिया ने भारत में अपने कारोबार के विस्तार की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। कंपनी आंध्र प्रदेश में अपना दूसरा मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करेगी। इस परियोजना के लिए किआ इंडिया और उसके सप्लायर पार्टनर्स मिलकर 2 अरब डॉलर (करीब 16,000 करोड़ रुपए) का निवेश करेंगे। कंपनी ने आंध्र प्रदेश सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने के बाद इस निवेश की घोषणा की।

4327 शिकायतों में 3336 का हुआ निराकरण, 77.09 फीसदी रही निपटान दर, 33 फीसदी मामलों का मध्यस्थता से समाधान

बीमा कंपनियों की मनमानी पर लगेगी लगाम, भोपाल बीमा लोकपाल ने एक साल में निपटाई 3336 शिकायतें

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

बीमा क्लेम में देरी, पॉलिसी विवाद और बीमा कंपनियों की मनमानी से परेशान बीमाधारकों के लिए बीमा लोकपाल बड़ी राहत बनकर उभरा है। बीमाधारकों की शिकायतों का निःशुल्क, निष्पक्ष और प्रभावी निराकरण करने के उद्देश्य से देशभर में 18 बीमा लोकपाल कार्यालय संचालित हैं। इनमें भोपाल केंद्र ने वर्ष 2025-26 में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए प्राप्त 4327 शिकायतों में से 3336 का निराकरण किया है। इस तरह केंद्र की निपटान दर 77.09 प्रतिशत रही। खास बात यह है कि निपटाए गए मामलों में 33 प्रतिशत शिकायतों का समाधान मध्यस्थता के माध्यम से किया गया। राजधानी भोपाल में आयोजित इंश्योरेंस आम्बुड्समैन-डे के अवसर पर आयोजित पत्रकारवार्ता में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त आईएएस मलय श्रीवास्तव, बीमा लोकपाल अजय कुमार, उप सचिव नीरा आपटे और सहायक सचिव अनुराग अग्रवाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में विभिन्न बीमा कंपनियों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस अवसर पर बीमा


पत्रकार वार्ता में जानकारी देते हुए

लोकपाल की भूमिका, शिकायत निवारण की प्रक्रिया और बीमाधारकों को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बीमा लोकपाल अजय कुमार ने बताया कि हर साल 11 नवंबर को इन्श्योरेंस आम्बुड्समैन डे मनाया जाता है। इसी दिन वर्ष 1998 में भारत सरकार ने लोक शिकायत निवारण नियम अधिसूचित किए थे। इसका उद्देश्य बीमा क्षेत्र में उपभोक्ताओं को सरल, प्रभावी शिकायत निवारण व्यवस्था उपलब्ध कराना है। बीमा लोकपाल बीमा कंपनियों के खिलाफ बीमाधारक अपनी पात्र शिकायतें दर्ज करा सकते हैं। बीमा दलालों से संबंधित पात्र शिकायतों पर भी यहां सुनवाई होती है। सबसे बड़ी राहत यह है कि शिकायत दर्ज कराने से लेकर उसके निराकरण तक कोई शुल्क नहीं लिया जाता। वर्ष 2017 में बीमा लोकपाल नियम लागू किए गए थे। इसके बाद 2 मार्च 2021 को संशोधित नियम अधिसूचित किए गए, जिनके माध्यम से शिकायत निवारण व्यवस्था का दायरा और अधिक व्यापक किया गया।

मप्र और छग के मामलों की भोपाल में सुनवाई

बीमा लोकपाल परिषद (सीआईओ) देशभर के बीमा लोकपाल कार्यालयों को प्रशासनिक सहायता उपलब्ध कराती है। वर्तमान में देश के 18 शहरों अहमदाबाद, बेंगलुरु, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, दिल्ली, एर्नाकुलम, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नोएडा, पटना, पुणे और ठाणे में कार्यालय संचालित हैं। भोपाल केंद्र के अधिकार क्षेत्र में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीमाधारक आते हैं। भोपाल केंद्र के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2026-27 में 31 अक्टूबर 2026 तक कुल 4248 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 2163 का निराकरण किया जा चुका है। इस अवधि में शिकायत निपटान की दर 50.91 प्रतिशत रही। निपटाए गए मामलों में 30 प्रतिशत शिकायतों का समाधान मध्यस्थता के जरिए किया गया।

कृषि आधारित नवाचार और वैश्विक जुड़ाव का केंद्र बनेगा श्री धन्वंतरि धाम

हर्बल क्रांति से रुकेगा उत्तराखंड से पलायन पहाड़ के गांवों में बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

उत्तराखंड में पलायन की समस्या पर अंकुश लगाने और पहाड़ के गांवों की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए अब हर्बल खेती और औषधीय पौधों की कृषि को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। राज्य सरकार उत्तराखंड को हर्बल स्टेट बनाने की दिशा में प्रयासरत है।

प्रथम हर्बल कुंभ एवं द्वितीय धन्वंतरि महोत्सव के दूसरे दिन मालागांव में आयोजित कार्यक्रम में कृषि मंत्री गणेश जोशी, ग्रामीण विकास एवं एमएसएमई मंत्री भरत चौधरी और बद्री-केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि पतंजलि के प्रयास उत्तराखंड में हर्बल क्रांति लाने और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करने में महत्वपूर्ण साबित होंगे।

आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि हर्बल



हर्बल खेती से मजबूत होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था

ग्रामीण विकास एवं एमएसएमई मंत्री भरत चौधरी ने कहा कि उत्तराखंड जड़ी-बूटियों और प्राकृतिक संपदा से समृद्ध प्रदेश है। यहां औषधीय पौधों की खेती के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती दी जा सकती है। सरकार हर व्यक्ति को सरकारी नौकरी नहीं दे सकती, इसलिए स्वरोजगार को बढ़ावा देना जरूरी है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने श्री धन्वंतरि धाम के विकास के लिए आचार्य बालकृष्ण की सराहना की। उन्होंने कोरोना काल का अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें पांच बार कोरोना संक्रमण हुआ और उस दौरान आयुर्वेदिक काढ़े से काफी राहत मिली।

कुंभ अपने उद्देश्य में सफल रहा है। खेती-किसानी, कुटीर उद्योग, स्वरोजगार और ग्रामीण विकास इस आयोजन के प्रमुख केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि हर्बल कुंभ उत्तराखंड की समृद्धि के साथ पहाड़ों से पलायन रोकने में भी अहम भूमिका निभाएगा।

दुनियाभर के लोग देखने आएंगे धन्वंतरि धाम

बद्री-केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कहा कि आचार्य बालकृष्ण ने इस क्षेत्र का कायाकल्प कर दिया है। आने वाले समय में पूरी दुनिया श्री धन्वंतरि धाम को देखने आएगी। उन्होंने कहा कि पहाड़ों से पलायन रोकने के लिए पारंपरिक खेती के साथ जड़ी-बूटी आधारित कृषि को बढ़ावा देना होगा। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। पतंजलि अनुसंधान संस्थान की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रिया आर्य ने बताया कि हर्बल कुंभ का उद्देश्य जड़ी-बूटियों के संरक्षण, अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करना है। पतंजलि ने 700 से अधिक शोधपत्रों के माध्यम से आयुर्वेद को साक्ष्य आधारित स्वरूप में प्रस्तुत किया है। आचार्य बालकृष्ण ने अतिथियों का शॉल और रुद्राक्ष की माला पहनाकर स्वागत किया।

27 नवंबर तक चलने वाले मेले में 3500 प्रदर्शक होंगे शामिल

14 नवंबर से सजेगा 45वां अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला, पहली बार 600 स्टार्टअप्स दिखाएंगे दम

32 राज्यों के अलावा 11 देशों की भागीदारी होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में 14 नवंबर से 45वां भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ) शुरू होने जा रहा है। 27 नवंबर तक चलने वाले इस मेले की थीम 'विकास और विरासत' रखी गई है। इसमें देश की औद्योगिक प्रगति, आधुनिक तकनीक, स्टार्टअप नवाचार और पारंपरिक उत्पादों की झलक एक साथ देखने को मिलेगी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 13 नवंबर को मेले का उद्घाटन करेंगे। इस वर्ष मेले में 3500 से अधिक प्रदर्शक हिस्सा लेंगे। भारत मंडपम के 17 हॉल में एक लाख वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र में आयोजित होने वाले इस आयोजन में 32 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के अलावा 11 देशों की भागीदारी होगी।

इस बार मेले का सबसे बड़ा आकर्षण करीब 600 स्टार्टअप होंगे, जिन्हें हॉल ऑफ इंस्पिरेशन में जगह दी जाएगी। यहां डीप टेक, कृषि तकनीक, ड्रोन, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य और शिक्षा तकनीक से जुड़े नए प्रयोगों और उत्पादों का प्रदर्शन होगा। आगंतुकों को देश में विकसित हो रही आधुनिक तकनीकों और नए व्यावसायिक विचारों को देखने का अवसर मिलेगा। एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) पवेलियन में 21 राज्यों के पारंपरिक उत्पाद, हस्तशिल्प, खानपान और स्थानीय संस्कृति प्रदर्शित की जाएगी। इससे स्थानीय कारीगरों और छोटे उद्यमियों को अपने उत्पादों के प्रचार का मंच मिलेगा।

बिहार, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश पार्टनर राज्य होंगे, जबकि असम, दिल्ली, झारखंड और पश्चिम बंगाल फोकस राज्यों के रूप में शामिल होंगे। ये राज्य अपने उद्योग, पर्यटन, हस्तशिल्प और विकास योजनाओं को प्रदर्शित करेंगे।

छोटे व्यापारियों को राहत दिलाने की पहल

टैक्स लॉ बार एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने वित्त मंत्री देवड़ा को 4 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश के छोटे व्यापारियों को जीएसटी और वैट से जुड़ी परेशानियों से राहत दिलाने के लिए टैक्स लॉ बार एसोसिएशन ने पहल की है। एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने गुरूवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा से मुलाकात कर चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज पारख, सचिव धीरज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अंकुर अग्रवाल एवं वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट संजय श्रीवास्तव शामिल रहे। एसोसिएशन की इस पहल को छोटे व्यापारियों को जीएसटी और वैट संबंधी प्रक्रियागत परेशानियों से राहत दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

छोटे व्यापारियों के जीएसटी और वैट से जुड़ी परेशानियों के प्रमुख चार मुद्दे

एसोसिएशन ने मांग की कि व्यापारियों से संबंधित नोटिस, ऑडिट और असेसमेंट की कार्रवाई स्थानीय स्तर पर ही की जाए। दूसरे शहरों में असेसमेंट की प्रक्रिया होने से छोटे व्यापारियों को अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ती है। वैट की बकाया वसूली के मामलों में व्यापारियों के बैंक खाते ब्लॉक करने से पहले उन्हें नोटिस दिया जाए। ससे व्यापारियों

चयन प्रतिष्ठित विद्वानों और विषय विशेषज्ञों निर्णायक मंडल ने किया

इंफोसिस पुरस्कार 2026: 6 युवा शोधकर्ताओं को मिला सम्मान, प्रत्येक को 1 लाख डॉलर पुरस्कार राशि

एजेंसी.नई ▶▶ दिल्ली

इंफोसिस साइंस फाउंडेशन (आईएसएफ) ने गुरुवार को प्रतिष्ठित 'इंफोसिस पुरस्कार 2026' के विजेताओं की घोषणा की। इस वर्ष छह अलग-अलग श्रेणियों में युवा शोधकर्ताओं को उनके उत्कृष्ट अकादमिक और शोध कार्यों के लिए सम्मानित किया गया है। इनमें अर्थशास्त्र, इंजीनियरिंग एवं कंप्यूटर विज्ञान, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान, जीव विज्ञान, गणितीय विज्ञान और भौतिक विज्ञान शामिल हैं।

पुरस्कार विजेताओं में बेंगलुरु स्थित टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (टीआईएफआर) के इंटरनेशनल सेंटर फॉर थियोरेटिकल साइंसेज के एसोसिएट प्रोफेसर रिद्धिप्रतिम बसु भी शामिल हैं। प्रत्येक पुरस्कार के तहत विजेता को स्वर्ण पदक, प्रशस्ति पत्र और एक लाख अमेरिकी डॉलर प्रदान की जाएगी। विजेताओं का चयन प्रतिष्ठित विद्वानों और विषय विशेषज्ञों से गठित अंतरराष्ट्रीय निर्णायक मंडल ने किया है। इंफोसिस साइंस फाउंडेशन के ट्रस्टी क्रिस गोपालकृष्णन ने बताया कि इस साल पुरस्कारों के लिए कुल 222 आवेदन प्राप्त हुए, जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 150 थी। इंजीनियरिंग एवं कंप्यूटर विज्ञान श्रेणी में सबसे अधिक आवेदन आए। आईएसएफ के अध्यक्ष श्रीनाथ बटनी के अनुसार, युवा शोधकर्ताओं को उनके करियर के शुरुआती दौर में सम्मानित करने से उन्हें नए और साहसिक सवालों पर काम करने, स्थापित मान्यताओं को चुनौती देने तथा क्षेत्रों में दीर्घकालिक योगदान देने का प्रोत्साहन मिलता है।

सूरज और आयुष्मान आएंगे 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में

इंदौर। फिल्मकार सूरज बड़जात्या अपनी आगामी फिल्म 'ये प्रेम मोल लिया' की स्टारकास्ट के साथ नेटफ्लिक्स के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' सीजन 5 में नजर आएंगे। इस शनिवार प्रसारित होने वाले विशेष एपिसोड में आयुष्मान खुराना, शरवरी, सुप्रिया पाठक, सीमा पाहवा, सौम्या टंडन, गीता अग्रवाल शर्मा, स्वानंद किरकिरे और सुरभि तिवारी भी शामिल होंगे।

राशिफल

मेष मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

वृष स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।

मिथुन मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कर्क आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।

सिंह व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।

कन्या पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

तुला मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

वृश्चिक आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।

धनु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।

मकर वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

कुंभ आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

मीन परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

सरकार के समक्ष भी पक्ष रखने की रणनीति बनेगी

व्यापारियों का दिल्ली कूच: जीएसटी की जटिलताओं साइबर फ्रॉड व लाइसेंस व्यवस्था में बदलाव पर होगा मंथन

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश के व्यापारियों से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय मंच पर उठाने के लिए मध्यप्रदेश के व्यापारी नेता दिल्ली कूच पर है। वे यहां कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की शुक्रवार 13 नवंबर को आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय बैठक जीएसटी की जटिलताओं, साइबर फ्रॉड से सुरक्षा, लाइसेंस व्यवस्था में सुधार और व्यापारिक प्रक्रियाओं को आसान बनाने जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा करेंगे। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं सांसद प्रवीण खंडेलवाल के मुताबिक, पिछले दिनों राजनीतिक आंदोलनों और धरना-प्रदर्शनों के कारण व्यापारिक गतिविधियों और कारोबारियों की आजीविका पर पड़ने वाले असर का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया जाएगा। संगठन की मांग है कि प्रत्येक शहर में विरोध-प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थल बनाए जाएं, ताकि बाजारों में कारोबार और आम लोगों की रोजी-रोटी प्रभावित न हो। इस संबंध में सरकार और न्यायपालिका के समक्ष भी पक्ष रखने की रणनीति बनाई जाएगी। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने बताया कि बैठक में जीएसटी की प्रक्रियाओं को सरल बनाने, साइबर ठगी से व्यापारियों को बचाने और 'एक व्यापारी-एक लाइसेंस' व्यवस्था लागू करने पर विचार होगा। पुराने और अप्रासंगिक कानूनों को समाप्त करने का मुद्दा भी उठाया जाएगा। इसके अलावा डिजिटल कॉमर्स, ई-कॉमर्स, भारत ई-मार्ट और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ छोटे कारोबारियों के लिए नए व्यावसायिक अवसर तलाशे जाएंगे।

VEHICLE AVAILABLE
for SALE
Maruti EECO 5 Seater Model-2025
MP20 - ZZ - 2159
Tata ACE Gold Model - 2023
MP-20-ZH-2015
"as is where is condition"
Contact within 7 days at
M/s Sundaram Finance Ltd.
II Floor, Digamber Tower 936, Wright Town, Jabalpur- 482002
0761-2451218, 9425600590

पश्चिम मध्य रेल
विद्युत विभाग(कर्षण-वितरण शाखा)
जबलपुर ■ ई-निविदा सूचना
एन.आई.टी. नं. जबल-टीआरडी-निविदा-2026-17R, दिनांक 06.11.2026
वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण-वितरण/पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से निविदायें आमंत्रित करते है। 1. कार्य का नामः जबलपुर डिवीजन में वर्क्स प्रोग्राम 2025-26 के अंतर्गत ट्रैक-संबंधित कार्यों के निष्पादन हेतु आवश्यक टीआरडी/ओएचई कार्य। 2. कार्य स्थलः जबलपुर मण्डल। 3. कार्य की अवधिः 12 माह। 4. कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू): ₹ 48,67,855.36 (रुपये अडतालीस लाख सड़सठ हजार आठ सौ पचपन और छत्तीस पैसे मात्र)। 5. बयाना राशिः ₹ 97,400/-. 6. निविदा जमा करने/खुलने की अंतिम तिथि एवं समयः 04.12.2026, 15.00 बजे/04.12.2026, 15.30 बजे। 7. निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे वेबसाईट: https://www.ireps.gov.in. 8. निविदाकर्ता अपनी निविदाऐं आई आर ई पी एस की माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन निविदा करें। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धिपत्रों हेतु IREPS की वेबसाईट https://www.ireps.gov.in देखते रहें।
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

शब्द पहेली - 6405



■ मंगल सैणचा, बैंगलोर

बाएँ से दाएँ
1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

ऊपर से नीचे
1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टौंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

शब्द पहेली- 6404 का हल

■	ल	ज्ज	त	दा	र	■	क	र	त	ब
म	त	■	क	■	ज	टि	ल	■	वा	र
न	■	क	स	मा	त	■	म	य	■	ग
भा	गी	दा	र	■	प	ल	■	म	द	द
व	■	वा	■	अ	ट	ल	■	■	श	■
न	ज	र	ब	द	■	का	न	भ	र	ना
■	मी	■	■	र	न	र	■	ह	■	म
अ	न	ल	■	क	र	■	अ	क	ब	र
म	■	ता	क	■	क	त	र	ना	■	ख
रू	ह	■	ह	ल	वा	■	दा	■	आ	ना
द	म	दा	र	■	स	न	स	ना	ना	■

सूडोकु नवताल - 6415

कठिन

4							1	8
			6	7				2
			8					
	8	5						
	2			1			7	
						3	5	
					5			
1				4	7			
9	6							4

■ MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6414 का हल

1	9	7	4	8	6	2	3	5
4	5	3	9	1	2	7	6	8
2	6	8	7	3	5	9	1	4
5	3	1	2	7	9	4	8	6
9	2	4	8	6	1	5	7	3
7	8	6	5	4	3	1	9	2
3	4	9	6	2	7	8	5	1
6	7	2	1	5	8	3	4	9
8	1	5	3	9	4	6	2	7

फेस्टिवल

शिखर चंद जैन

दुनिया भर में रंग-बिरंगा चिल्ड्रेंस-डे सेलिब्रेशन

बच्चो, यह तो तुम्हें पता ही होगा कि हर साल 14 नवंबर को हमारे देश में चिल्ड्रेंस-डे मनाया जाता है। लेकिन क्या तुम जानते हो कि अपने देश भारत के अलावा भी दुनिया के कई देशों में चिल्ड्रेंस-डे मनाया जाता है? अलग-अलग देशों में चिल्ड्रेंस-डे की तारीख और इसे मनाने के ढंग बहुत अलग और अनोखे होते हैं। इनके बारे में जानकर तुम्हें बहुत अच्छा लगेगा।





ते रा ओ नगा तामारिकी न्यूजीलैंड

न्यूजीलैंड में हर साल मार्च के पहले रविवार को बाल दिवस मनाया जाता है। इस दिन पूरे देश में मजेदार सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इनमें खेल, ट्रैवलिंग कार्निवल, तरह-तरह के भोजन, पारंपरिक हाका नृत्य और भी बहुत कुछ शामिल होता है। *

डिया डेल निनो मेक्सिको

मेक्सिको में बाल दिवस की शुरुआत सन 1925 में हुई थी। यहां इसे 30 अप्रैल को मनाया जाता है। इस दिन बच्चे स्कूल तो जाते हैं, लेकिन वहां रेग्युलर क्लास नहीं चलती है। सारा दिन खेलने, पिनाटा (मिट्टी और कागज की लुगदी के खिलौने) बनाने-तोड़ने, संगीत का आनंद लेने और कई मजेदार एक्टिविटीज करने में बीतता है। स्कूल के बाद बच्चे अपनी फैमिली के साथ संग्रहालयों, सिनेमाघरों और चिड़ियाघरों जैसी जगहों पर जाते हैं, जहां उस दिन बच्चों के लिए निःशुल्क प्रवेश होता है। कुछ रेडियो और टेलीविजन चैनल्स, बच्चों को अपने चिल्ड्रेंस शो में छुट्टियों के बारे में बात करने के लिए बुलाते हैं। *



लिउयी गुओजी एर्तोंग जिए चीन

चीन में बाल दिवस सन 1949 से मनाया जा रहा है। यहां इसे 1 जून को मनाया जाता है। कुछ स्कूलों में इसे बच्चों को समर्पित विशेष प्रदर्शनों के साथ मनाया जाता है। कई पर्यटन स्थलों पर इस दिन बच्चों के लिए प्रवेश पर छूट होती है या पूरी तरह से निःशुल्क होती है। हालांकि चीन में इस छुट्टी के लिए कोई निर्धारित परंपरा नहीं है, लेकिन कई परिवार बच्चों के साथ समय बिताते हैं और अपना पसंदीदा भोजन करते हैं। *

चाचा नेहरू का जन्मदिन भारत

हमारे देश में 14 नवंबर को देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। वे बच्चों के बीच चाचा नेहरू के नाम से लोकप्रिय थे। इससे पहले सन 1964 तक बाल दिवस 20 नवंबर को मनाया जाता था, क्योंकि सन 1954 में संयुक्त राष्ट्र ने 20 नवंबर को बाल दिवस के तौर पर मनाने की घोषणा की थी। लेकिन 1964 में जवाहर लाल नेहरू के निधन के बाद अपने देश में बाल दिवस 14 नवंबर को मनाया जाने लगा। इस दिन बच्चों के लिए स्कूलों में मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। उन्हें तरह-तरह के खेल खिलाए जाते हैं और गिफ्ट भी दिए जाते हैं। *





यूरिनी नाल दक्षिण कोरिया

दक्षिण कोरिया में 5 मई को मनाए जाने वाले बाल दिवस समारोहों में परेड, तमाशा, पार्टियां, पिकनिक और ताइक्वांडो खेल के प्रदर्शन किए जाते हैं। बच्चे पारंपरिक कपड़े पहनते हैं और परिवार के साथ संग्रहालयों, पार्कों में घूमने जाते हैं। कई जगहों पर इस दिन बच्चों के लिए निःशुल्क प्रवेश की सुविधा होती है। बच्चे इस अवसर पर दक्षिण कोरियाई शिल्प बनाते हैं, जैसे कि हाथ में पकड़ने वाला सोगो ड्रम, कमल का लालटेन (सैम ता), गुक पंखा आदि। बच्चे इस दिन तरह-तरह के व्यंजनों का भी लुत्फ उठाते हैं। *



कोडोमो नो हि जापान

जापान में बाल दिवस 5 मई को मनाया जाता है। सन 1948 से मनाए जा रहे इस पर्व को वहां यह राष्ट्रीय अवकाश होता है। यहां 'कोडोमो नो हि' यानी बाल दिवस को दो त्योहारों- टैंगो नो सेक्कु (लड़कों का दिन) और हिनामात्सुरी (लड़कियों का दिन) के रूप में मनाते हैं। कोइनोबोरी नामक रंगीन झंडे इस उत्सव के विशेष प्रतीक होते हैं और घरों के बाहर खंभों पर ये लटकाए जाते हैं। जापानी में, 'कोइ' का मतलब कार्प होता है। यह एक प्रकार की मछली है, जो शक्ति और दृढ़ता का प्रतीक मानी जाती है। नोबोरी का मतलब है, ऊपर उठना। इस दिन काबूतो नामक पारंपरिक समुराई, गोगात्सु-निंग्यो कवच और जापानी तलवार से सुसज्जित जापानी योद्धा गुड़िया को अपने घरों में प्रदर्शित करते हैं। *

प्रेरणा

छोटी उम्र-बड़े कारनामे

बड़े कारनामे करने के लिए बड़ी उम्र का होना जरूरी नहीं है। हम तुम्हें दो ऐसे बच्चों के बारे में बता रहे है, जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में छोटी उम्र में भी बड़े कारनामे कर दिखाए।



साहस-समझदारी की मिसाल साक्षी

दिल्ली में रहने वाली 10वीं की छात्रा साक्षी ऐसी बहादुर लड़की है, जिसने समझदारी और साहस से एक बच्ची की जिंदगी बदल दी। वह नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के इनिशिएटिव सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कंपैशन के तहत दिल्ली और पुणे में संचालित बाल मित्र मंडल की सदस्य रही है।



समझदारी से रोका बाल विवाह: कुछ समय पहले की घटना है। साक्षी के पड़ोस में रहने वाली नेहा पढ़ाई में बहुत अच्छी थी। एक दिन साक्षी को पता चला कि नेहा के माता-पिता उसकी शादी करने वाले हैं। साक्षी जानती थी कि नेहा अभी सिर्फ 16 साल की है। इतनी कम उम्र में शादी करना एक सामाजिक बुराई और कानूनन अपराध है। साक्षी ने अपने कुछ दोस्तों के साथ तुरंत नेहा के घर जाकर उसके माता-पिता को समझाने की कोशिश की। लेकिन उन्होंने उसकी बात नहीं मानी। साक्षी ने हार नहीं मानी। अगले ही दिन वह पुलिस के पास पहुंची। उसके साथ महिला मंडल की सदस्य महिलाएं भी थीं। सभी ने मिलकर पुलिस को विश्वास दिलाया कि नेहा की शादी हो रही है। पुलिस नेहा के घर पहुंची। आखिरकार नेहा के माता-पिता ने सच स्वीकार कर लिया। पुलिस ने तुरंत नेहा का बाल विवाह रुकवा दिया। बच्चो, साक्षी की तरह ही हर बच्चे को अपने अधिकारों के बारे में जानकारी रखनी चाहिए। *

-सरस्वती रमेश



लिटिल एआई एक्सपर्ट रणवीर सिंह सचदेवा

दिल्ली का रहने वाला 8 वर्षीय रणवीर सिंह सचदेवा, कोडर, एआई एक्सपर्ट और राइटर भी है। फरवरी 2026 में नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026' में उसने दुनिया भर के टेक दिग्गजों के बीच सबसे कम उम्र के कीनोट स्पीकर के रूप में सबको चौंका दिया।

बड़े टेक लीडर्स हुए प्रभावित: समिट में रणवीर ने प्राचीन भारतीय दर्शन और सनातन मूल्यों को आधुनिक एआई तकनीक व एथिक्स से जोड़ने पर बेहद प्रभावशाली विचार रखे। इस समिट के दौरान रणवीर ने गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई और ओपन एआई के सीईओ सैम अल्टमैन जैसे दुनिया के सबसे बड़े टेक लीडर्स से मुलाकात की और उनके साथ इन्क्लूसिव एआई से जुड़ा अपना विजन साझा किया। मात्र 6 वर्ष की उम्र में रणवीर ने 'आर यू बॉर्न विद एआई' नाम की पुस्तक लिख दी थी। यह पुस्तक जिम्मेदार एआई और युवा पीढ़ी की भूमिका पर आधारित है।



बना लिया अपना चैटबोट: इतनी सी उम्र में रणवीर के पास गूगल का 'रिस्पॉन्सिबल एआई सर्टिफिकेशन' है। उसने खुद का एक एआई-संचालित चैटबॉट भी विकसित किया है, जो एपीआई के जरिए एप्स के साथ काम कर सकता है। रणवीर केवल 6 वर्ष की आयु में ही टेक्नोलॉजी और इनोवेशन (एआई) पर दुनिया के सबसे कम उम्र का टेड-एक्स स्पीकर बन गया था। उसे अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ द्वारा यूथ एंबेसडर भी नियुक्त किया गया था। *

-अंजू जैन

कविता / डॉ. करुणा पांडेय

बच्चो, काम देश के आओ

बच्चे करते बड़ी शरारत
होती खूब लड़ाई।
उनकी प्यारी हरकत देख
मां मन में मुस्काई।।
होगी अगर शरारत कोई
डांट लगेगी तुमको।
चुन्नी मुन्नी टिन्नी झुमकी
रिंकू पिंकी अब मत रो।।

चलो उठो अब करो पढ़ाई
देखो टीचर आई।
पुस्तक हाथ में आते ही
नींद बच्चों को आई।।
मेहनत करो खूब तुम अब
जग में नाम कमाओ।
हम सबका आशीष बच्चो
काम देश के आओ।।



एआई इमेज

हंसगुल्ले



पापा: दीपू बेटा, आपने माउस देखा है क्या, मिल नहीं रहा है?
दीपू: हां जी मेरे साथ आइए। (रूम के कॉर्नर में छोटा सा होल दिखाते हुए) यहीं कल रात मैंने एक छोटा सा माउस देखा था पापा।
-गौरी, दुर्ग

चिंटू: ऐसा कौन सा सिटी है जहां कोई भी नहीं रहता है?
मिंटू: ऐसा तो कोई सिटी नहीं होगा, तुम ही बताओ।
चिंटू (मुस्कुराते हुए): वह सिटी है- इलेक्ट्रिकसिटी।
-कोकिला, डोंगरगढ़

जीके क्विज-231

1. हाल ही में ऑरेंज ओकलीफ को किस राज्य की राजकीय तितली चुना गया है?
2. संयुक्त अरब अमीरात ने हाल ही में किस भारतीय पायलट को 'जायद II-फर्स्ट क्लास' से सम्मानित किया?
3. हाल में किस ब्रिटिश लेखक को साहित्य का बुकर पुरस्कार देने की घोषणा की गई है?
4. भारत का पहला पूर्णत: जैविक केंद्रशासित प्रदेश कौन-सा है?
5. भारत के किस राज्य में लोकसभा की सर्वाधिक सीटें हैं?
6. कौन-सा विटामिन रक्त का थक्का जमाने में सहायक होता है?
7. बीरबल किस मुगल शासक के नवरत्नों में से एक थे?
8. किस स्वाधीनता सेनानी को 'लोकमान्य' की उपाधि दी गई थी?
9. किस ग्रह को 'रेड प्लैनेट' के नाम से भी जाना जाता है?
10. सफेद सोना (व्हाइट गोल्ड) किस धातु को कहा जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-231 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-230 का उत्तर : 1. हैरी ब्रूक, 2. शिवराज सिंह चौहान, 3. आशुतोष दीक्षित, 4. फुटबॉल, 5. बछेंद्री पाल, 6. रबींद्रनाथ टैगोर, 7. ओडिशा, 8. गुरु नानक देव, 9. 23.5 डिग्री, 10. कार्बन डाइऑक्साइड

जीके क्विज-230 का सही उत्तर देने वाले: कबीर-हिसार, जयलाल-मेल से, प्रिया-बिलासपुर, कुणाल-हिसार, सुमन-महासमुंद, आर्यन-बलौदा बाजार, दित्या-भोपाल, सिमरन-जांजगीर, अंकित-महेंद्रगढ़, प्रियांशु-दुर्ग, उमेश-धमतरी

बच्चो, इंसानियत और साहस की पहचान, मुश्किल वक्त में ही होती है। किसी जरूरतमंद को सहारा देना हो या किसी अनजान की जान बचाने के लिए आगे आना हो, ऐसे नेक काम ही संवेदनशीलता और साहस की मिसाल कायम करते हैं। बाल दिवस के अवसर पर पढ़ो नेकी और साहस की सीख देती ऐसी ही दो प्रेरक कहानियां।

साहस की मिसाल



कहानी-1

रवि प्रकाश

गर्मी का मौसम था। दोपहर की चिलचिलाती धूप में सड़क लगभग सुनसान थी। रिया स्कूल की छुट्टी के बाद कंधे पर बस्ता लटकाए, थके कदमों से घर की ओर लौट रही थी।

अचानक एक मोड़ पर जोरदार आवाज हुई, 'चर्रर्र... धड़ाम!' एक तेज रफ्तार बाइक फिसल गई थी। बाइक सवार सड़क किनारे बिजली के खंभे से टकराकर गिर पड़ा था। रिया के कदम वहीं ठिठक गए और उसका दिल जोर-जोर से धड़कने लगा। देखते-देखते दुर्घटना वाली जगह पर भीड़ जमा हो गई। पर मदद का हाथ बढ़ाने के बजाय कुछ लोग मोबाइल फोन निकालकर वीडियो बनाने लगे।



एआई इमेज

'पुलिस का चक्कर होगा, कौन गवाही देता फिरेगा?' वहां खड़े लोग आपस में बात कर रहे थे।

उसकी हालत देखकर रिया घबराकर सोचने लगी, 'अरे, इसका तो बहुत खून बह रहा है, अगर जल्द ट्रीटमेंट नहीं मिला तो...।'

तभी उसे अपनी शिक्षिका की कही बात याद आई, 'असली बहादुर वह नहीं जो लड़ना जानता है, बल्कि वह है, जो सही समय पर सही फैसला लेना जानता है।'

उनकी बात से प्रेरणा लेकर रिया ने अपनी घबराहट को झटका देकर मन से दूर किया और भीड़ को चीरते हुए आगे बढ़ गई। वह सभी से रिक्वेस्ट करते हुए बोली, 'प्लीज! आप लोग वीडियो बनाना बंद कीजिए। इन्हें जल्द से जल्द अस्पताल ले जाकर ट्रीटमेंट कराना ज्यादा जरूरी है। क्या आप में से कोई मेरी मदद करेगा?' उसकी आवाज में एक ऐसी दृढ़ता थी कि भीड़ में खड़े दो लोग तुरंत आगे आ गए। रिया ने एक ऑटो रुकवाया और खुद उसमें बैठकर घायल व्यक्ति को अस्पताल लेकर चल पड़ी। रास्ते भर वह उस घायल व्यक्ति का हाथ थामे धीरज देती रही, 'आप ठीक हो जाएंगे... बस थोड़ी देर में हॉस्पिटल पहुंच जाएंगे।'

अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने घायल को तुरंत आपातकक्ष (इमरजेंसी वार्ड) में एडमिट कर लिया। कुछ देर बाद जब रिया के पिता और उस व्यक्ति के घर वाले पहुंचे, तो डॉक्टर बाहर आए। उन्होंने रिया के सिर पर हाथ रखा और बोले, 'बेटा, आज तुम्हारी वजह से एक व्यक्ति की जान बच गई। अगर तुम पुलिस और पूछताछ के डर से पीछे हट जातीं, तो आज बहुत देर हो जाती। बेटा, तुमने आज साहस की असली मिसाल पेश की है।' पास में खड़ी घायल व्यक्ति की मां रोते हुए रिया से लिपट गईं।

रिया को एहसास हुआ, केवल अपने देश की सीमा पर दुश्मन देश के सैनिकों से लड़ना ही वीरता नहीं होती। किसी की जान बचाने के लिए खड़े हो जाना भी बड़े साहस का काम हो सकता है। *

मुस्कान का उपहार



कहानी-2

विकास शर्मा

नवंबर की सुहानी धूप में स्कूल का मैदान चमक रहा था। हर साल की तरह इस बार भी बाल दिवस समारोह का आयोजन होने वाला था। इसमें बच्चों को स्कूल की तरफ से नई कॉपियां, रंगीन पेंसिलें और चॉकलेट दी जाने वाली थीं। सभी बच्चे सुबह से ही बहुत चहक रहे थे, लेकिन कक्षा पांच में पढ़ने वाली अनुराधा और उसके बेस्ट फ्रेंड कबीर के दिमाग में आज कुछ और ही बात चल रही थी। असल में, कबीर के घर के ठीक पीछे एक बहुत ही गरीब बुजुर्ग रहते थे, जिन्हें सब 'मंगतराम बाबा' कहकर बुलाते थे। बाबा अकेले ही एक छोटी-सी टूटी-फूटी झोपड़ी में रहते थे। ठंड की आहट अब धीरे-धीरे शुरू हो चुकी थी और बाबा के पास कड़ाके की सर्दी से बचने के लिए ओढ़ने के नाम पर एक पुरानी और फटी हुई चादर के सिवाय कुछ नहीं था। पिछले दो-तीन दिनों से कबीर जब भी बाबा को खांसते हुए देखता, उसका मन बहुत उदास हो जाता था।



एआई इमेज

स्कूल आते वक्त रास्ते में कबीर ने अनुराधा से कहा, 'सुन, अनु! बाल दिवस तो हम हर साल जोर-शोर से मनाते हैं। लेकिन अगर हम एंज्वॉय करें और हमारी नजरों के सामने कोई ठंड से ठिठुरता रहे, तो ऐसे सेलिब्रेशन का क्या मतलब होगा? क्यों न इस बार बाल दिवस पर हम किसी ऐसे इंसान के लिए कुछ करें, जिसे सचमुच हमारी मदद की जरूरत है?'

अनुराधा ने तुरंत हामी भरी और दोनों ने मिलकर प्लानिंग शुरू कर दी। उनके पास ज्यादा पैसे तो नहीं थे, फिर भी उन्होंने पिछले कई महीनों से अपने गुल्लक में बचाकर रखे सिक्के निकाले। इसके बाद उन्होंने स्कूल की आर्ट टीचर से भी मदद मांगी। उन्होंने बच्चों की इस नेकी भरी सोच को देखकर तुरंत हामी भर दी। उन्होंने पुराने कपड़ों और ऊन की कतरनों की मदद से एक बहुत ही प्यारा, सुंदर और गर्म शॉल तैयार किया। बाल दिवस के दिन जब स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम चल रहे थे। कबीर और अनुराधा ने मंगतराम बाबा को भी स्कूल में बुलाया था। वे दर्शक दीर्घा में बैठे थे। सभी बच्चों को एक-एक करके तोहफे बांटे जा रहे थे। तभी अनुराधा और कबीर ने मंच पर जाकर हेडमास्टर सर से अनुमति मांगी। उन्होंने मंगतराम बाबा को पूरे आदर के साथ मंच पर बुलाया। बाबा अपनी लाठी टेकते हुए मंच के पास आ गए। अनुराधा और कबीर ने आगे बढ़कर वह सुंदर ऊनी शॉल बाबा के कंधों पर डाल दी। बाबा की आंखें यह सब देखकर नम हो गईं। सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी। हेडमास्टर सर ने पूरी सभा के सामने दोनों बच्चों की इस संवेदनशील सोच और प्रयास की खूब सराहना की। घर लौटते वक्त अनुराधा, कबीर बहुत खुश थे। उन्होंने एक जरूरतमंद को मुस्कान का उपहार जो दिया था। *

अंतर बताओ

बच्चो, यहां फील्ड में एंज्वॉय कर रहे बच्चों के दो चित्र दिए गए हैं। एक जैसे दिख रहे इन दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। तुम फटाफट इन दोनों चित्रों में छह अंतर ढूंढ़कर बताओ।



उत्तर: 1.किक-स्कूटर चला रही लड़की हंस रही है। 2. उसका एक पैर जमीन से अधिक ऊपर उठा हुआ है। 3.बीच में खड़े लड़के का एक हाथ नीचे है। 4. उसकी टी-शर्ट पर फुटबॉल बना हुआ है। 5.दाईं तरफ वाले लड़के ने कैप पहनी हुई है। 6.उसके बैग में बाटर बॉटल नहीं है।

तुम्हारे लिए नई किताब / नवेंदु

मनोरंजक-शिक्षाप्रद कविताएं



बच्चो, इस बार हम एक ऐसी रचनाकार सृष्टि पांडेय की किताब के बारे में बता रहे हैं, जो जब नौ साल की थीं, तभी कविताएं लिखने लगी थीं।

सृष्टि के पहले कविता संग्रह का नाम था, 'चुनमुन के गीत', जो 2017 में प्रकाशित हुआ था, तब वह 15 वर्ष की थीं। हाल में उनका दूसरा कविता संग्रह 'राजू भैया बड़े खिलैया' आया है। किताब की पहली कविता धमा-चौकड़ी करने वाले राजू भैया के बारे में है, जिन्हें समझाया गया है कि खेल-कूद के साथ पढ़ाई भी जरूरी है। 'छप्पक-छप्पक छैया' कविता में नन्ही छुटकी को अपनी कागज की नाव डूबने की चिंता तो है ही, साथ ही बारिश में अपनी गइया के भीगने की चिंता भी है, जो बच्चों में पशु-पक्षी के प्रति दया के भाव जगाती है। कविता 'फूलों की रानी' में इस बात की जिज्ञासा है कि तितलियां कैसे इतनी रंग-बिरंगी होती हैं? 'आओ छुक-छुक रेल चलाएं', 'खरगोश', 'हाथी की डकार', 'सुनो चंदा मामा' और 'गौरैया' जैसी कविताएं खूब मनोरंजन करती हैं। 'अनोखा जन्मदिवस' कविता तुम्हें नए ढंग से जन्म दिन मनाने का आइडिया देगी।

कविता 'आलसी बिल्ला' सीख देती है कि आलस एक बुरी आदत है। पूरी किताब रंगीन और आकर्षक चित्रों से सजी हुई है। *

किताब : राजू भैया बड़े खिलैया, **रचनाकार :** सृष्टि पांडेय, **मूल्य :** 140 रुपए, **प्रकाशक :** बुनियादी साहित्य प्रकाशन, लखनऊ

न्यूजीलैंड के जैकब्स ने लिस्ट- ए मैच में लगाए 21 छक्के, विश्व रिकॉर्ड बनाने से चूके

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के आक्रामक बल्लेबाज बेवन जैकब्स ने अपने लिस्ट-A करियर में दोहरा शतक लगाने का कारनामा किया। इस समय खेली जा रही फोर्ड ट्रॉफी के मुकाबले में ऑकलैंड का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने ओटागो के खिलाफ नाबाद 202 रन बनाए। यह उनके लिस्ट-ए करियर का पहला ही दोहरा शतक साबित हुआ। उन्होंने अपनी इस अविश्वसनीय पारी में 21 छक्के लगाए।



जोरदार रही जैकब्स की पारी

ऑकलैंड की ओर से खेलते हुए जैकब्स ने 132 गेंदों में नाबाद 202 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 21 छक्के शामिल रहे। ओटागो के खिलाफ नंबर-4 पर बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने दोहरा शतक लगाया। उनकी पारी की मदद से ऑकलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर के बाद 334/8 का स्कोर बनाया। जवाब में ओटागो ने 49.1 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल किया। जैकब्स का दोहरा शतक भी जीत नहीं दिला सका।

दोहरा शतक लगाने वाले चौथे कीवी बल्लेबाज

दाएं हाथ के आक्रामक बल्लेबाज जैकब्स अब लिस्ट-A एक्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाले न्यूजीलैंड के सिर्फ चौथे बल्लेबाज बने हैं।उनसे पहले जेमी हाऊ, मार्टिन गुप्टिल, और चैड बोव्स ऐसा कर चुके थे। इनमें से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दोहरा शतक सिर्फ गुप्टिल (बनाम वेस्टइंडीज, 2015) ने लगाया हुआ था। वहीं, हाऊ ने सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स की ओर से और बोव्स ने कैंटरबरी का प्रतिनिधित्व करते हुए ऐसा किया है।

टी-20 सीरीज में खेलते हुए दिखे थे जैकब्स

जैकब्स हाल ही में भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ टी-20 सीरीज में खेलते हुए नजर आए थे। उन्होंने सीरीज में क्रमशः 31, 58, 39*, 7 और 1 रन के स्कोर किए थे। न्यूजीलैंड की ओर से उन्होंने 16 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 31.90 की औसत और 144.34 की स्ट्राइक रेट के साथ 319 रन बनाए हैं। उन्होंने कोई वनडे अंतरराष्ट्रीय नहीं खेला है। अपने लिस्ट-ए करियर में उन्होंने 29 पारियों में 870 रन बनाए हुए हैं।

छक्कों का विश्व रिकॉर्ड बनाने से चूके

जैकब्स अब लिस्ट-ए क्रिकेट की एक पारी में दूसरे सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने। बता दें कि यह विश्व रिकॉर्ड डार्सी शॉर्ट के नाम पर दर्ज है, जिन्होंने 2018 में क्वींसलैंड के खिलाफ 23 छक्के लगाए थे। इन दोनों के अलावा किसी अन्य बल्लेबाज ने एक पारी में 20 छक्के नहीं लगाए हैं। इस सूची में तीसरे सर्वाधिक छक्के वाले खिलाड़ी नामीबिया के गेरी स्नाइमैन (17 छक्के बनाम यूएई, 2007) और इयोन मॉर्गन (17 छक्के बनाम अफगानिस्तान, 2019) हैं।

खबर संक्षेप



फिट हुए पंत, न्यूजीलैंड के लिए भरेंगे उड़ान

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम और कप्तान शुभमन गिल के लिए राहत की खबर है। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से फिटनेस क्लीयरेंस मिल गया है। वह जल्द ही न्यूजीलैंड के लिए रवाना होंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पंत ने 10 और 11 नवंबर को फिटनेस और सिमुलेशन (अभ्यास आधारित परीक्षण) से जुड़े 2 परीक्षण दिए थे। इसके बाद गुरुवार 12 नवंबर को उन्हें सीओई से खेलने की मंजूरी मिल गई है। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज का आगाज 19 नवंबर से होगा। पहला मुकाबला वेलिंगटन में खेला जाएगा। वहीं, सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच क्राइस्टचर्च में 27 नवंबर से शुरू होगा।

ओम, रथिका, सान्या सिंगापुर क्लासिक के दूसरे दौर में



नई दिल्ली। भारतीय खिलाड़ी ओम सेमवाल, रथिका सीलन और सान्या वत्स ने अलग-अलग अंदाज में जीत दर्ज करते हुए सिंगापुर क्लासिक स्क्वाश टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। भारत के एक अन्य खिलाड़ी संदेश पलानीवेल रविकुमार हालांकि इस 15,000 अमेरिकी डॉलर के पीएसए चैलेंजर प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में हार गए। पुरुष वर्ग में विश्व के 149वें नंबर के खिलाड़ी सेमवाल ने 2-1 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सिंगापुर के आरोन लियांग को 15-13, 6-11, 13-15, 11-9, 11-8 से हराया। महिला वर्ग में रथिका ने सिंगापुर की जयना लिम को 11-7, 12-10, 11-9 से जबकि सान्या ने मिस्र की क्लारा ड्वेरी को 10-12, 11-6, 11-8, 11-5 से हराया।

आज से आईबीएसएफ विश्व स्नूकर चैंपियनशिप



इंदौर। मध्यप्रदेश के इंदौर में आज 13 से 21 नवंबर तक खेली जाने वाली आईबीएसएफ विश्व स्नूकर चैंपियनशिप में 32 देशों के पुरुष और महिला खिलाड़ी खिताब के लिए मुकाबला करेंगे और प्रतियोगिता में कुल 40,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि दांव पर होगी। भारतीय बिलियर्ड्स एवं स्नूकर महासंघ के महासचिव सुनील बजाज ने संवाददाताओं को बताया कि प्रतियोगिता में मेजबान भारत के साथ ही अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, चीन, इंग्लैंड, फ्रांस, जर्मनी, पाकिस्तान, अमेरिका, दक्षिण कोरिया और सऊदी अरब समेत 32 देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया,''भारत में इस चैंपियनशिप का आयोजन तीसरी बार हो रहा है। इससे पहले, 1964 में कोलकाता और 2014 में बेंगलुरु में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।

भारत-न्यूजीलैंड के बीच चौथा एक दिवसीय मैच आज

वनडे कप्तानी में डेब्यू पर छाप छोड़ना चाहेंगे श्रेयस, भारत की निगाह श्रृंखला जीतने पर

एजेंसी ▶▶| माउंट मोनगानुई

नियमित कप्तान शुभमन गिल की अनुपस्थिति में कमान संभालने वाले श्रेयस अय्यर न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इस प्रारूप में कप्तानी के अपने पदार्पण पर विशेष छाप छोड़ना चाहेंगे जिसमें भारतीय टीम की निगाह श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने पर होगी।

भारत पांच मैचों की श्रृंखला में अभी 2-0 से आगे है और टीम में कुछ बदलाव के बावजूद वह जीत का प्रबल दावेदार है। तीसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ जाने के बाद अब न्यूजीलैंड के पास केवल श्रृंखला बराबर करने का मौका है और वह इसके लिए अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेगा। अब सीरीज का चौथा मैच 13 नवंबर को बे ओवल स्टेडियम में खेला जाएगा।



इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर रहेगी नजरें

न्यूजीलैंड के लिए यंग ने पिछले 10 मैचों में 212 रन बनाए हैं। वहीं, केली के बल्ले से पिछले 4 मैचों में 52.25 की औसत से 209 रन निकले हैं। भारत के लिए रोहित ने पिछले 10 मैचों में 55.78 की औसत से 502 रन बनाए हैं। वहीं, कोहली के बल्ले से पिछले 9 मैच में 393 रन निकले हैं। डफी ने पिछले 7 मैचों में 11 विकेट चटकाए हैं। बरार ने पिछले 9 मैच में 15 विकेट लिए हैं।

विराट और राहुल का अच्छा प्रदर्शन

भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने यहां पर इकलौती पारी में 112 रन बनाए हैं। विराट कोहली ने इस मैदान पर 3 पारियों में 37.33 की औसत से 112 रन बनाए हैं। युजवेंद्र चहल ने इस मैदान पर 3 पारियों में 21.42 की औसत से 7 विकेट लिए थे। कुलदीप यादव ने यहां पर 2 वनडे में 21.00 की औसत से 4 विकेट चटकाए हैं।

संभावित एकादश

भारत : रोहित शर्मा, रुतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, ईशान किशन, श्रेयस अय्यर (कप्तान), नमन धीर, अक्षर पटेल, आकिब नबी, गुरनूर बरार, मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह।

न्यूजीलैंड : टिम साइफर्ट, विल यंग, फिन एलन, निक केली, माइकल ब्रेसवेल, मिचेल सैंटनर (कप्तान), डीन फॉक्सक्रॉफ्ट, काइल जैमीसन, जैकब डफी, मैट हेनरी और बेट रैंडेल।

टेस्ट सीरीज के लिए टीम से हटे गिल

बता दें कि गिल 19 नवंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला की तैयारी के लिए टीम से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह अय्यर भारत की कप्तानी करेंगे जो पहले दो मैच में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। शॉर्ट पिच गेंदों के सामने उनकी कमजोरी खुलकर उजागर हो गई हैं। केएल राहुल और अंशुल कंबोज भी टेस्ट श्रृंखला की तैयारी के लिए टेस्ट टीम से जुड़ गए हैं।

भारत ने बे ओवल में जीते हैं 2 वनडे मैच

भारत ने बे ओवल में अब तक 3 वनडे खेले हैं, जिसमें 2 में जीत दर्ज की है और एक में हार झेली है। बे ओवल में न्यूजीलैंड ने कुल 12 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें से 7 में जीत हासिल की है और 5 में शिकस्त का सामना किया है। इस मैदान पर दोनों टीमें 2020 में आखिरी बार आपस में भिड़ी थी, जिसे न्यूजीलैंड ने 5 विकेट से जीता था।

ऐसी है बे ओवल की पिच रिपोर्ट

बे ओवल की पिच में गेंदबाजी की तुलना में बल्लेबाजी करना आसान माना जाता है। नई गेंद से तेज गेंदबाजों को कुछ मदद मिलती है, लेकिन पिच में एक समान उछाल के चलते ज्यादातर बल्लेबाज हावी रहते हैं। यहां पर स्पिन गेंदबाजों के लिए कुछ खास मदद नहीं है। हाउस्टेट के मुताबिक, इस मैदान पर पहली पारी का औसत स्कोर 268 रन है। यहां पर दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने वाली टीमों ने 7 बार जीत दर्ज की है।

सबालेंका को हराकर मीरा सेमीफाइनल में



एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स

मीरा एंड्रीवा ने अपने ग्रुप मैच में एरिना सबालेंका को सीधे सेटों में हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट की सेमीफाइनल में जगह सुरक्षित की। तीसरी वरीयता प्राप्त एंड्रीवा ने सबालेंका को 6-4, 6-0 से हराया। वह पहले सेट में सबालेंका से 1-4 से पिछड़ रहीं थीं, लेकिन इसके बाद उन्होंने अगले 23 में से 20 अंक जीतकर 62 मिनट में जीत हासिल की और इस तरह से ग्रुप दो में शीर्ष स्थान हासिल किया। एंड्रीवा ने राउंड रोबिन आधार पर होने वाले ग्रुप मैचों में अपने दोनों मैच जीते हैं।

शीर्ष आठ महिला खिलाड़ियों के बीच स्पर्धा

इस ग्रुप से सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी खिलाड़ी का निर्धारण सबालेंका और एलिना स्वितोलिना के बीच होने वाले मैच से होगा। सबालेंका ने अपने पहले मैच में कैरोलिना मुचोवा को सीधे सेटों में हराया था। शीर्ष आठ महिला खिलाड़ियों के बीच खेली जा रही इस प्रतियोगिता में स्वितोलिना को अपने पहले मैच में एंड्रीवा से 6-4, 6-0 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन दूसरे मैच में उन्होंने पहला सेट गंवाने के बाद मुचोवा को 3-6, 6-2, 6-2 से हराकर शानदार वापसी की।

बैडमिंटन

श्रीकांत और लक्ष्य कुमामोतो मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी ▶▶| कुमामोतो (जापान)

भारत के किदांबी श्रीकांत और लक्ष्य सेन ने बृहस्पतिवार को यहां कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अलग-अलग अंदाज में जीत हासिल करके पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। श्रीकांत ने जापान के पांचवीं वरीयता प्राप्त और विश्व में आठवें नंबर के खिलाड़ी कोदाई नाराओका को 21-15, 11-21, 21-18 से हराकर उलटफेर किया। अब उनका मुकाबला जापान के एक अन्य खिलाड़ी और विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज कोकी वातानाबे से होगा।

लक्ष्य ने चीन के डोंग को हराया

जर्मनी में हाइलो ओपन जीतने वाले आठवीं वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने चीन के डोंग तियान याओ को 21-8, 21-14 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। अब उनका मुकाबला जापान के युशी तनाका से होगा। विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज लक्ष्य वर्तमान में बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर रैंकिंग में 10वें स्थान पर हैं और चीन में होने वाले सत्र के आखिरी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के लिए उन्हें शीर्ष आठ में जगह बनानी होगी।

फिलीपिंस ओपन गोल्फ में चार भारतीय संयुक्त 38वें स्थान पर

मनीला। भारत के चार खिलाड़ियों ने फिलीपीन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में बृहस्पतिवार को एक ओवर 71 का कार्ड खेला और वे संयुक्त रूप से 38वें स्थान पर हैं। इन खिलाड़ियों में पुखराज सिंह गिल, अमन राज, शौर्य भट्टाचार्य और अनुभवी अनिर्बान गिल ने पांच बर्डी लगाईं, लेकिन दो बोगी और दो डबल बोगी के कारण उनका स्कोर एक ओवर रहा। लाहिड़ी ने दो बर्डी और तीन बोगी लगाईं। अमन राज के खाते में तीन बर्डी और चार बोगी रहीं जबकि शौर्य भट्टाचार्य ने एक बर्डी और दो बोगी के साथ अपना दौर पूरा किया। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में राशिद खान और अजीतेश संधू ने तीन ओवर 73 का कार्ड खेला और वे संयुक्त 69वें स्थान पर हैं जबकि एसएसपी चौरसिया का दिन निराशाजनक रहा। उन्होंने छह ओवर 76 का कार्ड खेला और संयुक्त 107वें स्थान पर रहे। न्यूजीलैंड के निक वोक पांच अंडर 65 के कार्ड के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं।

विवान ने ट्रैप स्पर्धा में जीता रजत, ओलंपिक कोटा हासिल किया

दोहा। जयपुर के विवान कपूर बृहस्पतिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व चैंपियनशिप में पुरुष ट्रैप स्पर्धा में शीर्ष स्थान हासिल करने से बेहद करीब से चूक गए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इस उपलब्धि से उन्होंने हालांकि 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए भारत का एक कोटा भी पक्का कर दिया। उनसे पहले पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में जयपाल मालवीय और पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन में कांस्य पदक जीतने वाले नीरज कुमार भारत के लिए ओलंपिक कोटा हासिल कर चुके हैं।

शूट ऑफ में एक निशाना चूका : हालांकि शूट-ऑफ में विवान एक क्ले बर्ड पर निशाना लगाने से चूक गए और कुवैत के अब्दुलरहमान अलफैहान ने स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। निर्धारित मुकाबले में दोनों निशानेबाजों ने 30 में से 29 अंक हासिल किए थे जिसके बाद विजेता का फैसला शूट-ऑफ से हुआ। इस रजत पदक के साथ विवान अत्यंत प्रतिस्पर्धी पुरुष ट्रैप स्पर्धा में विश्व चैंपियनशिप पदक जीतने वाले चौथे भारतीय बन गए।

रायचंदानी के 93 रन से भारत फाइनल में

अंडर-19 एशिया कप खिताब के लिए भारत-पाक में भिड़ंत कल

एजेंसी ▶▶| अल अमेरात (ओमान)

कप्तान लक्ष्य रायचंदानी की 93 रन की शानदार पारी के दम पर भारत ने बृहस्पतिवार को यहां अंडर-19 एशिया कप के सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर फाइनल में जगह बना ली।

खिताबी मुकाबले में भारतीय टीम का सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से शनिवार 14 नवंबर को होगा। तेज गेंदबाज ईशान सूद की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने अफगानिस्तान को निर्धारित ओवरों में आठ विकेट पर 227 रन के स्कोर पर रोक दिया। भारत ने 36.5 ओवर में दो विकेट पर 230 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। इससे पहले पाकिस्तान ने दूसरे सेमीफाइनल में बांग्लादेश को नौ विकेट से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। पाकिस्तान ने लीग चरण में भी भारत को शिकस्त दी थी।



रायचंदानी, सहवाग व विनीत ने ठोकी फिफ्टी

कप्तान रायचंदानी ने 90 गेंद की पारी में 13 चौके और एक छक्का जड़ा। उन्हें आर्यवीर सहवाग (51) और छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाने वाले वीके विनीत (नाबाद 57) का अच्छा साथ मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए रायचंदानी ने अफगानिस्तान के मोहम्मद अली की गेंद पर जोरदार पुल शॉट लगाकर 49 रन तक पहुंचे लक्ष्य ने अपनी पारी की 39वीं गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने सहवाग के साथ पहले विकेट के लिए 103 गेंद में 117 और विनीत के साथ दूसरे विकेट के लिए 90 गेंद में 77 रन की साझेदारी कर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी।

ग्रैंडमास्टर प्रज्ञाननंदा और एरिगैसी ने फास्ट क्लासिकल में ड्रॉ के साथ शुरू किया अभियान

एजेंसी ▶▶| बुडापेस्ट

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा और अर्जुन एरिगैसी ने यहां टोटल शतरंज विश्व चैंपियनशिप टूर पायलट की 'फास्ट क्लासिकल' प्रतियोगिता में दो-दो ड्रॉ के साथ अपने अभियान की शुरुआत की।

प्रज्ञाननंदा को ग्रुप बी में जर्मनी के विन्सेंट कीमर ने दो बार बराबरी पर रोका, जबकि एरिगैसी ने ग्रुप डी में अमेरिकी खिलाड़ी हैंस नीमन के खिलाफ दोनों बाजियां ड्रॉ खेली। इस तरह से दोनों भारतीय खिलाड़ियों के अब दो-दो अंक हैं।





आर वैशाली की शुरूआत अच्छी नहीं रही

इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली तीसरी भारतीय खिलाड़ी आर वैशाली की शुरुआत अच्छी नहीं रही। वह अपने पहले मैच में फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव से हार गई जबकि दूसरा मैच उन्होंने ड्रॉ कराया। महिला विश्व चैंपियनशिप की चैलेंजर 25 वर्षीय वैशाली ग्रुप डी में अंतिम स्थान पर हैं। इस ग्रुप में वाचियर-लाग्रेव सबसे आगे हैं। एरिगैसी अपने ग्रुप में नीमन, वेस्ली सो और बिबिसारा असाउबायेवा के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

ग्रुप बी में फैबियानो व लिएम शीर्ष पर

ग्रुप बी में फैबियानो कारुआना और लिएम ले चार-चार अंकों के साथ शीर्ष पर हैं, जबकि प्रज्ञाननंदा और कीमर दो दो अंक लेकर बराबरी पर हैं। ग्रुप ए में अलीरेजा फिरोजजा और जान-क्रिस्टोफ़ डुडा में चार-चार अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। इयान नेपोम्नियात्ची ने ग्रुप सी में चार अंकों के साथ एकल बढ़त हासिल कर ली है।

कार्लसन को ड्रा से करना पड़ा संतोष

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी के खिलाफ दो ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। दोनों खिलाड़ी ग्रुप सी में दो-दो अंकों के साथ तीसरे स्थान हैं। फास्ट क्लासिकल प्रारूप में प्रत्येक खिलाड़ी को 45 मिनट का समय मिलता है। पहली चाल से प्रत्येक चाल पर 30 सेकंड का अतिरिक्त समय जुड़ता जाता है।



नौरादेही विस्थापन पर 376 पेज की जनहित याचिका दायर

12 गांवों के हजारों ग्रामीणों का भविष्य दांव पर हाई कोर्ट ने राज्य शासन को जारी किया नोटिस

जबलपुर। नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य और रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व से जुड़े विस्थापन विवाद में अब 12 गांवों के किसानों, आदिवासियों और भूमिहीन परिवारों की लड़ाई हाईकोर्ट पहुंच गई है। नौरादेही विस्थापन संघर्ष समिति की ओर से 376 पृष्ठों की जनहित याचिका दायर कर टाइगर रिजर्व की अधिसूचना, ग्रामसभा की सहमति, वन अधिकारों के निराकरण और प्रभावित परिवारों की कृषि भूमि से जुड़े गंभीर सवाल उठाए गए हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि प्रस्तावित व्यवस्था से हजारों ग्रामीणों की आजीविका और भविष्य प्रभावित हो सकता है। मामले की प्रारंभिक सुनवाई के बाद चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने राज्य शासन को नोटिस जारी किया। उप महाधिवक्ता विवेक शर्मा ने शासन की ओर से नोटिस स्वीकार किया। कोर्ट ने पूर्व में प्रदान की गई अंतरिम राहत अगली सुनवाई तक जारी रखने का आदेश देते हुए प्रकरण चार सप्ताह बाद सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए।



इस विवाद में पहले छह रिट याचिकाएं दायर की गई थीं। 18 अगस्त 2026 को तत्कालीन एसीजे विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की डिवीजन बेंच ने याचिकाकर्ताओं को ग्रामों के नाम, खसरा नंबर और मानचित्र सहित ठोस विवरण प्रस्तुत करते हुए समेकित जनहित याचिका दायर करने की स्वतंत्रता दी थी। इसी क्रम में नई जनहित याचिका प्रस्तुत की गई है। याचिका में 20 सितंबर 2023 की टाइगर रिजर्व अधिसूचना को चुनौती देते हुए आरोप लगाया गया है कि प्रभावित गांवों को शामिल करने से पहले अनिवार्य ग्रामसभा सहमति, जनसुनवाई और प्रभावित किसानों की सूचित सहमति की प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। वन अधिकार अधिनियम के तहत सैकड़ों दावे लंबित होने का हवाला देते हुए कहा गया है कि अधिकारों का निराकरण किए बिना विस्थापन की कार्रवाई उचित नहीं है। याचिका में कृषि विज्ञान केंद्र दमोह की मृदा परीक्षण रिपोर्ट का भी उल्लेख है। इसके अनुसार संबंधित 12 गांवों में 3597 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित और तीन फसलें देने वाली बताई गई है। समिति का दावा है कि इससे हजारों परिवारों की आजीविका सीधे जुड़ी है। याचिकाकर्ताओं ने आदिवासी किसानों की कृषि भूमि पर वन विभाग की कार्रवाई, ट्रैक्टर जब्ती और भूमिहीन परिवारों को खेती से रोकने के आरोप भी उठाए हैं। उनका कहना है कि पूर्व में हाईकोर्ट से यथास्थिति के आदेश के बावजूद ऐसी कार्रवाई हुई। इससे रबी की बोवनी और परिवारों की आजीविका पर संकट खड़ा हो गया है। समिति ने मांग की है कि मामले का अंतिम निराकरण होने तक प्रभावित ग्रामीणों के विरुद्ध बेदखली अथवा खेती रोकने जैसी कार्रवाई नहीं की जाए।

हाईकोर्ट ने राज्य प्रशासन से कहा कानून के तहत करें निराकरण

सिवनी की 45 अवैध कालोनियों पर तीन माह में कार्रवाई के निर्देश

जबलपुर। सिवनी जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में चिह्नित 45 अवैध कालोनियों के मामले में सात साल से अधिक समय बीतने के बावजूद कार्रवाई न होने पर हाई कोर्ट ने राज्य प्रशासन को तीन माह में प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। चीफ जस्टिस अल्पेश यशवंत कोगजे व जस्टिस विवेक जैन की डिवीजन बेंच ने यह आदेश पारित किया। प्रकरण के अनुसार,मार्च 2018 में सिवनी के ग्रामीण क्षेत्रों की 45 अवैध कालोनियों की सूची सार्वजनिक की गई थी। तत्कालीन एसडीओ राजस्व हर्ष सिंह ने संबंधित कॉलोनाइजर और भूमि स्वामियों से 23 अप्रैल 2018 तक आपत्तियां आमंत्रित की थीं। इसके बावजूद नियमानुसार कार्रवाई नहीं हुई। सिवनी निवासी राजेन्द्र गुप्ता ने प्रयासों के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर जनहित याचिका दायर की।

शासन ने 28 जून 2024 को जवाब में बताया था कि समय के साथ कालोनियां नियमित कर दी गई हैं। तर्क दिया गया कि नियमों के तहत दांडिक कार्रवाई और कालोनियों का प्रबंधन सक्षम प्राधिकारी द्वारा ग्रहण किए जाने का प्रावधान है । इसी परिप्रेक्ष्य में कोर्ट ने कानून के अनुरूप कार्रवाई कर तीन माह में मामलों का निराकरण करने का निर्देश दिया है।



चाकू की नोक पर नाबालिग से लूटी एक्सिस डैशबोर्ड से आईफोन भी ले गए बदमाश

जबलपुर। रांझी थाना क्षेत्र में बेखौफ बदमाशों ने चाकू की नोक पर एक नाबालिग छात्र से स्कूटी और आईफोन लूट लिया। वारदात को तीन अज्ञात बदमाशों ने अंजाम दिया। घटना के बाद आरोपी दो अलग-अलग वाहनों से फरार हो गए। पुलिस ने लूट का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। रांझी पुलिस के अनुसार अंबेडकर चौक, इंद्रानगर निवासी 16 वर्षीय प्रियांशु मेहतो कक्षा 11वीं का छात्र है। 11 नवंबर की शाम करीब 7:10 बजे वह अपने दोस्त आयुष बाल्मीक के साथ अपनी बुआ नीते मेहतो की नई एक्सिस स्कूटी से वीएफजे बाजार से घर लौट रहा था। इसी दौरान वीएफजे सरकारी चक्की चौराहे के पास तीन अज्ञात युवक मोटरसाइकिल से पहुंचे और अपनी गाड़ी सामने लगाकर उन्हें रोक लिया। बताया जाता है कि तीनों में से एक बदमाश ने चाकू निकालकर छात्र को धमकाया, जबकि दूसरे ने स्कूटी के सामने लगे डैशबोर्ड से एप्पल कंपनी का आईफोन निकाल लिया। इसके बाद बदमाश जबरन एक्सिस स्कूटी भी छीनकर ले गए। एक आरोपी स्कूटी लेकर स्कूल की तरफ भाग निकला, जबकि उसके दो साथी मोटरसाइकिल से मड़ई की ओर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने रांझी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 309(4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। पुलिस बदमाशों की पहचान और उनकी तलाश में जुटी है।

सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

जबलपुर। थाना खमरिया क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल हुए 41 वर्षीय भारत सिंह उईके की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस को मार्बल सिटी अस्पताल से सूचना मिली कि ग्राम बिचुआ पड़रिया निवासी भारत सिंह को सड़क दुर्घटना में चोट लगने के बाद उनके भाई मान सिंह ने अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर पंचनामा कार्रवाई की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी है।

अधिवक्ताओं के कल्याण और सुविधाओं के विस्तार पर हुई चर्चा

राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा से मिले हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारी

जबलपुर। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने वरिष्ठ अधिवक्ता राज्यसभा सदस्य विवेक कृष्ण तन्खा से उनके निवास पर सौजन्य भेंट कर अधिवक्ताओं के कल्याण और न्यायालय परिसर में सुविधाओं के विस्तार पर चर्चा की। इस दौरान महिला अधिवक्ताओं के लिए बेहतर बार रूम और आवश्यक आधारभूत सुविधाएं विकसित करने का विषय प्रमुखता से उठा। बार एसोसिएशन ने विकास कार्यों के लिए आर्थिक सहयोग का अनुरोध किया, जिस पर तन्खा ने हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। भेंट के दौरान बार एसोसिएशन अध्यक्ष मृगेंद्र सिंह, सचिव असीम त्रिवेदी सहित पदाधिकारियों ने अधिवक्ताओं के हितों से जुड़े विभिन्न विषय रखे। चर्चा में न्यायालय परिसर के बुनियादी ढांचे को आधुनिक और सुविधाजनक बनाने पर भी विचार हुआ। विशेष रूप से महिला अधिवक्ताओं के लिए बेहतर बार रूम की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस अवसर पर तन्खा मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से जरूरतमंद अधिवक्ताओं की चिकित्सा सहायता के लिए 25-25 हजार रुपये के दो चेक प्रदान किए गए। विवेक तन्खा ने अधिवक्ता समुदाय को अपना परिवार बताते हुए कहा कि वकीलों के हितों के लिए पार्टीगत सीमाओं से ऊपर उठकर काम करना उनकी प्राथमिकता है। बार एसोसिएशन की ओर से तन्खा को पौधा और कश्मीरी शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। सचिव असीम त्रिवेदी ने कहा कि पौधे की हरी पत्तियां सुखद भविष्य की संभावना और कश्मीरी शॉल की गरमाहट सम्मान व अपनत्व का प्रतीक है। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्वास पलिया, उपाध्यक्ष सत्येंद्र ज्योतिषी, महिला उपाध्यक्ष अनुराधा तिवारी चौबे, सह सचिव रुपेश पटेल, कोषाध्यक्ष सुशीला पालीवाल, लाइब्रेरी सचिव अजय शुक्ला, कार्यकारिणी सदस्य विभा पाठक, शांति तिवारी मौजूद रहे।

नगर पालिका अध्यक्ष मंजू राय को हाईकोर्ट से राहत नहीं

कारण बताओ नोटिस के खिलाफ याचिका खारिज

जबलपुर। दमोह नगर पालिका अध्यक्ष मंजू राय को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली है। उनके खिलाफ जारी कारण बताओ नोटिस को चुनौती देते हुए दायर याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने स्पष्ट किया कि शिकायत की प्रारंभिक जांच के दौरान संबंधित व्यक्ति को सुनवाई का अवसर देना अनिवार्य नहीं है। कारण बताओ नोटिस का जवाब देकर याचिकाकर्ता अपना पक्ष रख सकती हैं। राय की ओर से दायर याचिका में बताया गया कि स्थानीय विधायक ने संपत्ति की लीज के नवीनीकरण के लिए आवेदन किया था। इस आवेदन पर कार्रवाई पूरी नहीं होने पर विधायक ने संबंधित विभाग के मंत्री से शिकायत की। इसके बाद नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव ने मामले की जांच के लिए समिति गठित की। समिति ने जांच में कुछ अनियमितताएं पाए जाने पर रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसके आधार पर 22 अक्टूबर को नगर पालिका अध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। याचिकाकर्ता की ओर से तर्क दिया गया कि जांच के दौरान उन्हें सुनवाई का अवसर दिए बिना ही नोटिस जारी कर दिया गया, जो उचित नहीं है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि प्रारंभिक जांच के स्तर पर संबंधित व्यक्ति को नोटिस देना अथवा सुनवाई का अवसर प्रदान करना अनिवार्य नहीं है। केवल कारण बताओ नोटिस जारी होने के आधार पर याचिका स्वीकार नहीं की जा सकती।

अनुदान प्राप्त संस्थानों के कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु भी 62 वर्ष

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की अपील खारिज की, दो कर्मचारियों को 90 दिन में देना होंगे दो साल के बकाया वेतन सहित वित्तीय लाभ

जबलपुर। सरकारी सहायता प्राप्त संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु को लेकर हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब सहायता प्राप्त संस्थानों के कर्मचारियों का वेतन सरकारी राजकोष से दिया जाता है, तो उनकी सेवानिवृत्ति आयु के मामले में भी सरकारी कर्मचारियों के समान सिद्धांत लागू होना चाहिए।

जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल बेंच ने रीवा के दो कर्मचारियों की याचिकाएं स्वीकार करते हुए राज्य सरकार की अपील खारिज कर दी। कोर्ट ने दोनों कर्मचारियों को 60 के बजाय 62 वर्ष की आयु तक सेवा में मानते हुए बकाया वेतन और अन्य वित्तीय लाभों का भुगतान 90 दिनों के भीतर करने के निर्देश दिए हैं।

मामला रीवा स्थित नेत्रहीन एवं विकलांग महाविद्यालय समिति, तोपखाना, बिछिया में कार्यरत अशोक कुमार त्रिवेदी और ददोली प्रसाद मिश्रा से संबंधित है। दोनों को 31 दिसंबर 2018 को 60 वर्ष की आयु पूरी होने पर सेवानिवृत्त कर दिया गया था। उन्होंने इस कार्रवाई को हाई कोर्ट में चुनौती देते हुए 62 वर्ष की सेवानिवृत्ति आयु का लाभ देने की मांग की थी। वहीं, राज्य सरकार ने सामाजिक न्याय एवं विकलांग सेवा बोर्ड के 20 अप्रैल 2018 के आदेश का हवाला देते हुए 62 वर्ष की सेवानिवृत्ति आयु का लाभ देने का विरोध किया था। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कर्मचारियों की सेवा शर्तों और वेतन भुगतान की व्यवस्था पर विचार किया। अदालत ने कहा कि जब सहायता प्राप्त संस्थानों के कर्मचारियों का वेतन सरकारी राजकोष से दिया जाता है, तो उनकी सेवानिवृत्ति आयु के निर्धारण में भी सरकारी कर्मचारियों के समान सिद्धांत लागू होना चाहिए। केवल संस्थान के सीधे सरकारी विभाग नहीं होने के आधार पर कर्मचारियों को इस लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार की अपील खारिज करते हुए दोनों कर्मचारियों को 62 वर्ष की आयु तक सेवा में मानने का आदेश दिया। इसके अनुसार उन्हें दो वर्ष की अवधि का बकाया वेतन और अन्य नियमानुसार देय वित्तीय लाभ मिलेंगे। अदालत ने भुगतान की प्रक्रिया 90 दिनों के भीतर पूरी करने के निर्देश दिए हैं।

यात्रियों को मिल रहा पर्व जैसा माहौल

छठ के पारंपरिक गीतों से रेल मंडल के स्टेशनों का वातावरण भक्तिमय

जबलपुर। छठ महापर्व की आस्था, भक्ति और लोक संस्कृति की झलक अब जबलपुर रेल मंडल के रेलवे स्टेशनों पर भी देखने को मिल रही है। पर्व के अवसर पर यात्रियों को सुखद एवं आत्मीय वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंडल के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर छठ पूजा के पारंपरिक लोकगीतों का प्रसारण किया जा रहा है। जबलपुर, मदन महल, पिपरिया, नरसिंहपुर, कटनी, सतना, मैहर, सागर, दमोह, रीवा एवं ब्यौहारी सहित मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर उद्घोषणा प्रणाली के माध्यम से छठी मैया के पारंपरिक गीत सुनाए जा रहे हैं। 'केलवा के पात पर उगेलन सुरुजदेव', 'काँच ही बाँस के बहंगिया' जैसे लोकप्रिय गीतों से स्टेशन परिसर में भक्तिमय वातावरण बन रहा है।छठ महापर्व के अवसर पर अपने गृह नगर एवं परिवार के पास पहुंचने के लिए रेल यात्रा कर रहे बिहार एवं पूर्वांचल के यात्रियों के लिए यह पहल विशेष आकर्षण का केंद्र बन रही है। स्टेशनों पर गूंजते पारंपरिक गीत यात्रियों को अपनी मिट्टी, संस्कृति और पारिवारिक परंपराओं की याद दिला रहे हैं। इससे रेल यात्रा के दौरान भी उन्हें पर्व के उत्सव और उल्लास का अनुभव हो रहा है।

बीमा कंपनियां योग्य वकील नियुक्त करें, जिन्हें जिरह करना आता हो

हाईकोर्ट ने बेबुनियाद अपील पर जताई नाराजगी, मृतक की पत्नी को मिलेगा बढ़ा मुआवजा,

जबलपुर। मोटर दुर्घटना दावा मामलों में बीमा कंपनियों की पैरवी और अधिवक्ताओं की कार्यशैली पर मप्र हाईकोर्ट ने गंभीर टिप्पणी की है। जस्टिस विवेक अग्रवाल की सिंगल बेंच ने कहा कि बीमा कंपनियों को ऐसे योग्य अधिवक्ता नियुक्त करने चाहिए, जिन्हें अदालत में प्रभावी पैरवी करने और गवाहों से जिरह करने का कौशल हो। बिना ठोस आधार के अपील दायर कर न्यायालय का समय व्यर्थ करना उचित नहीं है। मामला वर्ष 2014 में सड़क दुर्घटना में मस्तान सिंह की मृत्यु से संबंधित है। मृतक के परिजनों ने मुआवजे के लिए भोपाल के अतिरिक्त मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में याचिका दायर की थी। अधिकरण ने 25 नवंबर 2021 को 10.23 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया था। इस आदेश को चुनौती देते हुए ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी ने हाई कोर्ट में अपील दायर की। बीमा कंपनी का तर्क था कि कोमल बाई मृतक की कानूनी पत्नी नहीं हैं, इसलिए उन्हें मुआवजे का लाभ नहीं मिलना चाहिए। कंपनी ने इस दलील के समर्थन में मृतक के भाई ग्यासिंह की गवाही का हवाला दिया। हाई कोर्ट ने अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्यों का परीक्षण किया। इसमें मृतक के बेटे विवेक के शैक्षणिक दस्तावेज महत्वपूर्ण साबित हुए। इनमें पिता के नाम के स्थान पर मस्तान सिंह और माता के नाम के स्थान पर कोमल बाई दर्ज थीं। अदालत ने यह भी पाया कि बीमा कंपनी के जांचकर्ता राजेंद्र कुमार डांगी ने कोमल बाई से उनके वैवाहिक संबंधों की पुष्टि के लिए कोई दस्तावेज नहीं मांगा था। ऐसे में केवल एक गवाह की गवाही के आधार पर उन्हें पत्नी मानने से इनकार करने की दलील स्वीकार नहीं की जा सकती।सुनवाई के दौरान जस्टिस विवेक अग्रवाल ने बीमा कंपनियों की कानूनी पैरवी के तौर-तरीकों पर नाराजगी जताई। अदालत ने कहा कि बीमा कंपनियां अपने अधिवक्ताओं को समुचित प्रशिक्षण नहीं देतीं और ऐसे वकीलों को नियुक्त करती हैं, जो प्रभावी ढंग से पैरवी और गवाहों से जिरह करने में सक्षम नहीं होते। इसके बावजूद बिना ठोस आधार के अपील दायर कर दी जाती हैं। बीमा कंपनियों को योग्य अधिवक्ता नियुक्त करने चाहिए, ताकि न्यायालय को प्रभावी कानूनी सहायता मिल सके। कोर्ट ने ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी की अपील निरस्त कर दी। वहीं, मृतक के परिजनों की अपील स्वीकार करते हुए मुआवजे की राशि 10.23 लाख रुपये से बढ़ाकर 10.56 लाख रुपये कर दी।

पुरानी रंजिश पर युवक के घर में सुअरमार बम पटके

जबलपुर। हनुमानताल थाना अतंर्गत बड़ी मदार टेकरी सिंधी कैंप में पुरानी रंजिश पर एक बदमाश ने एक युवक के घर के सामने दो सुअरमार बम पटककर भाग गए। जिसमें से एक बम फूट गया वहीं दूसरा बम नहीं फूट पाया। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार बड़ी मदार टेकरी सिंधी कैंप निवासी 37 वर्षीय मजदूर संजय चौधरी के घर गत देर रात लगभग 2 बजे मोहल्ले का उदय चौधरी पुरानी रंजिश पर उसके घर के बाहर दो सुअरमार बम पटककर भाग गया। जिसमें से एक बम फूट गया, जिसके अवशेष घर के बाहर पड़े हुए है। वहीं दूसरा बम नहीं फटा। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 3, 5 विस्फोटक अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेद्वी RNI No.: MPHIN/2008/24240